e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 12, अंक 29

**सुविचार**
जो व्यक्ति अपनी सोच नहीं बदल सकता, वह वास्तव में कुछ नहीं बदल सकता!

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
30.01.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय में त्रैमासिक शारदा दीवार पत्रिका के नए अंक का विमोचन

**जम्मू :** जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. संजीव जैन ने बुधवार को हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक दीवार पत्रिका शारदा के अक्टूबर दिसंबर 2024 अंक का विमोचन किया।विमोचन के बाद प्रो. जैन ने समाज में जागरूकता बढ़ाने और बौद्धिक चेतना को बढ़ावा देने में पत्रिकाओं और जर्नलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जहां मीडिया घरानों ने लोगों को वैश्विक स्तर पर जोड़ा है वहीं साहित्यिक पत्रिकाओं ने एक नई सांस्कृतिक क्रांति को जन्म दिया है। उन्होंने शारदा में प्रकाशित रचनाओं के योगदानकर्ताओं को अपनी शुभकामनाएं दीं और पत्रिका के संपादकों, शोधार्थी अंशु कुमारी और इंद्रदेवी को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी।

### मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जल विद्युत परियोजनाओं में निवेश के लिए जापान को किया आमंत्रित

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने जापान दौरे के दूसरे दिन बुधवार को जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जिका) के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शोहई हारा से मुलाकात कर मध्य प्रदेश में हाइड्रो प्रोजेक्ट में निवेश करने के लिये आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि राज्य में जल संसाधनों की प्रचुरता और विकसित बुनियादी ढांचे के कारण जापानी कंपनियां यहां निवेश कर सकती हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी का सहयोग हम मध्य प्रदेश ग्रामीण जलापूर्ति परियोजना के लिये कर सकते हैं, जो जल उपचार संयंत्रों और संबंधित सुविधाओं का निर्माण करके राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों में स्थिर और सुरक्षित जल आपूर्ति प्रदान करने में सक्षम हो सकेंगे।

### प्रशासन ने आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील पर 18 करोड़ का जुर्माना लगाया

**सूरत :** सूरत के हजीरा में आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील कंपनी पर जिला प्रशासन ने 80 हजार वर्ग मीटर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने को लेकर 18 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। वहीं करीब 52 हजार वर्ग मीटर सरकारी जमीन से कंपनी के अतिक्रमण को भी हटाया गया है। जानकारी के अनुसार एएमएनएस की हजीरा में बड़ा स्टील उत्पादन कंपनी है। कंपनी पर आरोप था कि उसने वर्षो से सरकार की हजारों एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है। चौर्यासी के तहसीलदार नीरव पारितोषी के अनुसार डेढ़ माह पूर्व जिले में कलेक्टर के आदेश से सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई की जा रही है। चौर्यासी क्षेत्र में 18 शिकायतें मिली थीं। इसमें 10 केस एएमएनएस के विरुद्ध थी। जांच में इन केसों के साक्ष्य मिले, जिसके बाद कार्रवाई की गई।

### महाकुम्भ में दुर्घटना के बाद श्रद्धालुओं की सेवा व सहायता में जुटे एबीवीपी के कार्यकर्ता

**महाकुम्भनगर :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ 2025 में प्रारंभ से विभिन्न आयामों के माध्यम से सेवा कार्य कार्य कर रहे हैं। मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुम्भ मेला क्षेत्र में घटित दुःखद घटना के पश्चात् विद्यार्थी परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता श्रद्धालुओं की सेवा एवं सहायता देर रात्रि से कर रहे हैं। मेला क्षेत्र में मेडिवीजन, जिज्ञासा एवं फार्माविजन के माध्यम घटना के तुरंत बाद से श्रद्धालुओं को चिकित्सकीय उपचार एवं दवाई उपलब्ध कराई जा रही है एवं उनके दावा प्राथमिक उपचार की भी व्यवस्था कर रहे हैं।



## रांची का तापमान


अधिकतम 24°
न्युनतम 13°

---

महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान के दौरान मची भगदड़

# 30 श्रद्धालुओं की मौत

**सीएम योगी ने न्यायिक जांच के दिए आदेश, मृतक के परिजनों को मिलेगा 25 लाख रुपया**



एजेंसी

**प्रयागराज :** प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान के लिए पहुंची भीड़ में भगदड़ मच गई. घटना में कई श्रद्धालुओं की मौत हो गई.महाकुंभ मेला क्षेत्र के डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि महाकुंभ में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत हुई है। 90 लोगों को अस्पताल लगाया गया। जिसमें से 30 लोगों ने दम तोड़ दिया, इनमें से 25 लोगों की शिनाख्त हो गई है। जिसमें कर्नाटक के चार, गुजरात के एक श्रद्धालु की मौत हुई है। 60 लोग घायल हैं। बैरिकेड्स टूटने की वजह से भगदड़ हुई। घायलों को स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना संगम तट पर मंगलवार-बुधवार की रात 1.30 बजे के आसपास की है. दरअसल, दूसरे शाही स्नान के लिए काफी संख्या में लोग संगम नोज पर मौजूद थे. इस दौरान अफवाह के चलते भगदड़ मच गई. महिला-पुरुष समेत तमाम लोग जमीन पर गिर गए. इसके बाद लोग उन्हें कुचलते हुए आगे बढ़ गए. इससे हालात बिगड़ गए.सीएम योगी ने भारी भीड़ को हादसे का कारण बताया। उन्होंने कहा कि 25 लाख रुपये मृतकों के परिजनों को दिए जाएंगे। प्रशासन पूरी तरह से चौकस था।सीएम योगी ने न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं।मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि अफवाह के कारण भगदड़ मची.वहीं पीएम मोदी ने कई बार सीएम योगी से बात की. ताजा हालात की जानकारी ली.अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने कहा,जो घटना हुई उससे हम बहुत दुखी हैं. हमारे साथ हजारों श्रद्धालु थे।

#### पीएम मोदी लेते रहे पल-पल की खबर

प्रधानमंत्री मोदी ने चार बार श्रद्धालुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी श्रद्धालुओं के बारे में जानकारी ली। प्रयागराज में हालात वर्तमान में नियंत्रण में हैं। पीएम ने कहा कि भीड़ का दबाव बहुत बना हुआ है। संतों के साथ भी मेरी बात हुई है, उन्होंने बड़ी विनम्रता से कहा है कि पहले श्रद्धालु स्नान करके निकल जाएंगे उसके बाद ही हम स्नान के लिए संगम की तरफ करेंगे। सभी अखाड़े इसके लिए सहमत हैं। लोगों से अपील है कि अफवाह पर ध्यान न दें।संयम से काम लें। ये आयोजन लोगों का है। प्रशासन उनकी सेवा के लिए लगा है।

#### संगम नोज पर पहुंचने को लेकर मची भगदड़

शुरुआती जानकारी में यह बात सामने आई है कि यहीं पहुंचने को लेकर भगदड़ मची। भारी संख्या में लोग संगम नोज पहुंच रहे थे, भीड़ का दबाव अधिक था। इसी वजह से स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। देखते ही देखते भगदड़ मच गई, प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य चलाया। साथ ही कई रास्तों को खोल दिया। भीड़ को डायवर्ट भी किया गया। इसके बाद स्थिति नियंत्रण में आई। बता दें कि जगह के आकार के कारण संगम नोज नाम पड़ा। स्नान के लिए संगम नोज को सबसे अहम जगह माना जाता है। अधितर साधु-संत यहीं पर स्नान करते हैं। श्रद्धालु भी इसी स्थान पर स्नान को सबसे अधिक महत्व देते हैं।

#### भगदड़ में पलामू के एक महिला की मौत

**मेदिनीनगर :** प्रयागराज में कुंभ में हुई भगदड़ में पलामू की एक महिला की मौत हो गई है. मृतक महिला की पहचान गायत्री देवी के रूप में हुई है जो पलामू के नावा बाजार थाना क्षेत्र के राजहरा गांव की रहने वाली थी. मृतक महिला गायत्री देवी का बेटा कुंभ की सुरक्षा में तैनात है.गायत्री देवी अपने पति के साथ 27 जनवरी को कुंभ स्नान के लिए पलामू से रवाना हुई थीं. मंगलवार की देर रात प्रयागराज में हुई भगदड़ में गायत्री देवी की भी मौत हो गई है. गायत्री देवी का शव लेकर उनके परिजन पलामू के लिए रवाना हो गए हैं।



#### राष्ट्रपति मुर्मू ने हादसे पर दुख जताया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा, प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ की घटना अत्यंत दुखद है। मैं हताहत हुए श्रद्धालुओं के परिवारजनों के प्रति शोक-संवेदना व्यक्त करती हूं और ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि घायल हुए सभी श्रद्धालु शीघ्र ही स्वस्थ हों।

---

राज्य के अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी को सम्मान-सह-भूखंड आवंटन पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# खिलाड़ियों से किया गया वादा किया पूरा : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हॉकी में राज्य एवं देश का नाम रोशन करने वाली ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी सुश्री सलीमा टेटे और सुश्री निक्की प्रधान को रांची के हरमू स्थित आवासीय कॉलोनी में 3750 वर्ग फीट भूखंड आवंटन का कागजात सौंपा। राज्य सरकार ने आज आधिकारिक तौर पर झारखंड की दो बेहतरीन महिला हॉकी खिलाड़ी सुश्री सलीमा टेटे एवं सुश्री निक्की प्रधान के खेल उपलब्धियों को मान्यता देते हुए राजधानी रांची में उनका अपना घर होने के सपने को आखिरकार पूरा कर दिया है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के कर कमलों से इन दोनों स्टार हॉकी खिलाड़ियों को हरमू आवासीय कॉलोनी के प्लॉट नंबर - 10 (बी) तथा 10 (ए) में 3750-3750 वर्ग फीट भूखंड आवंटन की हस्तगत प्रतियां आवास निर्माण के लिए उन्हें प्रदान की गई।इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज उत्साह का दिन है। राज्य की दो होनहार हॉकी खिलाड़ी बेटियों का सम्मानित किया जा रहा है।

हमारी बेटियों ने अपने हुनर और काबिलियत से सिर्फ राज्य का ही नही बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सुश्री सलीमा टेटे एवं सुश्री निक्की प्रधान को रांची में भूखंड देने का निर्णय हमारी सरकार का ही था। आज ये वादा हम पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भूखंड देने के साथ-साथ यह भी घोषणा किया कि इन दोनों खिलाड़ियों को अपना आशियाना बनाने के लिए राज्य सरकार खेल नीति के तहत 35-35 लाख रुपए उपलब्ध कराएगी।

#### ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को मिला सम्मान



#### जमीन के साथ अपना घर बनाने के लिए राज्य सरकार देगी 35 लाख रुपए

#### राज्य सरकार ने बेहतर खेल नीति बनाई : हेमंत सोरेन

**देश और दुनिया में हमारी बेटियों ने अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाया**

**राज्य की पहचान सिर्फ खनिज संपदा से नहीं बल्कि बेहतरीन खिलाड़ियों से भी है:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि यह बात सही है कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य विभिन्न चुनौतियों से गुजरा, लेकिन अब इस राज्य को हमारी सरकार एक बेहतर दिशा की ओर आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले झारखंड सिर्फ खनिज संपदाओं के लिए ही पहचाना जाता था, लेकिन हमारा मानना है कि हमारी पहचान सिर्फ खनिज संपदाएं नहीं बल्कि एक बेहतर मानव संसाधन एवं स्टार खिलाड़ियों के रूप में भी हो, यही कारण हमारी सरकार ने यहां के युवाओं और खिलाड़ियों को एक बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए कई महत्वपूर्ण नीतियों का निर्धारण किया है।

**सलीमा टेटे एवं निक्की प्रधान ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार:** इस अवसर पर सलीमा टेटे एवं निक्की प्रधान ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। सलीमा टेटे ने कहा कि आज बहुत अच्छा लग रहा है। मुख्यमंत्री ने जो वादा किया था आज उन्होंने पूरा किया। सलीमा टेटे ने कहा कोई भी काम दिल से करने पर मंजिल एक दिन जरूर मिलती है। हाल के दिनों में रांची में महिला हॉकी इंडिया लीग का सफल आयोजन हुआ था। मुख्यमंत्री भी मैच देखने के लिए पधारे थे और काफी खुश थे।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री श्री सुदिव्य कुमार, विधायक श्री राजेश कच्छप, विधायक श्री भूषण बाड़ा, मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री सुनील कुमार, पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव श्री मनोज कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

## झारखंड कैबिनेट की बैठक में 6 प्रस्तावों को मिली मंजूरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में छह प्रस्ताव पारित किए गए। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और तत्कालीन विशेष विनियमन पदाधिकारी रांची मतियस विजय टोप्पो को सेवा से बर्खास्त करने की मंजूरी दी गई है। उनके खिलाफ आरोप है कि उन्होंने छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट की धारा 71 ए का उल्लंघन करते हुए 1969 के पहले की भूमि को बिना जांचे नियमित किया। 30 वर्ष के टाइम बांड के नियम का भी उन्होंने उल्लंघन किया।बैठक के बाद अपर सचिव राजीव रंजन ने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय के तहत दायर वाद संख्या डब्लूपीएस नंबर 777/2023, राज कुमार राम बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य तथा उक्त से उद्भूत अवमानना वाद संख्या 190/2024 राज कुमार राम बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य के क्रम में राज कुमार राम, सेवानिवृत पदचर की सेवा नियमित एवं सम्पुष्ट किये जाने एवं अनुमान्य वित्तीय लाभ दिए जाने की स्वीकृति दी गई। उन्होंने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय में दायर वाद डब्लूपीएस नंबर 7081/2023 विजय कुमार ठाकुर बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य के आलोक में विजय कुमार ठाकुर, सेवानिवृत्त को वरीय अनुदेशक (तदर्थ रूप से नियुक्त), हस्तशिल्प संसाधन-सह-विकास केन्द्र, जमशेदपुर की सेवा नियमित करते हुए पेंशनादि लाभों की मंजूरी दी गई। इसी प्रकार निर्माण कार्य श्रेणी की गुड्स एंड सर्विस टैक्स दर में वृद्धि के परिप्रेक्ष्य में नगर विकास एवं आवास विभाग के तहत कार्य संविदाओं में भुगतान-अंतर राशि देयता के लिए प्रक्रिया निर्धारण की स्वीकृति दी गई।

## मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चाईबासा :** झारखंड के चाईबासा जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई. जिसमें दो नक्सली को मार गिराया है. पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार चाईबासा के सोनुवा थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ में दो नक्सली को मार गिराया गया है. इसमें से एक की पहचान जोनल कमांडर संजय गंझू के रूप में हुई है. वहीं, दूसरा मारी गई महिला नक्सली एक करोड़ के इनामी अनल दा की महिला मित्र बताई जा रही है. इलाके में सर्च अभियान जारी है. बुधवार की सुबह चाईबासा के सोनुवा थाना क्षेत्र के बिलाटी टोला के पास स्थित जंगल में झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ और जैगुआर के जवानों की टीम जंगल में सर्च ऑपरेशन के लिए निकली थी. इसी दौरान उनका नक्सलियों के साथ आमना-सामना हो गया. पुलिस को देखकर नक्सलियों ने फायरिंग कर दी. जिसके बाद सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी फायरिंग शुरू की. सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली मौके से जंगल का फायदा उठाकर भागने लगे. सर्च अभियान के दौरान अभी तक दो नक्सलियों का शव बरामद किया गया है, जिसमें एक महिला और एक पुरुष शामिल है.

## आपदा वालों की लुटिया यमुना में डूबेगी : पीएम मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली में आगामी 5 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर जमकर बयानबाजी हो रही है। हाल ही में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि हरियाणा में भाजपा के लोग पानी में जहर मिला रहे हैं और इसे दिल्ली भेज रहे हैं। केजरीवाल के इस बयान का काफी विरोध देखने को मिला था। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अरविंद केजरीवाल पर इस मुद्दे को लेकर बड़ा हमला किया है।दिल्ली के उस्मानपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा-दिल्ली के एक एक्स सीएम ने हरियाणा के लोगों पर आरोप लगा दिए। हार के डर से आपदा वाले घबरा गए। क्या हरियाणा के लोग अपने ही परिवार के लोगों के पानी में जहर मिला सकते हैं। मोदी और देश के सभी न्यायाधीश और दुनियाभर के एम्बेसी के लोग भी वही पानी पीते हैं। क्या कोई सोच सकता है कि मोदी के पानी में हरियाणा वाले जहर मिला सकते हैं ? पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा, गलती माफ करना देशवासियों का उदार चरित्र हैं। लेकिन जानबूझकर कोई गलती करे तो देश उसे माफ नहीं करता है। हरियाणा के लोग देशभक्त और धर्म परायण है। ये सिर्फ हरियाणा का नहीं देश का अपमान है, संस्कृति का अपमान है। ऐसी ओछी बातें करने वालों को दिल्ली सबक सिखाएगी। इन आपदा वालों की लुटिया यमुना में ही डूबेगी।

## केंद्रीय कैबिनेट ने 16300 करोड़ रुपये के खनिज मिशन को दी मंजूरी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रीमंडल ने 16,300 करोड़ रुपये के खनिज मिशन को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इसका एलान किया। इसके साथ ही कैबिनेट ने सी श्रेणी के भारी गुड़ से उत्पादित इथेनॉल की एक्स-मिल कीमत 56.28 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 57.97 रुपये प्रति लीटर करने को मंजूरी दे दी है। सरकार की ओर से निर्धारित इथेनॉल की कीमतें 2022-23 इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (नवंबर-अक्तूबर) के बाद से नहीं बढ़ाई गई हैं। गन्ने के रस, बी-हैवी गुड़ और सी-हैवी गुड़ से उत्पादित इथेनॉल की वर्तमान दरें क्रमशः 65.61 रुपये, 60.73 रुपये और 56.28 रुपये प्रति लीटर हैं। इस बीच, चीनी और इथेनॉल से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी दिखी है। ईआईडी-पैरी, श्री रेणुका शुगर्स, बलरामपुर चीनी मिल्स और त्रिवेणी इंजीनियरिंग के शेयरों में दोपहर 1:10 बजे तक बीएसई सेंसेक्स पर 3.7 प्रतिशत, 4.5प्रतिशत, 2.5प्रतिशत और 2.3प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। सेंसेक्स 0.62प्रतिशत की बढ़त दिखी।

## तीन तलाक देने वाले कितने पुरुषों पर दर्ज हुई प्राथमिकी, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगे आंकड़े

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह मुस्लिम महिलाओं (विवाह में अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 का उल्लंघन करके अपनी पत्नियों को तत्काल तीन तलाक (तलाक-ए-बिद्दत) देने वाले पुरुषों के विरुद्ध दर्ज एफआईआर एवं आरोप-पत्रों (चार्जशीट) के आंकड़े प्रस्तुत करे। अदालत ने कहा कि अब सभी राज्यों में एफआईआर केंद्रीयकृत हैं, हमें सिर्फ उसकी एक सूची दे दीजिए, जिसमें ग्रामीण इलाकों के आंकड़े भी शामिल हों। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ विभिन्न मुस्लिम व्यक्तियों एवं संगठनों की ओर से दायर करीब 12 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

इसमें 2019 के अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। इस अधिनियम के तहत तत्काल तीन तलाक को अपराध बनाया गया है। पीठ ने कहा कि पक्षकार भी अपने दावों के समर्थन में लिखित दलीलें दाखिल करेंगे, जो तीन पृष्ठों से अधिक की नहीं होंगी।



## महाकुंभ की भगदड़ में एक महिला की मौत, बहन घायल

# मृतका अपने पति, बेटे सहित दर्जन भर रिश्तेदारों के साथ संगम स्नान के लिये गयी थी प्रयागराज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**विश्रामपुर (पलामू) :** प्रयागराज महाकुंभ में मंगलवार की रात मची भगदड़ में रेहला के एक महिला की मौत हो गयी है. वहीं इस घटना में उसके कुछ परिजन भी घायल हो गये हैं. जिसमें उसकी बहन की हालत गंभीर बतायी जा रही है. मिली जानकारी के अनुसार सेवानिवृत सैन्यकर्मी अमरीश पांडेय अपनी पत्नी गायत्री देवी व बड़े बेटे सहित दर्जन भर रिश्तेदारों के साथ सोमवार को प्रयागराज महाकुंभ में गये थे.सभी मंगलवार को दोपहर महाकुंभ मेला में पहुंच भी गये थे.मौनी अमावस्या को प्रातः स्नान स्नान करने के लिये सभी वहीं रुक गये.रात्रि नौ बजे संगम तट किनारे सभी लोग चादर बिछाकर सो गये.इसी बीच रात्रि लगभग दो बजे ब्राइकेटिंग टूट जाने के बाद भगदड़ मच गयी.तट पर सोये लोग अनियंत्रित भीड़ की चपेट में आ गये. इसी घटना में गायत्री देवी (60) की मौत हो गयी.जबकि उनकी बड़ी बहन तेतरी देवी (62) गंभीर रूप से घायल हो गयी. इसके अलावा मृतिका के भाई राम कृपाल तिवारी व जीजा कयास दुबे भी घायल हैं. कयास दुबे गढ़वा जिला के झुरा गांव के रहने वाले हैं.यहां बताते चलें कि मृतिका का मायका तोलरा गांव में है.जबकि उसका ससुराल नावा बाजार थाना क्षेत्र के राजहरा गांव में है.मृतिका के पति अमरीश पांडेय सेना से सेवानिवृत होने के बाद रेहला में घर बनाये थे,जिसमे दोनों पति पत्नी लगभग दस वर्षों से रह रहे थे.मृतिका के भतीजा पुष्कर पांडेय ने बताया कि चाची का शव लेकर परिजन वापस आ रहे हैं.गुरुवार को पैतृक गांव राजहरा में कोयल नदी तट पर दाह संस्कार किया जायेगा. उन्होंने यह भी बताया कि मृतिका का छोटा बेटा प्रयागराज के आर्मी कैंप में ही पदस्थापित है. इधर घटना के बाद से क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

# सरस्वती पूजा को लेकर हुआ शांति समिति का बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**पिपरा, पलामू :** पिपरा थाना के प्रांगण में दिन बुधवार को सरस्वती पूजा को लेकर अंचलाधिकारी जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक किया गया. बैठक में उपस्थित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ग्राम के लोगों ने अपने-अपने विचारों को पदाधिकारीयों के साथ साझा किया. सीओ जितेंद्र कुमार ने कहा कि आपसी भाईचारा एवं शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार को मनाएंगे. वहीं प्रभारी थाना प्रभारी एसआई नकुल शर्मा ने कहा कि सभी पूजा कमेटी के सदस्य इस बात पर विशेष ध्यान देंगे की समय से प्रतिमा का विसर्जन हो. किसी भी तरह के अप्रिय घटना एवं अफवाहों की सूचना तुरंत प्रशासन को देंगे. सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की पैनी नजर है. शांतिपूर्ण एवं सौहार्द तरीके से सभी लोग पूजा पाठ करेंगे. बैठक में एसआई मनोज राणा एएसआई तसदुक अंसारी मुखदेव चौधरी मुंशी रविकांत राय के साथ स्थानीय लोगों में विष्णुदेव गुप्ता अनिल प्रजापति अनीश सोनी मनीष सोनी सहित अन्य पूजा पंडाल कमेटी के दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

## भाजपा नेता के बोलेरो में लगी आग



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर उंटारी थाना क्षेत्र के जतपुरा गांव निवासी व भाजपा नेता शैलेन्द्र शुक्ला के घर के बाहर खड़ी बोलेरो गाड़ी में रहस्यमय परिस्थितियों में आग लग गई, जिससे वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना सोमवार रात की है, जब शुक्ला परिवार प्रयागराज में कुंभ स्नान के लिए गया हुआ था।मंगलवार सुबह जब ग्रामीणों ने गाड़ी से धुआं उठता देखा तो हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक गाड़ी जलकर नष्ट हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की।साजिश की आशंका, भाजपा नेताओं ने की कार्रवाई की मांग किया है। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता शैलेन्द्र शुक्ला समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों ने असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाए जाने की आशंका जताई है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह घटना सुनियोजित साजिश हो सकती है और प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए। हालांकि, अब तक आग लगने के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। इस घटना के बाद जतपुरा गांव समेत आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठने लगी है। भाजपा नेताओं ने प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने की अपील किया है। फिलहाल, पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और जल्द ही घटना के पीछे की सच्चाई सामने आने की उम्मीद है।

# धान बेचने के 15 दिन बाद भी किसानों को नही हो रहा भुगतान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि किसानों के लिए महत्वाकांक्षी योजना धान अधिप्राप्ति कार्य पलामू में 15 दिसंबर 2024 से प्रारंभ किया गया है ।पलामू के पंजीकृत किसान से दो लाख क्विंटल धान खरीदने का झारखंड सरकार से लक्ष्य दिया है ।पलामू जिला में कुल 41 धान अधिप्राप्ति केंद्र के द्वारा किसानों से धान खरीदा जा रहा है। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है मिलर के द्वारा धान उठाव की प्रक्रिया बिल्कुल धीमी है ।सबसे बड़ी समस्या यह की खरीदारी के डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी प्रखंड हुसैनाबाद, हरिहरगंज, पिपरा के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति केंद्र को मिल नहीं टैग किया गया है। बहुत अधिप्राप्ति केंद्र को गोदाम की क्षमता नहीं बढ़ने के कारण अधिप्राप्ति कार्य बंद है। किसान को खरीदारी के 48घंटा पश्चात आधा पैसा देने का प्रावधान है जबकि 15 दिन के बाद भी भुगतान नहीं हुआ है और आधा पैसा और बोनस की राशि मिलर द्वारा धान उठाव के बाद मिलने का प्रावधान है ।उपरोक्त सभी समस्या के चलते पैक्स अध्यक्ष एवं किसान दोनों परेशान हैं । पैक्स अध्यक्ष इसलिए परेशान हैं कि किसान से खरीदा धान सुख रहा है और चूहा के द्वारा धान और बोरा बर्बाद किया जा रहा है ।किसान इसलिए परेशान हैं कि जो धान बेच दिए है उनका पैसा नहीं मिल रहा है और जो किसान अभी तक अपना धान बेचे है उनका खरीद नहीं हो पा रहा है।इस सभी समस्या को व्यापार मंडल अध्यक्ष के द्वारा जिला स्तर ,जिला सहकारिता पदाधिकारी ,जिला आपूर्ति पदाधिकारी ,उप विकास आयुक्त ,एवं उपायुक्त महोदय को भी अवगत करा दिया गया है फिर समाधान नहीं हो पा रहा है ।उन्होंने कृषि मंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री से उपरोक्त समस्या के समाधान की मांग की है।

# लालगढ़ मध्य विद्यालय में सामूहिक भोज का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर प्रखंड के पीएम श्री लालगढ़ मध्य विद्यालय में विशेष भोज का आयोजन किया गया. जिसमें शिक्षक, अभिभावक व छात्रों ने सामूहिक रूप से भोजन किया.इस विशेष भोज का आयोजन वरीय शिक्षक हरिशंकर मिश्र द्वारा किया गया था.यहां बताते चलें कि श्री मिश्रा फरवरी माह में सेवानिवृत हो रहे हैं.मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि शिक्षक हरीशंकर मिश्र ने शिक्षकों के साथ समन्वय को लेकर जो आदर्श स्थापित किया है, वह काबिले-तारीफ है. शिक्षक द्वारा अपनी सेवानिवृति से पूर्व अपने सहयोगियों के प्रति ऐसा सम्मान और स्नेह अनुकरणीय है.हरीशंकर मिश्र ने कहा कि यह आयोजन अपने सहयोगियों के प्रति उनका एक अनुराग है. अपने लोगों के लिए सद्भावना अभिव्यक्ति का इससे और बेहतर कोई तरीका नहीं हो सकता. कार्यक्रम के दौरान सहयोगी शिक्षकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व व वर्तमान अध्यक्ष, रसोईया, मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, बीपीओ मणिकांत पांडेय, बीपीएम सतीश तिवारी, बीआरपी मनोज पाठक व बीआरसी किशोर दुबे सहित कई लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया. मौके पर डीडीओ विनय तिवारी, बीआरपी अखिलेश दुबे, उपमुखिया बिट्टू ओझा, प्रधानाध्यापक बिनोद कुमार पांडेय, विनय ओझा, प्रतिमा कुमारी, मंजू देवी, श्रीकांत ओझा, इंद्रजीत कुमार, पप्पू चौधरी, डबल सिंह, देवेंद्र चौधरी, अशोक चौधरी, मंजीत कुमार सहित कई पंचायत प्रतिनिधि, प्रखंड संसाधन केंद्र व संकुल के कर्मी मौजूद थे।

## 24 घंटे के अंदर खाली करें व्यापार मंडल भवन, नहीं तो होगी कार्रवाई



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरिहरगंज सिनेमा रोड स्थित व्यापार मंडल का निरीक्षण बुधवार को प्रशिक्षु आइएएस सह छतरपुर एसडीओ आशीष गंगवार ने किया। विदित हो कि हरिहरगंज व्यापार मंडल का गोदाम, स्टोर व अध्यक्ष कार्यालय का वर्षो से विमलेश यादव द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया है । जिसकी शिकायत मिलने पर प्रशिक्षु आइएएस आशीष गंगवार ने हरिहरगंज बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, अंचलाधिकारी मनीष कुमार सिन्हा व कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार के साथ व्यापार मंडल पहुंचकर विमलेश कुमार यादव को 24 घंटे के अंदर उक्त भवन को खाली करने एवं व्यापार मंडल परिसर में लगाए गए गुमटी व वहां रखे ह्यूम पाइप खाली करने का सख्त निर्देश दिया गया है । उन्होंने निर्धारित समय पर भवन नही खाली करने व परिसर से गुमटी व ह्यूम पाइप नहीं हटाने पर पर नियम संगत कार्रवाई करने का बीडीओ व सीओ को निर्देश दिया है। मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष कपेश्वर सिंह, ढाब पैक्स अध्यक्ष मनोज सिंह उर्फ चंचल सिंह, शंकर सिंह आदि मौजूद थे।

## झारखण्ड राज्य सीनियर महिला कब्बडी प्रतियोगिता शुरु

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** से ज़्यादा खिलाड़ियों को टैग करने के लिए विरोधी टीम के हाफ़ में प्रवेश करता है। उस खिलाड़ी करने वाले को टैग करके अपने पाले में जाने से रोकने का कार्य सामने वाले विरोधी बचाव दल के लोग करते हैं। बचाव दल यदि विरोधी खिलाड़ी को तीस सेकंड पूरे होने से पहले पकड़ लेता है तो वह खेल से बाहर हो जाता है और यदि वह खिलाड़ी किसी बचाव दल खिलाड़ी को छूकर अपने पाले में चला जाता है तो वह जिसे छूता है वे खेल से बाहर हो जाते हैं। नारियल तोड़ कर खेल का उद्घाटन किया ।गाँव की खेल कबड्डी पूरे तन और मन को स्वस्थ रखने का अजूबा खेल है । इस खेल में बहुत संभावना है । 2036 के ओलंपिक में भी इस खेल को शामिल किया गया है । पलामू में इस खेल का आयोजन होने से कबड्डी जैसे खेल को बढ़ावा मिलेगा।अरुणा शंकर - कबड्डी एक पारंपरिक भारतीय खेल है। इसकी जड़ें भारतीय संस्कृति और इतिहास में गहराई से जुड़ी हुई हैं। कबड्डी शारीरिक तंदुरुस्ती को बढ़ावा देता है। इस खेल में दौड़ना, छापा और बचाव करना आदि कलाएं शामिल होती हैं।कबड्डी खेलने के लिए रणनीतिक सोच और तेजी से निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। यह खेल मानसिक और शारीरिक एकाग्रता को भी विकसित करता है। कबड्डी में मानव शरीर को ध्यान केंद्रित रखने, दबाव में शांत रहने और दृढ़ निश्चयी होने की ज़रूरत होती है।कबड्डी खेल मिट्टी की खेल है जिसने संसाधन की कोई आवश्यकता नहीं है।वर्तमान समय में यह खेल विलुप्त हो रहा है जिसकी ख्याति वापस करने का आच्छ प्रयास है।पलामू में कबड्डी की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता और बेटियों के लिए होना बड़ी बात है।इन्होंने आयोजन समिति को बहुत बहुत साधुवाद दिया है।पंडित प्रदीप नारायण - पूरे टीम के भरपूर प्रयास से मैच का आयोजन हो पाना संभव हो सका है। सभी पदाधिकारियों और प्रसाशन का पूरा सहयोग मिल रहा है। कबड्डी विलुप्त हो रहा खेल है।

# सेवानिवृत्त शाखा डाकपाल के निधन पर जपला मुख्य डाकघर में शोक सभा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**हुसैनाबाद, पलामू :** जपला मुख्य डाकघर अन्तर्गत बराही शाखा डाकघर से सेवानिवृत्त शाखा डाकपाल महाबीर शर्मा 74 वर्ष के निधन पर जपला मुख्य डाकघर में एक शोक सभा का आयोजन कर डाककर्मियों एवं अभिकर्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त किया। मौके पर अरविन्द ओझा ने कहा कि श्री शर्मा डाकघर में 65 वर्ष तक लगातार सेवा देते हुये 2019 में सेवानिवृत्त हुये थे। इधर कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रभारी उप डाकपाल श्याम कुमार, जपला सी एफ के उप डाकपाल सुधीर कुमार सिंह, मोहम्मदगंज के उप डाकपाल रत्नेश सिंह, हैदरनगर के उप डाकपाल विनोद चौधरी, पप्पू कुमार, अभिषेक प्रभाकर, धीरेंद्र कुमार, कुलदीप प्रसाद,निर्मल कुमार, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, श्रवण्कुमार, डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा रंजीत सिंह, संतोष ठाकुर, रविकांत सिंह, राजेश पाठक, कृष्ण प्रजापति, सुधीर ठाकुर, बीरेंद्र सिंह, रामजी अग्रवाल, अभिषेक कुमार डाकिया, सोमनाथ सिंह, भगवान प्रसाद, अभिषेक कुमार का नाम प्रमुख है।

# फोरलेन कंस्ट्रक्शन कंपनी के मजदूर को गोली मार कर घायल करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने फोरलेन कंस्ट्रक्शन कंपनी के मजदूर को गोली मारकर घायल करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इस संबंध में पलामू एसपी रिशमा रमेशन ने बताया की पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि इस कांड में संलिप्त शुटर शुभम रेडमा की तरफ घुम रहा है तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदया, के निर्देशन में एक टीम गठित कर रेडमा से इस कांड में संलिप्त अभियुक्त 1. शुभम उम्र 23 वर्ष पिता पंकज कुमार दुबे 2. आकाश कुमार उम्र 30 वर्ष पिता सूरज राम दोनों सा0 बेलवाटिकर थाना शहर, जिला पलामू का अपराध स्वीकारोक्ति बयान लिया गया जिसमें अभियुक्तों द्वारा अपना-अपना अपराध स्वीकार करते हुए कांड में प्रयुक्त एक पिस्टल, तीन जिन्दा गोली, एक खाली मैगजीन एवं प्लसर मोटरसाईकिल अभियुक्तों की निशानदेही पर बरामद किया गया। उपरोक्त दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरसाल में भेजा जा रहा है।

## पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत लिंग निर्धारण अपराध : उपायुक्त

# लिंग चयन तकनीकों के उपयोग पर प्रतिबंध को लेकर जागरूकता रैली को उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**मेदिनीनगर :** प्री कंसेप्सनल एंड प्री नेटल डायग्नोस्टिक तकनीक अधिनियम (पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट) 1994 की जागरूकता हेतु स्वास्थ्य विभाग की ओर से आज रैली निकाली गई। उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय परिसर से रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत लिंग निर्धारण अपराध है। सेव द गर्ल चाइल्ड कैंपेन के तहत इसके लिए जनमानस में जन-जागरूकता आवश्यक है। जागरूकता से लिंग चयन तकनीकों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाये जाने में मदद मिलेगी। समाहरणालय से निकलकर रैली शहीद चौक, छः मुहान, हॉस्पिटल चौक होते हुए मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचकर समाप्त होगी। कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. अनिल श्रीवास्तव, डीपीएम (स्वास्थ्य) प्रदीप कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# भूटान में अपनी काबिलियत का लोहा मनवा चुके संत मरियम के रौनक को चेयरमैन ने किया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**मेदिनीनगर :** फुंटशोलिग भुटान में आयोजित इन्टरनेशनल कराटे चैम्पियनशिप के फाईट इवेंट मे गोल्ड मेडल व एक लाख का पुरुस्कार विजेता रौनक कुमार को संत मरियम विधालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने प्रार्थना सभा में सम्मानित किया। वही शिक्षकों ने बधाई दिया, उक्त मौके पर चेयरमैन ने कहा की पढाई के साथ-साथ आत्म-रक्षा कला की ज्ञान लेना जरुरी है। इसे भी पढाई का एक विषय में शामिल किया जाये, ताकि विषम परिस्थितियों में हम इसका लाभ उठा सके। आगे उन्होंने कहा कि पलामू जिला में प्रतिभा की कमी नहीं है बसरते एक अच्छे मार्गदर्शक की आवश्यकता है जो कि समय-समय पर बच्चों प्रेरित करने काम करता रहे, ताकि खेल के प्रति बच्चों की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा बढ़े। विधालय ने अच्छे प्रशिक्षक रखकर बच्चों के प्रतिभा को निखारने का काम किया है। चयनित रौनक को मलेशिया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का सारा खर्च विधालय वहन करेगी। इस अवसर पर उप प्रचार्य एस.बी. शाहा, कोडिनेटर अचला सिंह, मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार, गायत्री दत्त, फरवीन खातुन, एकता सहाय, रेखा सिन्हा, चाँदनी कुमारी, पल्ल्वी कुमारी, अंशु कुमारी, पुजा कुमारी, प्रिया सिन्हा सुमित कई अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

## अंजुमन तरक्की उर्दू हिंद झारखंड के प्रतिनिधि मंडल डा महुआ मांझी को दिया निमंत्रण

**रांची।** अंजुमन तरक्की उर्दू हिंद झारखंड के एक प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को राज्यसभा सांसद महुआ मांझी से मुलाकात की और उन्हें आगामी 16 फरवरी 2025को पुरानी विधानसभा, रांचीमें आयोजित सेमिनार में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया। सांसद डा महुआ मांझी ने सेमिनार में भाग लेने का आश्वासन देते हुए अंजुमन के कार्यों की सराहना की और कहा कि उर्दू भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण हैं। प्रतिनिधि मंडल में अंजुमन तरक्की उर्दू हिंद झारखंड के केंद्रीय प्रतिनिधि एम. जेड. खान रांची जिला के सचिव मो. शकील अहमद कार्यकारिणी सदस्य मोहसिन सईद और अंजुमन तरक्की उर्दू हिंद जिला बोकारो के अध्यक्ष अफजल अनीस शामिल थे।

## पत्रिका उप समिति की बैठक चैंबर भवन में संपन्न

**रांची :** झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पत्रिका उप समिति की बैठक आज चैंबर भवन में हुई। बैठक में पत्रिका के प्रकाशन की तैयारी की समीक्षा के साथ ही आगामी संस्करण के प्रकाशन पर भी चर्चा हुई। उप समिति चेयरमैन मुकेश अग्रवाल ने कहा कि सदस्यों के सुझाव के अनुरूप पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका में चैंबर की गतिविधियों, प्रमंडलीय समस्याएं, फेडरेशन की भावी योजनाओं का सारांश और स्टेकहोल्डर्स से जुडे सरकार की नीति, पॉलिसी और नोटिसों का उल्लेख बुलेटिन में प्रमुखता से किया जायेगा। इससे हमारे सदस्य व्यापार जगत की गतिविधियों से अपडेट रहेंगे।

# गुटखा के नाम पर सादा पान मसाला की बिक्री पर लगेगा प्रतिबंध : स्वास्थ्य मंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आयोजित राज्य स्तरीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ आपात बैठक कर राज्य में गुटखा और नशीली दवाओं के बढ़ते प्रचलन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।




बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि झारखंड में सादा पान मसाला भी प्रतिबंधित किया जाएगा, क्योंकि इसके नाम पर दुकानों में खुलेआम गुटखा बेचा जा रहा है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि गुटखा और तंबाकू उत्पादों के सेवन से झारखंड के युवा शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हो रहे हैं, जिससे वे गलत राह पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷हमारी सरकार किसी भी सूरत में यह बर्दाश्त नहीं करेगी कि राज्य का युवा नशे की गिरफ्त में जाए।÷

स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दवा दुकानों की तत्काल जांच शुरू की जाए, क्योंकि कई मेडिकल स्टोर्स में नशीले सिरप और स्टेरॉयड धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं, जो युवाओं को नशे की ओर धकेल रहे हैं। मंत्री ने सभी सिविल सर्जनों और ड्रग इंस्पेक्टरों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनके क्षेत्र में प्रतिबंधित नशीले पदार्थों की बिक्री होती पाई गई, तो वे स्वयं भी कार्रवाई के दायरे में आएंगे।

आगे मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा की ÷अब जब मैं इस विभाग का मंत्री बना हूं, तो यह मेरी नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है कि राज्य में ऐसे अवैध कार्यों को जड़ से खत्म करूं। मैं खुद डॉक्टर हूं और मुझे भली-भांति पता है कि गुटखा और नशीले पदार्थों का हमारे युवाओं के स्वास्थ्य पर कितना घातक प्रभाव पड़ता है।

बैठक के दौरान मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी सिविल सर्जनों के पास पर्याप्त अधिकार हैं कि वे अपने-अपने जिलों में मेडिकल स्टोर्स की जांच कर नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर रोक लगाएं। उन्होंने कहा, ÷अगर किसी भी दुकान में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पाई जाती है, तो तत्काल दुकान को सील कर दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।÷

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार इस अभियान को राज्यव्यापी स्तर पर लागू करेगी और किसी भी हालत में गुटखा, नशीले पदार्थों और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक उत्पादों को बेचना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार युवाओं को नशे से बचाने के लिए और भी कड़े कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

झारखंड सरकार स्वस्थ झारखंड, नशा मुक्त झारखंड के लक्ष्य को साकार करने के लिए हर संभव कड़े कदम उठाएगी और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

## स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से मिले रिम्स के चिकित्सक, दिया सरस्वती पूजा का न्योता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रिम्स के चिकित्सकों ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मुलाकात कर रिम्स कैंपस में सरस्वती पूजा की अनुमति दिलाने के लिए आभार जताया। इस दौरान आईएमए के संयुक्त सचिव न्यूरोसर्जन डॉ. विकास कुमार के नेतृत्व में रिम्स जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य मंत्री को सरस्वती पूजा के अवसर पर रिम्स में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का न्यौता भी दिया। इसपर डॉ. इरफान अंसारी ने चिकित्सकों को आश्वस्त किया कि वे समय निकालकर जरूर शामिल होंगे। मुलाकात के क्रम में मंत्री ने चिकित्सकों से 24 जनवरी की देर रात बस्ती के बदमाशों द्वारा रिम्स के स्टूडेंट्स के साथ मारपीट की पूरी जानकारी ली। जिसके बाद उन्होंने मामले में गहनता से जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी दी गई कि मारपीट में घायल ऋषभ की स्थिति में पहले की तुलना सुधार है। उसे वेंटिलेटर सपोर्ट से हटा दिया गया है। एसएसआईसीयू में फिलहाल इलाज जारी है। स्वास्थ्य मंत्री से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में जेडीए प्रेसिडेंट डॉ. अंकित कुमार, जेडीए सेक्रेटरी डॉ. अभिषेक, वाइस प्रेसिडेंट डॉ. ओम कुमार, आईएमए एमएसएन प्रेसिडेंट डॉ. अमन कुमार, 2020 बैच से डॉ. प्रफुल राज, डॉ. आयुष अग्रवाल, 2021 बैच से अमित, 2023 बैच से प्रतीक, शरद, वैष्णवी, दिव्या और अविनाश शामिल थे।

## छात्रों की समस्याओं पर मुखर रहेगा अबुआ अधिकार मंच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अबुआ अधिकार मंच रांची विश्वविद्यालय इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को मोराबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता अबुआ अधिकार मंच के अभिषेक शुक्ला ने की।

बैठक में मुख्य रूप से संगठन को मजबूत और प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई। मौके पर मौजूद अबुआ अधिकार मंच अभिषेक शुक्ला ने मंच में सभी साथियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि अबुआ अधिकार मंच राज्य के छात्र-छात्राओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा और आने वाले समय में उनकी आवाज बनकर उभरेगा। बैठक में मुख्य रूप से रांची विश्वविद्यालय के हर महाविद्यालय, पीजी कैंपस, बी.एड कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज में अबुआ अधिकार मंच के तहत छात्र इकाई गठन करने का निर्णय लिया गया। अभिषेक शुक्ला ने सदस्यों को कॉलेज इकाई गठन की जिम्मेदारी सौंपी। पीजी विभाग- अभिषेक शुक्ला, मनजीत साहू, प्रियांशु शर्मा,राहुल कुमार, आकाश नयन, संदीप कुमार, लालमणि यादव।मारवाड़ी महाविद्यालय- विशाल कुमार यादव, सुमित कुमार, अमित राणा, अमन, अमित कुमार, विशाल कुमार गुप्ता, रोशन, सफी, अनुज, मनोज, विजिस्ट राज, नीरज यादव।

## जनहित के मुद्दों पर हमेशा जनता के साथ खड़ा रहूंगा : बन्ना गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास पर राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के साथ आत्मीय मुलाकात कर उन्हें जमशेदपुर से जुड़े कई जनहित के मुद्दों के प्रति ध्यान आकृष्ट कराया।



पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता जी ने पिछले कई दिनों से चल रहे मानगो के कचड़े के मुद्दे पर संज्ञान लेने का आग्रह किया साथ ही कचड़े का निष्पादन हेतु कार्ययोजना बनाने का आग्रह भी किया, इसके साथ ही मानगो फ्लाईओवर निर्माण कार्य में तेजी लाने का विशेष निर्देश अधिकारीयों एवं संबंधित कंपनी को देने का आग्रह किया, आगामी ग्रीष्म ऋतू को देखते हुए सुचारु विधुत व्यवस्था एवं पेयजल आपूर्ति दुरुस्त करने का निर्देश भी अधिकारीयों को देने का आग्रह किया! इसके साथ शहर में बेहतर लॉ एंड आर्डर समेत क्षेत्र के विभिन्न अन्य मुद्दों पर सकरात्मक बातचीत कर हल निकालने का आग्रह भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से किया, सीएम हेमंत सोरेन ने उनकी सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और जल्द समाधान देने का आश्वासन पूर्व मंत्री श्री बन्ना गुप्ता को दिया।

## राष्ट्रीय स्कूली अंडर 19 बालक-बालिका हॉकी प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के तहत राष्ट्रीय स्कूली अंडर 19 बालक-बालिका हॉकी प्रतियोगिता बुधवार से प्रारंभ होने जा रही।

प्रतियोगिता के मैच एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम मोरहाबादी, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बरियातू स्थित एस्ट्रोटर्फ मैदान और रेलवे ग्राउंड में खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में देशभर से विभिन्न राज्यों व इकाईयों की 31 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन शाम 6 बजे होगा। माननीय शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन प्रतियोगिता का उद्धान करेंगे। उद्घाटन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति होगी।

पाइप बैड में राष्ट्रीय चैंपियन बनी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पटमदा (पूर्वी सिंहभूम) की छात्राएं प्रस्तुति देंगी। साथ ही लोक कलाकार भी अपनी प्रस्तुति से देशभर से आए खिलाड़ियों का मनोरंजन करेंगे।

## डीसी ने हाजिरी बनाकर गायब रहने वाले बड़ा बाबू और लिपिक का वेतन काटने और शो-कॉज का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने अरगोड़ा अंचल कार्यालय से हाजिरी बनाकर गायब रहनेवाले बड़ा बाबू और लिपिक के एक दिन का वेतन काटने और शो-कॉज का निर्देश दिया है। 29.01.2024 को संध्या समय औचक निरीक्षण के दौरान दोनों अनुपस्थित पाये गये। कार्यालय में उपस्थित कर्मियों की उपस्थिति पंजी और बायोमेट्रिक उपस्थिति की जांच के दौरान बड़ा बाबू अश्विनी कुमार श्रीवास्तव और लिपिक अनीता



कुमारी की हाजिरी बनी हुई थी लेकिन दोनों गायब थे। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए दोनों के एक दिन का वेतन काटने और शो-कॉज करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी कार्यालय समय से आएं, बायोमेट्रिक हाजिरी बनाना सुनिश्चित करें और आवेदन स्वीकृति के पश्चात् ही अवकाश पर जाएं।

उपायुक्त, मंजूनाथ भजंत्री ने अंचल अधिकारी सुमन कुमार सौरभ से दाखिल-खारिज के लंबित मामलों की जानकारी ली। सीओ द्वारा बताया गया कि सूची अनुसार 10 डिसिमल तक के म्यूटेशन के मामलों का शत-प्रतिशत वेरिफिकेशन सीआई और कर्मचारी स्तर से हो चुका है। उपायुक्त द्वारा आगामी रविवार को कैम्प लगाकर वेरिफाइड मामलों के निष्पादन का निर्देश गया। उन्होंने परिशोधन पोर्टल के कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिये।

## वसुंधरा आर्ट्स का तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वसुंधरा आर्ट्स द्वारा आयोजित तीन दिवसीय हीरानागपुर महोत्सव के प्रथम दिवस झारखंड सांस्कृतिक मंच, जमशेदपुर के रंगकर्मी शिवलाल सागर के निर्देशन में सुरेंद्र वर्मा लिखित नाटक सूर्य की अंतिम किरण से सूर्य की पहली किरण तक का मंचन किया गया। इस नाटक को दर्शकों ने खूब सराहा।



**कथासार:** नाटक सूर्य की अंतिम किरण से सूर्य की पहली किरण तक की कहानी 10 वीं शताब्दी ईसा पूर्व की है , जो रानी शीलवती और राजा ओकाक के ईद-गिर्द घूमती है। मिथकीय आधार पर कुछेक बहुत तीखे समकालीन जीवनानुभव इस नाट्य-कृति में रेखांकित हुए है । जहां एक ओर समसामयिक स्तर पर परिवर्तनशील मूल्यों के संदर्भ में दांपत्य एवं यौन संबंधों का गहरा और बारीक अन्वेषण है, तो दूसरी ओर शासक तथा शासन तंत्र के आपसी रिश्ते का सार्थक विश्लेषण। सुगठित संरचना- शिल्प , कविता का आस्वाद देती रंगभाषा, द्वंद्वाश्रित चरित्र- निर्माण, परंपरागत मिथक की सामयिक व्याख्या और काम संबंधों के कमनीय, उदान चित्रण की दृष्टि से यह रचना भारतीय नाट्य साहित्य में अद्वितीय है । परंतु हां, इस दुरूह- नाट्य कृति की प्रस्तुति पर निर्भर करता है इसकी सार्थकता, जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व नाटक के निर्देशक एवं नाट्य दल का है। कलाकारों ने दर्शकों को बांधे रखा।

## फुटपाथ दुकानदारों को अस्थायी बसाने के लिए नगर प्रशासक को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता जितेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में फुटपाथ दुकानदार संघ ने नगर आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ द्वारा नगर आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में फुटपाथ दुकानदारों की समस्याओं को रखा। ज्ञापन के जरिए इन्होंने कहा कि रांची शहर के विभिन्न जगहों पर फुटपाथ दुकानदार छोटी छोटी दुकान लगाकर जीवन यापन कर रहे हैं, जिसे ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम की इनफोर्मेस टीम इन्हें हमेशा परेशान करती है और कार्रवाई के नाम पर उनकी सामान जप्त कर लेती है। सामान जब्त होने से फुटपाथ दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने नगर आयुक्त से निवेदक पूर्वक मांग किया कि रिम्स अस्पताल, शहीद चौक, सर्जन चौक, डेली मार्केट अल्बर्ट एक्का चौक जो दुकानदार जगह नहीं मिला है उन्हें जगह दिया जाए, उर्दू लाइब्रेरी और कांटा टोली सहित वे सभी जगह जहां फुटपाथ दुकानदार दुकान लगाते हैं उन्हें उसी इलाके में दुकान आवंटित कर अस्थायी रूप से बसाया जाए। साथ उन्होंने अल्बर्ट का चौक, डेली मार्केट और पुरुलिया रोड से फुटपाथ दुकानदारों को हटाने के संबंध में कहा कि उन्हें सड़क के किनारे लगने दिया जाए ताकि वे अपने परिवार का जीवन यापन कर सकें। साथ ही उन्होंने नगर आयुक्त से कहा कि रात्रि मेले का आयोजन करें ताकि फुटपाट दुकानदार व्यवस्थित कर अपना दुकान लगा सकें, उस वक्त ट्रैफिक जाम की भी समस्या उत्पन्न नहीं होगी। इस मौके पर झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, अजीत नायक, अकबर कुरैशी, जय वर्मा सनी सहित कई अन्य झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ सदस्य मौजूद थे।

## लाखों तीर्थयात्रियों को महाकुम्भ पहुंचाने में भारतीय रेल का सराहनीय कार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** महाकुम्भ 2025 में लाखों तीर्थयात्रियों को पवित्र नगरी प्रयागराज पहुंचाने में भारतीय रेल ने अपनी भूमिका नए सिरे से परिभाषित की है। परिवहन प्रदान करने के साथ ही रेलवे विश्वस्तरीय आतिथ्य सेवा भी सफलता पूर्वक संचालित कर रही है। महत्वपूर्ण उन्नयन, अभिनव समाधान और समावेशिता की प्रतिबद्धता के साथ रेलवे, इस व्यापक धार्मिक आयोजन में प्रचालन तंत्र के नये मानक स्थापित कर रही है।भारतीय रेल ने पवित्र संगम के यात्रा अनुभव और इसे आध्यात्मिक रूप से भी समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले एक दशक में भारत सरकार ने प्रयागराज में रेलवे के बुनियादी ढांचे के वित्त पोषण में उल्लेखनीय तौर पर वृद्धि की है। भारतीय रेल द्वारा महाकुम्भ की तैयारियों में 2 वर्षों में 5000 करोड़ रुपये से अधिक राशि से यहाँ मौजूद रेलवे स्टेशनों को आरामदायक, सुविधाजनक और आध्यात्मिकता के जीवंत केंद्र में बदल दिया गया है।रेलवे स्टेशन जो केवल यात्रा एवं रेलगाड़ियों के ठहराव और आने-जाने का स्थान थे, अब तीर्थयात्रियों के स्वागत के प्रवेश द्वार में बदल गए हैं। स्लीपिंग पॉड्स, एग्जीक्यूटिव लाउंज और रिटायरिंग रूम की सुविधा आरंभ किए जाने से यह स्थान अब यात्रियों की सुगमता पूर्ण स्थानों में तबदील हो गए हैं। कलर



कोडेड यात्री आश्रय गृह, दिशा-निर्देशक रंगीन टिकटें और दिशा संकेतकों जैसी सुविधाओं ने यात्रियों के लिए रास्ता समझना सरल बना दिया है। इससे तीर्थयात्रियों को मार्ग खोजने में सुगमता हो रही है। इन उन्नत सुविधाओं ने रेलवे स्टेशन पर तीर्थयात्रा के अनुभव को और अधिक सुखद बनाया हैं। जैसे ही कोई श्रद्धालु रेलगाड़ी से उतरता है तो उसे अपनी आवश्यकताओं के अनुसार सभी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं।लगभग एक करोड़ तीर्थयात्रियों के प्रतिदिन आने की उम्मीद को देखते हुए, इतनी बड़ी संख्या में लोगों को आश्रय और सेवाएँ प्रदान करना एक बहुत बड़ा काम है। भारतीय रेल ने इस चुनौती को अपनाते हुए, 17 नए यात्री आश्रय गृहों के निर्माण एवं स्टेशनों को 1,10,000 से अधिक यात्री क्षमता वाला बनाया गया है, जो पहले केवल 21,000 थी। इसके अतिरिक्त, नए प्लेटफ़ॉर्म के निर्माण से कुल 48 प्लेटफॉर्म हो गए हैं, और तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर पहुंच सुनिश्चित हुई है। शौचालय, पेयजल सुविधा, बेबी फीडिंग पॉड्स और चिकित्सा जांच कक्ष जैसी उन्नत सुविधाएं भी यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा, निर्बाध बिजली आपूर्ति और बैकअप सिस्टम से उच्च माँग के बावजूद सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित हुई हैं। भारतीय रेल ने सभी के लिए महाकुम्भ 2025 के अनुभव को अधिक आरामदायक बनाने में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है। यात्री सुविधा केंद्र, व्हीलचेयर सेवाओं के साथ May I Help You बूथ और लॉजिस्टिक ट्रॉलियों की शुरूआत एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रयागराज जंक्शन और छिवकी जैसे प्रमुख स्टेशनों को यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रूप से सुसज्जित किया गया है, जिससे उन्हें सुगम और आरामदायक।

## ब्राउन शुगर के साथ चार गिरफ्तार, भाभी की तलाश में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि पुलिस उप-महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिला कि सुखदेवनगर थाना अन्तर्गत आनंदपुरी मछली चौक, हनुमान मंदिर के निकट मछली दुकान, सुखदेवनगर जिला राँची के पास अवैध नशीले पदार्थो का खरीद बिक्री हो रही है । पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली प्रकाश सोंय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गतित छापामारी टीम के द्वारा सुखदेवनगर थाना अन्तर्गत आनंदपुरी मछली चौक, हनुमान मंदिर के निकट, मछली दुकान, थाना सुखदेवनगर जिला रींची पहुंचने के उपरान्त पुलिस बल को देख भागने के क्रम में व्यक्ति नाम अर्जुन शर्मा उर्फ शेरा, करीब 20 वर्ष, करमचौक, नदीपार रोड नंबर 01. थाना सुखदेवनगर जिला राँची , शैलेश कुमार उर्फ गांधी किशोरगंज आनंदनगर थाना सुखदेवनगर जिला रींची , रजनीश कुमार सिंह उर्फ राज सिंह उर्फ खनी, न्यू आनंद गगर किशोरगंज रोड नंबर 01. पंचमुखी मंदिर के निकट थाना,



सुखदेवनगर किशोरगंज रोड नंबर 01 को पकड़ा गया तथा एक बाक्ति अनिमेश कुमार सिंह, गोविन्द पैलेस थाना अरगोड़ा जिला रोची कोहरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। इस क्रम में एनडीपीएस एक्ट के अधीन नियमों का अनुपालन करते हुए विधियत उनके शरीर की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में पकड़ाये गये व्यक्ति अर्जुन शर्मा उर्फ शेरा शर्मा के पास से बरामद सिल्पर फॉईल में लपेटा हुआ कुल 29 पुडिया ब्राउन सुगर जिसका वजन करीब 5.76 ग्राम 2 एक ब्लू रंग का स्मार्टफोन तथा तीन ब्लु रंग का होंया कंपनी का स्कुटी बरामद हुआ, शैलेश कुमार उर्फ गांधी के पास से बरामद । एक प्लास्टिक के पुडिया में ब्राउन शुगर जिसका वजन करीब 7.45 ग्राम. 2. एक चे रंग का नारजों कंपनी का स्मार्टफोन बरामद हुआ, सक्षनीश कुमार सिंह उर्फ राज सिंह उर्फ सौनी के वास से सिल्वर फॉईल में लपेटा हुआ।

## 15 से 22 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करेंगे हजारों भक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** टाटीसिलवे के ईईएफ मैदान में 15 से 22 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होने वाला है।

प्रख्यात कथा वाचक इंद्रेश जी उपाध्याय 8 दिन तक भागवत प्रेमियों को कथा का रसपान कराएंगे। भागवत के सभी प्रसंगों का उल्लेख कर श्रद्धालुओं का आनंदित करेंगे। श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति के लोगों ने बताया की इस क्षेत्र के लोगों में शिक्षा संस्कार सांस्कृतिक, वैचारिक एवं आध्यात्मिक धरोहर के संरक्षण संवर्धन और धार्मिक चेतना को जागृत करने के उद्देश्य से 8 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन ईईएफ मैदान में किया जा रहा है।

विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक पूज्य इन्द्रेश जी उपाध्याय (वृंदावन) के श्रीमुख से भागवत कथा का प्रेम रस प्रवाहित होगा। कथा आरंभ के एक दिन पूर्व 14 फरवरी को भव्य एवं विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें 2100 महिलाएं शामिल होंगी। कलश यात्रियों को कलश, नारियल, पानी का बोतल एवं फलाहार समिति द्वारा दिया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक चलेगा।

## प्रखंड स्तरीय सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब के अध्यक्ष बने रमेश कुमार महतो



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओरमांझी प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब के चयन को लेकर पंचायत स्तरीय सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने की। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया मौजूद थे। चुनाव में अध्यक्ष पद रमेश कुमार महतो निर्विरोध चुना गया। सचिव व कोषाध्यक्ष के कैंडिडेट अधिक होने के कारण दोनों पदो के लिए वोटिंग प्रक्रिया को अपनाना पड़ा। वोटिंग के द्वारा प्रखंड स्तरीय सिदो कान्हु युवा खेल क्लब के अध्यक्ष बरतुवा ग्राम के रमेश कुमार महतो का चयन किया गया। वहीं सचिव मगनु मुंडा कोषाध्यक्ष जलेश्वर ठाकुर व कार्यकारिणी सदस्य राजकिशोर महतो,संजीव कुमार महतो,एहसान राजा, शाहिद परवेज,आनंद उरांव,प्रदीप मुंडा,अमरेंद्र पहान, प्रकाश बेदिया के रूप में चयन किया गया।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में कालबेलिया और भवई नृत्य का शानदार प्रदर्शन




**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नृत्य आत्मा की गहरी भावना और प्रेम को व्यक्त करने का एक आदर्श तरीका है।' सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में छात्रों ने राजस्थानी लोक नृत्य का अद्भुत प्रदर्शन देखा। यह कार्यक्रम स्पिक्मेके (भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए काम करने वाली संस्था) द्वारा आयोजित किया गया था। इस मौके पर छात्रों को रौशन खान और उनके दल द्वारा कालबेलिया और भवई नृत्य का जीवंत प्रदर्शन देखने को मिला। यह नृत्य बेहद आकर्षक था और छात्रों को राजस्थान के प्रसिद्ध लोक नृत्य 'कालबेलिया' और 'भवई' के बारे में जानकारी मिली। साथ ही, उन्होंने इन नृत्यों में इस्तेमाल होने वाले संगीत वाद्ययंत्रों को भी जाना। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों को हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर की अहमियत समझाई और इन नृत्य रूपों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया जो सतत विकास लक्ष्यों और जल संरक्षण पर केंद्रित हों।

## हिंडाल्को सीएसआर विभाग द्वारा कंबल वितरण



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र के सिंगपुर गांव के लोहरा टोला में बुधवार को हिंडाल्को सी एस आर विभाग द्वारा ग्रामीणों के बीच कंबल कि वितरण किया गया। ग्रामीणों के बीच लगभग 40 कंबलों का वितरण किया गया।कंबल लेने वालों में रोपनी देवी, कलावती देवी,मंगरी देवी, एतवारी देवी,पुनम देवी चैती देवी, सिम्पा देवी, शिवानी देवी, समेत काफी महिलाओं को कंबल का लाभ मिला हिंडाल्को द्वारा इस तरह कार्य का ग्रामीणों ने सरहानिय योगदान बताया। इस मौके पर भरत सिंह, ज्योति आदित्य, रमाकांत विश्वकर्मा,सुमित लाहा, समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## भाजपा का मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा सिल्ली मंडल कार्यालय परिसर में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ता मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सह प्रदेश कार्य समिति के सदस्य जैलेंद्र कुमार मुख्य के रूप से शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान के लक्ष्य को तीन दिनों में पूरा करने की रणनीति बनायी। इसके लिए कार्यकर्ताओं जिम्मेदारी देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। इस मौके पर प्रो ललित प्रसाद महतो,राजेंद्र प्रसाद साय, कर्ण महतो, हरिहर महतो, विश्वनाथ महतो, चितरंजन मंडल, शिबू हजाम, रविन्द्र साहू, सुधीर साहू, परशुराम राम महतो, श्रीपद महली, सुखराम बेदिया, अमित बेदिया, चंदन गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## इटकी पुलिस ने किया अवैध बालू लदा हाईवे जप्त

**इटकी :** इटकी थाना पुलिस द्वारा अवैध ढंग से बालू का ढुलाई करते हुए एक हाइवा JH-02AF-8678 को जब्त कि है। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि मंगलवार रात साढ़े दस बजे रांची गुमला मुख्य मार्ग एनएच 23 पर बेड़ो से रांची की ओर जा रही 500 सीएफटी बालू लदा हाइवा को गश्त के दौरान सेमरा चौक के पास रोका गया। अंधेरा का फायदा उठाकर चालक फरार हो गया। समाचार लिखे जाने तक बालू लदा हाइवा से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया है। इटकी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## AFFIDAVIT

I, Md Akbar Ali S/o Md Qamar Uddin R/o Nohsa, Karbala Road, Near Masjid ,P.o.& P.s. Phulwari Sharif, Patna-801505.
Do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
**1.**That My D.L. No. BR-0120120174291.
**2.**That my D.L. Father's name is wrongly mentioned Md.Kamruddin in place of Md Qamar Uddin.
**3.**That I further declare my Father real name Md Qamar Uddin .According to my Aadhar Card
**4.**That my Aadhar No. 442896570773.

**Ref No.2455 Date 25.01.25**

# शौचालय अधूर रहने से खुले में शौच करने को विवश है ग्रामीण





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखंड के खलारी पंचायत के बलथरवा गांव में प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गांवों को खुले में शौच मुक्त कराने के लिए बनाए गए शौचालय भ्रष्ट नौकरशाही की भेंट चढ़ कर रह गये हैं.गांवों को कागजों में खुले से शौच मुक्त (ओडीएफ) घोषित कर अधिकारी वाहवाही लूट रहे हैं. घर-घर शौचालय बनवाकर गाँव को ओडीएफ करने की मुहिम कागजों में ही दफन होकर रह गयी. मानक को दरकिनार कर बनाए गए अधूरे शौचालय प्रयोगलायक न होने के कारण ग्रामीण इलाकों में लोग आज भी खुले में शौच को विवश हो रहे हैं. इस महत्वपूर्ण कार्य को कागजों में ही पूरा किया गया है.इसकी हकीकत तो गांवों में देखने को मिलती है, जब सुबह शाम हाथों में लोटा लेकर महिलाओं, पुरुषों को खेतों में जाते या सड़क किनारे शौच करते हुए देखा जाता है. गाँव में जो शौचालय बने भी हैं वह अधूरे हैं. लाभार्थियो में किसी की दूसरी किस्त नहीं आई तो उसमें कंडा भर दिया है. किसी के शौचालय पर छत ही नहीं डाली गयी है ऐसे में लोग क्या करेंगे. इन शौचालयों को बनाने में गाँव में बजट तो करोड़ो रुपए खर्च हुआ पर किसी काम का नहीं रहा. ठेकेदारी प्रथा के तहत बनाए गए शौचालयों के पल्ले कब जर्जर होकर चल बसे किसी को पता ही नहीं चला. क्षेत्र के चाहे जिस गांव मे देखा जाये.हर घर में शौचालय अधूरा पड़ा है. इस तरह शौचालय बनवाने से क्या फायदा जब गरीब जनता लोटा लेकर शौच के लिए इधर-उधर भटकती रहती है. बलथरवा गांव के रंथि देवी, गुजरी देवी, गीता देवी, प्यारी देवी ,विशुआ पाहन का कहना है कि 2016 में आधे अधूरे शौचालय बनाकर छोड़ दिया गया .गांव के प्रधान छोटू मुंडा ने बताया कयी बार पंचायत व प्रखंड में गुहार लगाए लेकिन आज तक कंप्लीट नहीं किए गए जिसके चलते शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है. इधर वर्तमान खलारी पंचायत के मुखिया तेजी किस्पोट्टा से इस सम्बंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में शौचालय नही बना था.मुखिया बनने के बाद इसकी शिकायत स्वच्छता विभाग से किये थे. उन्होंने कहा कि ग्राम जल स्वछत्ता समिति के द्वारा शौचालय निर्माण करवाया गया था. विभाग से मांग किया है कि जो भी उस समय थे विभाग कार्रवाई करते हुये पैसा रिकभरी कर शौचालय को पूर्ण करें. शौचालय घर की स्वच्छता में अहम भूमिका निभाते हैं.उक्त बातें उप मुखिया जयंती देवी ने कही. कहा कि सिर्फ कागज पर इस गांव को ओडीएफ घोषित कर दिया गया पर हकीकत अलग बयान करता है. उन्होंने बीडीओ से सम्बंधित लोगों पर कार्रवाई करते हुए इस गांव में शौचालय बनवाने का मांग किया है, ताकि गांव के लोग खुले में शौच न कर सकें.

## सरस्वती पूजा को लेकर शान्ति समिति का बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठाकुरगांव :** ठाकुरगांव थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में शांतिपूर्ण व भाईचारे के माहौल में त्योहार मनाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी.ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनित कुमार ने कहा कि सरस्वती पूजा शांति पूर्ण तरीके से मने, इसके लिए सबों की सहभागिता जरूरी है. लोग अपने-अपने गांव में पूजा कमेटी को सजग करें पूजा क्रम में हुड़दंग न करें. और डीजे पर प्रतिबंध है इसलिए अश्लील गाना न बजाएं, पूजा-अर्चना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतज़ाम किया जाएगा, और साथ ही कहा कि पूजा-अर्चना के दौरान असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रहेगी,बैठक में एसआई दिलीप कुमार ने कहा कि पूजा-अर्चना के दौरान हुड़दंगियों पर नज़र रहेगी अगर किसी तरह से कोई हुड़दंग करता है तो तुरंत पुलिस को सूचना दे ताकि इसमें पूर्ण करवाई की जाएगी, वहीं बैठक में एसआई अरविन्द कुमार ने कहा कि पूजा-अर्चना के दौरान आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाना चाहिए. पूजा-अर्चना के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो या टिप्पणी करने वालों पर नज़र रहेगी, पूजा-अर्चना के दौरान देर रात तक विसर्जन के क्रम में हुड़दंग न करें. डीजे अश्लील गाना न बजाएं साथ हे विनित कुमार ने कहा कि जुलुश सुबह 11ः00 बजे तक निकाल देना है,और डीजे में ऊंची आवाज़ में लाउडस्पीकर न बजाएं नहीं तो होगी कानूनी कार्रवाई, साथ हे हिदायत दिए कि हर हाल में 10ः00 बजे रात्रि तक विसर्जन कर देना है।मौके पर बैंक मोड़ न्यू स्टार क्लब अध्यक्ष बिपुल तिवारी, कांके विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, दिनेश महतो, रत्नेश्वर गिरी, अभिषेक तिवारी, बिना संघ विष्णु चौक मनोज साहू, उमा प्रजापति, सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## पिपरवार संयुक्त मोर्चा ने सीसीएल प्रबधंन को सौंपा 22 सूत्री मांग पत्र

# 15 दिनों में मांगे पूरी नहीं होने पर संयुक्त मोर्चा ने दी आंदोलन की चेतावनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** संयुक्त मोर्चा पिपरवार क्षेत्र के द्वारा स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन को 22 सूत्री मांग पत्र सोपा है।मांग पत्र मे पिपरवार क्षेत्र के सभी श्रमिक संगठनो के प्रतिनिधियों का हस्ताक्षर है।ज्ञापन के माध्यम से अशोक परियोजना के पिपरवार यूनिट में गणतंत्र दिवस पर झंडोतोलन नही होने पर इसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने,विधानसभा चुनाव में पिपरवार क्षेत्र से चुनाव डयुटी पर गए सीसीएल कर्मियों का टीए/डीए एवं रविवार वेतन का भुगतान करने,पिपरवार युनिट व सीएचपी/सीपीपी परियोजना मे अचानक कार्मिक प्रबंधक का स्थानांतरण की जांच करने एवं खाली पदों पर कार्मिक प्रबंधक की नियुक्ति करने, विभागीय खनन एवं कोयला उत्पादन को प्राथमिकता के आधार पर पैच सी मे जमीन उपलब्ध कराने एंव अशोका वेस्ट परियोजना मे 30 प्रतिशत विभागीय खनन की व्यवस्था करने,सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी से शत-प्रतिशत वास कोयला को सैलो से डिस्पैच करने, सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सभी सेवानिवृत कर्मियों एवं मृत कर्मियों का वर्षो से लंबित सीएमपीएफ, ग्रेच्युटी,पेंशन सहित अन्य सुविधा 15 दिनों में भुगतान करने, पिपरवार क्षेत्र के सभी कामगारों का सेवा पुस्तिका से मिलाकर पारिवारिक विवरण एवं उम्र 15 दिनों में सैप मे अंकित कराने, पिपरवार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी कॉलोनीयों के जर्जर क्वार्टर को स्पेशल रिपेयरिंग कराने,वर्षो से एक ही यूनिट में पदस्थापित अधिकारियों का तबादला दूसरे यूनिट में करने सहित कुल 22 सूत्री मांग पत्र शामिल है।ज्ञापन के माध्यम से संयुक्त मोर्चा ने प्रबंधन को चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के अंदर मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो संयुक्त मोर्चा के बैनर तले पिपरवार क्षेत्र में गेट मीटिंग,पीट मीटिंग के साथ पूरे क्षेत्र को बंद कराया जाएगा,जिसकी जिम्मेवारी प्रबंधन की होगी।ज्ञापन मे सीसीएल सीकेएस के एसके चौधरी,दिलिप गोस्वामी,जनता मजदूर संघ के रविंद्रनाथ सिंह,सीटू के इस्लाम अंसारी,कोलफील्ड मजदूर यूनियन के भीम सिंह यादव,आरसीएमएस के सतीश पांडेय,आरकेएमयू के भीम प्रसाद मेहता, युसीडब्लुयू के अरविंद शर्मा और आरसीएमयू के विद्यापति सिंह का हस्ताक्षर शामिल है।

# बारीडीह पड़हा मैदान में सदान-मिलन समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** मूलवासी सदान और जनजातियों की भाषा संस्कृति एक जैसी है। सदान और जनजाति एक साथ रहते आए हैं। अलग राज्य के लिए दोनों समुदायों ने शहादत दी। जिसका परिणाम है की झारखण्ड राज्य मिला। आने वाले परिसीमन में मूलवासी सदानों के हितों की भी रक्षा हो यह सुनिश्चित करना राज्य और केंद्र सरकार की नैतिक की जिम्मेवारी है। उक्त बातें मुख्य अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने बेड़ो के बारीडीह पड़हा मैदान में मोर्चा द्वारा आयोजित सदान -संसद सह मिलन समारोह में कही। उन्होने आगे ने कहा कि पेसा कानून रूढ़ीवादी परंपरा के तहत लागू किया जा रहा है, इस लिये मूलवासी सदानों को भी शामिल किया जाना चाहिए। झारखण्ड आंदोलनकारी क्षितिश कुमार राय ने कहा कि जब तक मूलवासी सदान अपने अधिकारों के प्रति मुखर नहीं होंगें, तब -तक सरकार और राजनीतिक मनमानी करेंगें। हम सभी को संगठित होकर अपने उपेक्षा के खिलाफ लड़ना होगा। सदान समारोह में बाणी कुमार राय, प्रो अरविंद कुमार, प्रो अमर गोप, विशाल सिंह,नवदीप महतो ,मुमताज खान,उमेरा खातुन, अफरोज अंसारी, बसंती देवी,नवल किशोर सिंह, मुरारी पाण्डेय, रशीद मीर,सुरेश महतो,कोरेश मिरदाह, दीलीप सोनी, बन्दे महतो,महान्द सिंह, मोहन शेखर,संजय राय, आदित्य चौधरी के अलावा खुंटी,सिमडेगा, गुमला व रांची के मूलवासी सदान उपस्थित थे।अध्यक्षता धनंजय कुमार राय, संचालन विश्वनाथ गोप, धन्यवाद ज्ञापन उमेरा खातुन ने किया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के बच्चों को दी गई सुरक्षा नियमों की जानकारी




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में एक कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल के बच्चों को सुरक्षा नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।स्कुल के वरिष्ट शिक्षक एसके पाण्डेय के नेतृत्व मे आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी बच्चे एवं शिक्षक शामिल हुए।कार्यक्रम में बच्चों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन कर स्कूल के बच्चों को सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कुल की प्राचार्या डॉ आर चौधरी ने कहा कि स्कूली बच्चों को सुरक्षा के नियमों की जानकारी अवश्य होनी चाहिए, जिससे वह सड़क पर किसी भी दुर्घटना का शिकार ना हो सके।इन नियमों में दो पहिया वाहन से बचने,रास्ते में खो जाने पर,किसी अनजान व्यक्ति से अपनी कोई भी बात नहीं बताने और नदी के गहरे पानी में नहीं जान सहित अन्य बातों की जानकारी दी गई।उन्होंने बताया कि इस तरह का आयोजन होने से स्कूल के बच्चों को जहां एक तरफ सुरक्षा नियमों की जानकारी मिल रही है,वहीं दूसरी ओर बच्चों को सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।कक्षा नवम के छात्र-छात्राओं ने नाटक मंचन कर बच्चों को सुरक्षा नियमों की जानकारी दी।इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## माधुरी केबल नेटवर्क से जुड़े ऑपरेटरो का वनभोज सह मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार एवं खलारी कोयलांचल क्षेत्र में संचालित माधुरी केबल नेटवर्क से जुड़े ऑपरेटरो के द्वारा बुधवार को चुरी स्थित मानकी सपही नदी के तट पर वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में खलारी,डकरा,राय,बचरा, बेंती सहित अन्य जगहो से जुड़े सभी केबल ऑपरेटर शामिल हुए।कार्यक्रम मे केबल ऑपरेटरो की विभिन्न समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई।साथ ही सभी को एकजुट होकर बेहतर कार्य करने व ग्राहको को बेहतर सुविधा देने पर चर्चा की गई।कार्यक्रम के दौरान माधुरी केबल नेटवर्क का ओर अधिक विस्तार करने पर भी चर्चा की गई।कार्यक्रम के अंत में सभी एक साथ बैठकर सामुहिक भोज का आनन्द उठाया।इस संबंध मे माधुरी केबल नेटवर्क के अशोक कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष नववर्ष के उपलक्ष्य में माधुरी केवल नेटवर्क के द्वारा वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है,जिसमें इलाके के सभी ऑपरेटर शामिल होते हैं।उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन से ऑपरेटरो का भी मनोबल बढ़ता है।इस मौके पर मुख्य रूप से अशोक सिंह,इंद्रजीत महतो,चुन्दरू अंसारी, इस्लाम अंसारी,दिनेश गुप्ता, रामु थापा,उमेश गुप्ता,युसुफ अंसारी,अयुब अंसारी,अजय पासवान,कुलदीप महतो, दीपक कुमार,रूद्र कुमार, श्रवण पासवान,महावीर राजवार सहित काफी संख्या में ऑपरेटर मौजूद थे।

## डॉ राधिका प्रसाद साहू का 125वां जयंती मनाया गया



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली राधिका मैदान में बुधवार को राधिका स्मारक समिति के तत्वावधान में डॉ राधिका प्रसाद साहू का 125 वां जयंती मनाया गया। मुख्य अतिथि राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, समिति के अध्यक्ष भागवत सोनार, अनुप कुमार साहु, अन्य अतिथियों एवं स्थानीय लोगों ने स्व डॉ राधिका साहू के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव ने कहा कि स्व डॉ राधिका प्रसाद साहु द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्य सराहनीय है। उनके बताए रास्ते पर चल कर क्षेत्र एवं समाज को बेहतर बनाने के लिए हमसबों को आगे आना होगा। इस अवसर पर खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डबल विकेट क्रिकेट प्रतियोगिता, म्युजिकल चेयर, 100 मीटर दौड़, 50 मीटर दौड़, फेंसी ड्रेस आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सफल प्रतिभागियों को मुखिया भरत मुंडा,नवल किशोर गुप्ता, भादुड़ी गोराई, कृष्ण कांत पाठक,नगेन्द्र नाग, कार्तिक गोराई, ऋषि केश सोनार एवं अन्य अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन जगदीश चन्द्र गोराई ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सोनु कुमार साहू, जय विश्वकर्मा, शुभम चंद्र, कुंदन गोराई, प्रिंस विश्वकर्मा समेत स्थानीय लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## 26वां वन एवं पर्यावरण सह रक्षाबंधन मेला संपन्न




**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 26वां वन एवं पर्यावरण सह रक्षाबंधन मेला भुसूर(इंटेक मोड़) में बुधवार को पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर उनका आजीवन संरक्षण का संकल्प् लिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार व जिप सदस्य ओरमांझी सरिता देवी, रणधीर चौधरी थे। मेला की अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष गणेश किशोर महतो व संचालन चाड़ू पंसस अनिल कुमार महतो व शिवधर रजवार ने किया। अतिथियों ने भुसूर जंगल के पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधा। सभी ने सामूहिक रूप से आजीवन पेड़ों की रक्षा का संकल्प लिया। रामटहल चौधरी ने कहा कि पेड़ों के संरक्षण पर ही मानव जीवन का अस्तित्व टिका हुआ है। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर मेला का आयोजन होना प्रेरणादायी है। मौके पर ओरमांझी के रिजवार बैंड ने एक से एक नागपुरी कार्यक्रम की प्रस्तुती दी। अध्यक्ष गणेश किशोर महतो ने बताया कि दो दशक पूर्व भुसूर जंगल उजाड़ की स्थिति में था। लेकिन वन रक्षा समिति व ग्रामीणों की जागरूकता व पेड़ों के संरक्षण को लेकर चलाये गए अभियान से हरियाली बढ़ी। यह अभी लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर सचिव संदीप कुमार, कोषाध्यक्ष तापेश्वर कुमार, हेमंत कुमार, राजू मुंडा, राजनंदन महतो, संजय महतो, कमलनाथ महतो, शंकर महतो, महावीर महतो, दीपक महतो, झब्बूलाल महतो, विजय महतो, अशेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

## टाटा पावर के अधिकार ने मैथन और धनबाद में 9,000 गांव वालों को बनाया सक्षम



**रांची/धनबाद :** टाटा पावर की परिवर्तनकारी पहल 'अधिकार' ने मैथन और धनबाद में 9,000 से अधिक निवासियों को महत्वपूर्ण सरकारी कल्याणकारी योजनाओं और लाभों तक पहुंच पाने में सक्षम बनाया है। यह इस पहल की एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। आम तौर पर सुविधाओं से वंचित रहने वाले समुदायों और आवश्यक सहायता प्रणालियों के बीच की अंतर को दूर करने का काम यह पहल कर रही है। सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाना और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना इस पहल का उद्देश्य है। 'अधिकार' कार्यक्रम में शुरूआत से ही संसाधनों को जुटाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। जीवन को बेहतर बनाने में यह पहल महत्वपूर्ण प्रभाव पैदा कर रही है। इसने धनबाद और मैथन क्षेत्रों से कुल 12,000 आवेदन प्रस्तुत किए हैं, इनमें से 9,000 लाभार्थियों को पहले से ही वे लाभ मिल रहे हैं जिनके वे हकदार हैं। इस पहल ने महिलाओं, बच्चों, छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों और अन्य वंचित समुदायों को सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए 16,800 आवेदनों का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।

## सैमसंग और ईएमबीआईबीई की साझेदारी से शिक्षा में नया आयाम




**जमशेदपुर/रांची :** भारत के अग्रणी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने एआई-आधारित लर्निंग प्लेटफॉर्म ईएमबीआईबीई के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत ईएमबीआईबीई को सैमसंग एजुकेशन हब ऐप में शामिल किया जाएगा, जिससे छात्रों को टीवी पर एक व्यक्तिगत और इंटरएक्टिव शैक्षिक अनुभव मिलेगा। यह पहल सीबीएसई, आईसीएसई, आईबी, कैम्ब्रिज और राज्य बोर्डों के छात्रों के लिए मददगार होगी, साथ ही आइआईटी जेईई और एनईईटी जैसी परीक्षाओं की तैयारी में भी सहायता प्रदान करेगी। ईएमबीआईबीई के इमर्सिव 3डी व्याख्यात्मक वीडियो कठिन विषयों को समझना आसान बनाएंगे, जिससे पढ़ाई अधिक प्रभावी और रोचक होगी। इस संबंध में सैमसंग इंडिया के वरिष्ठ निदेशक विपलेश डांग ने कहा कि यह ऐप टीवी को महज मनोरंजन का साधन न रहने देकर शिक्षा के प्रभावी प्लेटफॉर्म में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि सैमसंग का विज़न सीमाहीन शिक्षा प्रदान करना है।

## बिड़रा टुसू मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित, झुमुर के ताल पर थिरके युवा



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड की बिडरा गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सार्वजनिक कमिटी द्वारा आयोजित टुसू मेला में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू भी मेला में शामिल होकर आयोजक कमेटी का हौसला बढ़ाया। मेला में टुसू नाच, मुर्गा पाड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस संबंध में शिक्षक गोपेश्वर रजक व आदित्य माहली ने बताया कि बिड़रा ग्रामवासी के द्वारा हर साल टुसू मेला का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया जाता है। मेला में पटमदा, बोड़ाम, जमशेदपुर समेत पश्चिम बंगाल से भी लोग शामिल हुए हैं। टुसू नाच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले टीमों को कमेटी की ओर से पुरस्कृत किया गया। मेला में मुख्य रूप से समाजसेवी सनत महतो, पूर्व मुखिया आदित्य माहली, केदारनाथ महतो, जिहुड़ कैवर्त, राजेश मोदक, संजय महतो, शिक्षक गोपेश्वर रजक, प्रबोध महतो, वासुदेव महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## हरिश्चंद्र विद्या मंदिर वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन हुई कई प्रतियोगिताएं



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांड्रा स्थित हरिश्चंद्र विद्या मंदिर के वार्षिकोत्सव पर प्रारम्भ हुए खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को छात्र-छात्राओं के बीच बाधा दौड़, तीन पैर की दौड़, सूई में धागा पिरोना, म्यूजिकल चेयर आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में काफी संख्या में भाग लेकर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। बताया गया है कि सभी प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को आगामी सरस्वती पूजनोत्सव के दिन पुरस्कृत किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यालय के सहायक शिक्षक रंजीत श्रीवास्तव, शिक्षिका कुमारी तुलसी, कुमारी संजू, उच्च सह मध्य विद्यालय के प्रभारी जेडी महतो, विनोद वार्ष्णेय, डी0 साव, केसी महतो, पीएल महतो आदि का योगदान रहा।

## विधायक ने मुख्यमंत्री राहत कोष से 1.50 लाख का चैक हृदय रोग पीड़ित के परिजनों को सौंपा



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ईचागढ़ विधायक सबिता महतो ने बुधवार इलाज के लिए 1.50 लाख का चेक टीओपी चौक कपाली के नाजनीन अनवर के परिजनों को सौंपा। नाजनीन अनवर हृदय रोग से ग्रसित हैं। बता दें कि पीड़ित और उनके पति अनवर आलम ने क्षेत्रीय विधायक सबिता महतो से मिलके अपनों के दर्द से उन्हें अवगत कराया था। इस विषय को गंभीरता पूर्वक लेते हुए विधायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले और पीड़ित के इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से डेढ़ लाख की धनराशि जारी कराई। चेक मिलने से पीड़ित के चेहरे पर अपनों की जिंदगी बचाने का भाव उभर आया है। इस दौरान पीड़ित परिवारों ने विधायक को आभार व्यक्त किया। परिजनों ने बताया डॉक्टर ने पीड़ित को ईलाज कराने हेतु जयदीप इंस्टीटयूट, बैंगलोर में रेफर किया गया है जहां अब उसकी इलाज होगी। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, झामुमो नेता मो. अर्शद सहित पीड़िता के परिजन मौजूद थे।

## गर्मी में होने वाली पेयजल किल्लत से निजात पाने को लेकर बीडीओ ने जेई से मांगी रिपोर्ट



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गर्मी के दिनों में होने वाली पेयजल किल्लत को दूर करने के लिए गम्हरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार द्विवेदी द्वारा अभी से ही प्रयास प्रारम्भ कर दिए गए हैं। इसको लेकर बीडीओ द्वारा प्रखंड के कनीय अभियंता से सभी पंचायतों में जलापूर्ति को लेकर एक हफ्ते के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए उन्होंने कहा है कि सारे पंचायतों का भौतिक रूप से निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत कराएं ताकि गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले सभी हैंडपंप और जलमीनारों को दुरुस्त कराया जा सके। उन्होंने बताया कि सभी पंचायतों में सोलर जलमीनारों के अलावा हैंडपंप भी लगे है। उनकी वर्तमान स्थिति की समीक्षा कर ससमय दुरुस्त करा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर नए चापाकल भी लगवाए जाएंगे। साथ ही, जिन पंचायतों में जरूरत से ज्यादा हैंडपंप स्वीकृत हुए हैं उन्हें दूसरे पंचायतों के लिए अनुमोदित करने हेतु विभागीय स्तर से तकनीकी स्वीकृति मांगी जाएगी ताकि लोगों को पानी की किल्लत से जूझना नहीं पड़े।

### जमशेदपुर की विभिन्न समस्याओं के समाधान को सीएम से मिले पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, कहा

# जनहित के मुद्दों पर हमेशा जनता के साथ खड़ा रहूंगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के साथ मुलाकात कर उन्हें जमशेदपुर से जुड़े कई जनहित के मुद्दों के प्रति ध्यान आकृष्ट कराया। पूर्व मंत्री ने पिछले कई दिनों से चल रहे मानगो के कचड़े के मुद्दे पर संज्ञान लेने का आग्रह किया, साथ ही कचड़े का निष्पादन हेतु कार्ययोजना बनाने का आग्रह भी किया। इसके साथ ही मानगो फ्लाईओवर निर्माण कार्य में तेजी लाने का विशेष निर्देश अधिकारीयों एवं संबंधित कंपनी को देने का आग्रह किया। आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए सुचारु विधुत व्यवस्था एवं पेयजल आपूर्ति दुरुस्त करने का निर्देश भी अधिकारीयों को देने का आग्रह किया।
इसके साथ शहर में बेहतर लॉ एंड आर्डर समेत क्षेत्र के विभिन्न अन्य मुद्दों पर सकरात्मक बातचीत कर हल निकालने का आग्रह भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से किया। सीएम हेमंत सोरेन ने उनकी सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और जल्द समाधान देने का आश्वासन पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता को दिया।

## चाकूबाजी में मृत शब्बीर के शव के साथ परिजनों ने किया कपाली ओपी का घेराव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** कपाली ओपी अंतर्गत रामू होटल के समीप मंगलवार को हुए चाकूबाजी में गौसनगर फुटबॉल मैदान निवासी मोहम्मद शब्बीर की मौत हो गई थी. इस घटना से आक्रोशित मोहम्मद शब्बीर के परिजन एवं बस्तीवासी ने बुधवार को कपाली ओपी का घेराव कर दिया. इस दौरान मोहम्मद शब्बीर के शव को थाना के गेट के बाहर रख कर लोगों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. लोगों का कहना था कि पुलिस जल्द से जल्द हत्यारों को गिरफ्तार करे. आपको बता दें कि मंगलवार को किसी बात को लेकर शब्बीर आलम को चाकू मारकर घायल कर दिया गया था. सूचना मिलते ही कपाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल शब्बीर को एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर भेजवाया. जहां इलाज के दौरान शब्बीर की मौत हो गई थी. वहीं पुलिस आरोपियों के धरपकड़ में जुटी है. पुलिस ने बताया की इस मामले में अपराधी पुलिस गिरफ्त मे होंगे।

## कुंभ मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए केस इंडिया का प्रोजेक्ट मिलाप शुरू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कुंभ मेला 2025 में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीएनएच ब्रांड केस कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट ने प्रयागराज में 'प्रोजेक्ट मिलाप' लॉन्च किया है। यह एक अनूठी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल है, जिसका उद्देश्य खोए हुए श्रद्धालुओं को उनके परिवारों से शीघ्र मिलाने में मदद करना है। इस पहल के तहत मेले और प्रमुख परिवहन केंद्रों में पंजीकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां श्रद्धालुओं को क्यूआर कोड-सक्षम हैंड बैंड वितरित किए जा रहे हैं। इन बैंडों में आवश्यक जानकारी होगी, जिससे खोए हुए व्यक्तियों की पहचान और पुनर्मिलन में सहायता मिलेगी। इस पहल का शुभारंभ सीएनएच एपीएसी के वीपी एमरे करज़ली, केस इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर शलभ चतुर्वेदी, ऑपरेशंस के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर सतेंद्र तिवारी, ब्रांड मार्केटिंग हेड पुनीत विद्यार्थी और अन्य कंपनी प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस संबंध में सीएनएच की सीएसआर प्रमुख कविता साह ने कहा कि यह पहल सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक कल्याण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। केस एपीएसी के ब्रांड मार्केटिंग प्रमुख पुनीत विद्यार्थी ने बताया कि प्रोजेक्ट मिलाप तकनीक और इनोवेशन के माध्यम से श्रद्धालुओं के आध्यात्मिक अनुभव को सुरक्षित और सुखद बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## भागाबानधी उच्च विद्यालय में छात्र करण महतो को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डुमरिया :** मंगलवार पोटका विधानसभा क्षेत्र डुमरिया प्रखंड अंतर्गत भागाबानधी उच्च विद्यालय परिसर में प्रधानाध्यापक विमल कुमार महतो सहित शिक्षकों - शिक्षिकाओं द्वारा अपने विद्यालय के छठवां वर्ग में अध्ययनरत छात्र करण महतो को कराटे प्रतियोगिता में अलग-अलग खेल स्पर्धा में भाग लेकर 02 डबल ट्रॉफी विजेता होकर लौटने पर एक सादे समारोह आयोजित कर करण महतो एवं कराटे प्रशिक्षक घाटशिला निवासी शिंहान उमेश कांत गिरि को सम्मानित किया गया। समारोह में प्रधानाध्यापक ने कहा कि, मेरे विद्यालय के छात्र करण महतो द्वारा कराटे प्रतियोगिता में दो ट्रॉफी जीत कर लौटने पर हम सभी विद्यालय के शिक्षकों - शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राएं काफी प्रसन्न और हर्ष का माहौल है। हम सभी शिक्षक शिक्षिकाएं करण महतो के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करते हुए आशा करता हूं। इस अवसर पर तत्पश्चात कराटेकार करण महतो, चंद्रशेखर महतो और घाटशिला स्थित मऊभंडार से पधारे कराटेकार गुरु सिमरन सिंह, अमाई नगर से छात्रा सुश्री सुष्मिता धीवर ने कराटे कला कौशल का प्रदर्शन भी किया।

## कुचाई प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की बैठक में योजनाओं की हुई समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड मुख्यालय के सभागार भवन में प्रखंड पंचायत समिति की एक समीक्षात्मक बैठक प्रखंड प्रमुख गुडडी देवी की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में बिजली, कृषि, शिक्षा, उधोग, आपूर्ति, स्वास्थ, पशुपालन विभाग, मनरेगा, आवास योजना सहित विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही कई दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में पंचायत समिति अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं वित्तिय वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 की समीक्षा की गई। अपूर्ण योजनाओं को जल्द से जल्द से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पूर्ण हो चुकी योजनाओं का रॉयल्टी की राशि, लेबर सेस नियमानुसार जमा करने का निर्देश दिया गया। वित्तिय वर्ष 2025-26 हेतू योजना चयन की जानकारी ली गई। अंचल के द्वारा बताया गया कि किसी व्यक्ति की दुर्घटना में मौत होने पर एक लाख की सरकारी सहायता, साप काटने, पानी में डुबने आदि से मौतू होने पर चार लाख की सरकारी सहायता देने का प्रावधान है। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी, उप प्रमुख सुखदेव सरदार, बीडीओ साधुचरण देवगम, विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा, कोडिनेटर पंकज कुमार, आवास कोडिनेटर बीना बांकिरा, एमओ निर्मल लकड़ा, कल्याण पदाधिकारी दीपनाथ मार्डी, बीएओ लिबुनश हेंब्रम सहित सभी पंसस लालमुनी समाड, चांदनी मुंडा, जयंती मुंडा, मोनिका महतो विभिन्न विभागो के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## 8वी व 9वीं की परीक्षा स्थगित, जैक के निर्णय से शिक्षक संघ नाराज, आज ट्विटर अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंड प्लस 2 शिक्षक संघ के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद ठाकुर ने कहा कि झारखंड अधिविध परिषद् (जैक) में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का पद रिक्त रहने के कारण आठवीं व नौवीं की परीक्षा स्थगित होने के बाद अब 10वीं तथा 12 वीं की वार्षिक परीक्षा के आयोजन को लेकर संशय की स्थिति बन गई है। श्री ठाकुर द्वारा सरकार से अतिशीघ्र इन पदों पर नियुक्ति करने की अपील की गई है, ताकि वार्षिक परीक्षाओं को लेकर ऊहापोह की स्थिति समाप्त हो सके। वहीं झारखंड प्लस 2 शिक्षक संघ की बैठक में श्री ठाकुर ने कहा कि यह अत्यंत ही गंभीर विषय है क्योंकि इससे राज्य के लगभग 22 लाख बच्चों का हित प्रभावित हो रहा है। संघ इस संबंध में सभी आवश्यक कदम उठाने हेतु कृतसंकल्पित हैं। संघ ने ससमय वार्षिक परीक्षाओं के आयोजन व जैक अध्यक्ष की नियुक्ति मुद्दे को लेकर 30 जनवरी शाम 6 बजे एक ट्विटर अभियान चलाने आह्वान किया है। ज्ञातव्य है कि वार्षिक परीक्षा का आयोजन समय पर नहीं होने से आगामी अन्य प्रतियोगी एवं प्रवेश परीक्षाओं जैसे - नीट, जेईई, सीयूईटी, एचएमसीईटी आदि में शामिल विद्यार्थियों पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना है।

## ऊर्जा-दक्ष प्रकाश व्यवस्था अपनाने में देश में अग्रणी रहे झारखंड के लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के लोग ऊर्जा-दक्ष प्रकाश व्यवस्था अपनाने में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनकर उभरे हैं। राज्य ने इस मामले में महाराष्ट्र, तमिलनाडु और दिल्ली जैसे प्रमुख राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है। विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का एक संयुक्त उद्यम एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) की ओर से शुरू किए गए ई-मार्केटप्लेस ईईएसएलमार्ट डॉट इन (EESLMart.in) के आंकड़ों के अनुसार, झारखंड के उपभोक्ताओं ने अन्य राज्यों की तुलना में 5-स्टार 6-वाट बल्ब अपनाने में शानदार प्रदर्शन किया है। यह दर्शाता है कि राज्य के लोग पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा समाधानों को अपनाने के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता दिखा रहे हैं। ईईएसएलमार्ट डॉट इन पर उपलब्ध 5-स्टार 6-वॉट का बल्ब केवल 6 वॉट बिजली की खपत करता है, जो एक नाइट लैंप की ऊर्जा खपत के बराबर है। बावजूद इसके यह 9 से 10 वॉट के एलईडी बल्ब के बराबर रोशनी प्रदान करता है। ईईएसएलमार्ट डॉट इन के आंकड़ों के अनुसार, त्रिपुरा के नागरिकों ने ऊर्जा-कुशल 6-वाट बल्ब को अपनाने में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि महाराष्ट्र थोड़े से अंतर की वजह से तीसरे स्थान पर रहा। आश्चर्य की बात है कि बड़े महानगरों वाले राज्य महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु इस मामले में पिछड़ गए। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में क्रमशः झारखंड, त्रिपुरा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, हरियाणा और कर्नाटक है।

**छोटे शहरों ने मारी बाजी :** झारखंड में कोडरमा, सरायकेला और साहिबगंज जैसे शहरों ने अग्रणी भूमिका निभाई है और देश के शीर्ष-10 में राज्य को जगह दिलाने में योगदान दिया है। यही प्रवृत्ति पूरे भारत में देखी जा रही है, जहां महाराष्ट्र के कोल्हापुर और त्रिपुरा के अगरतला जैसे छोटे शहर दिल्ली और मुंबई जैसे प्रमुख महानगरों से आगे निकल रहे हैं।

**इस उपलब्धि के बारे में, ईईएसएल के सीईओ श्री विशाल कपूर ने कहा :** ऊर्जा दक्ष उत्पादों की बढ़ती मांग यह दिखाती है कि नागरिकों में पर्यावरण अनुकूल समाधान को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। हम सभी राज्यों के उपभोक्ताओं से अनुरोध करते हैं कि वे ऊर्जा दक्ष उत्पाद अपनाएं और हरित भविष्य की ओर बढ़ें। यह उपलब्धि हमें प्रेरित करती है कि हम हर भारतीय परिवार को किफायती और नवीन ऊर्जा दक्ष समाधान प्रदान करते रहें।

## खरसावां में आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में लुंगडीह व महिला वर्ग में टारगेट चैंपियन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां प्रखंड के पुंड़िदा फुटबॉल मैदान में आरएमसी पुंड़िदा के द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता-2025 संपन्न हुआ। पुरूष वर्ग के फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में नरायणबेडा एफसी को 1-0 से पराजित कर लुंगडीह एफसी की टीम चैंपियन बना। जबकि महिला वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में एबीसी पुरूनिया एफसी टीम को 2-1 से पराजित कर टारगेट एफसी चक्रधरपुर टीम चैंपियन बनी। फाइनल मैच का शुभारंभ खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने खिलाडियों से परिचय और फुटबॉल को कीक मारकर किया। साथ ही प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता टीमों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पुरूष वर्ग में कोल्हान से कुल 24 फुटबॉल टीमों ने भाग लिया। महिला वर्ग में 8 टीमों ने भाग लिया। पुरूष वर्ग में चैम्पियन टीम को 20 हजार, उप विजेता को 15 हजार, जबकि महिला वर्ग के विजेता टीम को 7 हजार एवं उपविजेता टीम को 5 हजार रूपये देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक दशरथ गागराई, समाजसेवी बासंती गागराई, अर्जुन गोप, जानोमाई जामुदा, ललन तिवारी, विश्वनाथ बोयपाई, कृष्णा सिंह बोयपाई, बुधराम बोयपाई आदि उपस्थित थे।

## फिटनेश ट्रेनर मीनाक्षी इन्फ्लुएन्सर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मोहिनी कॉम्पलेक्स, डिमना रोड मानगो स्थित मिनाश डांस एवं फिट्नेस स्टुडियो की प्रोपराईटर सह संचालिका एवं लोयला स्कूल की शिक्षिका मीनाक्षी माधुर्या ने जयपुर में आयोजित इन्फ्लुएन्सर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के फिटनेश कैटेगरी में लाईव 3 घंटे बिना ब्रेक लिये कार्य करने का इन्फ्लुएन्सर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। मीनाक्षी मनिहारी के विधायक मनोहर प्रसाद सिंह की पुत्री हैं। फिटनेश कैटेगरी में जमशेदपुर से चयनित मीनाक्षी माधुर्या का फिटनेश ट्रेनर के रूप में एक अलग ही पहचान है और उनके पति मनोज कुमार झारखण्ड में उत्पाद विभाग में एडिशनल कमिश्नर के पद पर आसिन हैं। उक्त खिताब जीतने पर न केवल मित्र बल्कि परिवार के सभी सदस्य ससुर चन्दर प्रसाद सिंह एवं सास निलिमा देवी ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमें मीनाक्षी माधुर्या पर गर्व है।

## वाई आई जमशेदपुर उद्यमिता टीम ने टाटा स्टील नोआमुंडी माइंस का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वाई आई जमशेदपुर उद्यमिता टीम ने हाल ही में टाटा स्टील के नोआमुंडी माइंस का औद्योगिक दौरा किया, जहां सदस्यों को आधुनिक खनन संचालन और पर्यावरणीय स्थिरता से जुड़ी पहल का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। दौरे के दौरान टाटा स्टील की वर्षा जल संचयन योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया, जो जल संरक्षण और स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इस दौरे की सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि खदान में एक शिफ्ट का संचालन पूरी तरह से महिलाओं की टीम द्वारा किया गया, जिससे यह साबित हुआ कि कंपनी लैंगिक समावेशिता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरे में गौरव अग्रवाल, मानसी अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, पुलकित झुनझुनवाला, सौरभ मित्तल, निखिल अडेसरा, सौरभ मजूमदार, अंकित लोढ़ा, कौशिक मोदी और श्रुति झुनझुनवाला सहित कई प्रमुख सदस्य शामिल थे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# सुशासन की गश्त

**प्रवास** के पांव चले मुख्यमंत्री ने जो जमीन तलाशी, उसी के ललाट पर है उम्मीदों की कहानी छिपी। शीतकालीन प्रवास के कई कार्यक्रम थे, लेकिन इससे इतर जब मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू चले तो यह सुशासन की गश्त बन गई। दरअसल इसी गश्त की जरूरत में पूरा हिमाचल चाहता है कि सरकारें सुशासन के कदमों पर चलें। दूसरी ओर राज्य को अगर अपने पांव पर चलना है तो जनता को भी इसी के साथ चलना होगा। अंततः प्रदेश तभी चलेगा, जब इसके खजाने में अपनी कमाई का प्रसार और फिजूलखर्ची के रिसाव में कमी आएगी। हमने जरूरत से ज्यादा ओढ़ ली ख्वाहिशें, दिक्कत यह कि परवरदिगार हमारे सपने में भी नहीं आता। इसी असंतुलन की लंबी परछाई को काटने के लिए प्रदेश की मानसिकता बदलनी होगी, वरना मुफ्त की बिजली और कर रहित सुविधाओं की बरसात में हिमाचल का बजट अकालग्रस्त होकर चकनाचूर हो जाएगा। आज विकास का प्रत्येक कदम इतने दलदल लांघ चुका है कि राज्य सरकार केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल परिसर के तीस करोड़ भुगतान से पीछा छुड़ा रही है। केंद्रीय संस्थानों की मिट्टी भरते-भरते भी क्या प्रदेश को चूना लग रहा है। तर्क तो यही है कि पहले भूमि अधिग्रहण की कसरतों में पसीना-पसीना होता है, फिर जंगलात महकमे की आबरू में हिमाचल की गैर वन भूमि की रक्षा का कवच उतर जाता है। ऐसे में अपने ही जंगल की जमीन पर पांव रखने की कीमत हिमाचल कब तक भरे, लेकिन प्रदेश को पर्यावरण का ही अभियुक्त बनाने में एक वर्ग खड़ा रहता है। हर तरह की भूमि जंगल नहीं हो सकती, लेकिन हमने मान लिया कि 70 प्रतिशत जमीन पर जंगलात महकमे की बादशाहत रहे और यही बादशाहत हर आर्थिक विकास की आंख की किरकिरी बनी रहती है। हम भले ही पूर्ण राज्यत्व के 55वें वर्ष में प्रवेश कर गए, लेकिन क्या इससे आर्थिक संपूर्णता मिली। यह दीगर है कि पहले पहाड़ पर राज्य का होना विशेषाधिकार प्राप्ति के संसाधन या वित्तीय राहत देता था, लेकिन आज 90 प्रतिशत के बजाय 50:50 की भागीदारी में केंद्र स्मार्ट सिटी जैसी परियोजनाओं में हिमाचल की परीक्षा को कठिन बनाता जा रहा है। कमोबेश यही स्थिति आत्मनिर्भरता के हर कदम पर केंद्र के सख्त पहरे की वजह बनकर हमारी मजबूरियां बढ़ाता रहा। हम केंद्र का सहारा खोजते-खोजते अपने संसाधनों की सही ढंग से पैरवी नहीं कर सके, नतीजतन बीबीएमबी और केंद्रीय विद्युत परियोजनाएं आज तक प्रदेश के संसाधनों की गाढ़ी कमाई खा रही हैं। वाटर सेस के फार्मूले की उधेड़बुन में आर्थिकी सजा पा रही है। हम खुश रहे कि हमने आर्थिक बौनेपन पर कई स्कूल, कालेज, मेडिकल कालेज, विश्वविद्यालय और तकनीकी शिक्षा के संस्थान चढ़ा लिए, लेकिन अब ये संस्थान आर्थिक कब्र साबित हो रहे हैं। अब वक्त आ गया है कि हम अपने पर खुद ही कतर दें। पर कतरने का यथार्थ यह भी कि हमने जरूरत से ज्यादा सरकारी खेत में अनुपयोगी बीज बो दिए और जो अब भयावह कांटों का जंगल बन चुका है। बजट पर बजट और बजट के लिए उधार पर उधार इसलिए चढ़ रहा है क्योंकि सरकारी कर्मचारियों के वेतन भत्ते और पेंशन का भुगतान जी का जंजाल बन चुका है। हमने दो-ढाई हजार डाकबंगले बना लिए तो इनका विनिवेश क्यों न किया जाए। अब दर्जनों के हिसाब से स्कूल और कालेज क्यों न बेकार माने जाएं। अगर किसी जमा दो स्कूल में छात्र सौ या इससे कम संख्या में हों और वहां प्रवक्ताओं और गैर टीचिंग स्टाफ की संख्या बीस के करीब हो, तो लगभग बीस लाख खर्च कर देने से कौन सी उपलब्धि हासिल होगी जबकि परिणाम की सुर्खियों में तो निजी स्कूल ही छाए रहते हैं। इसी तरह अगर निजी निवेश या सार्वजनिक संपत्तियों या संस्थानों के विनिवेश पर तवज्जो दी जाए, तो यह प्रदेश अपने मुफ्त के लंगर समेट सकता है। यहां उल्लेखनीय है कि जब मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के कदम धर्मशाला के बाल जमा दो स्कूल तक पहुंचे तो मालूम हो गया कि इस संस्थान की प्रासंगिकता है कितनी कमजोर।

शीतकालीन प्रवास के कई कार्यक्रम थे, लेकिन इससे इतर जब मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू चले तो यह सुशासन की गश्त बन गई। दरअसल इसी गश्त की जरूरत में पूरा हिमाचल चाहता है कि सरकारें सुशासन के कदमों पर चलें। दूसरी ओर राज्य को अगर अपने पांव पर चलना है तो जनता को भी इसी के साथ चलना होगा। अंतत: प्रदेश तभी चलेगा, जब इसके खजाने में अपनी कमाई का प्रसार और फिजूलखर्ची के रिसाव में कमी आएगी। हमने जरूरत से ज्यादा ओढ़ ली ख्वाहिशें, दिक्कत यह कि परवरदिगार हमारे सपने में भी नहीं आता। इसी असंतुलन की लंबी परछाई को काटने के लिए प्रदेश की मानसिकता बदलनी होगी, वरना मुफ्त की बिजली और कर रहित सुविधाओं की बरसात में हिमाचल का बजट अकालग्रस्त होकर चकनाचूर हो जाएगा। आज विकास का प्रत्येक कदम इतने दलदल लांघ चुका है कि राज्य सरकार केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल परिसर के तीस करोड़ भुगतान से पीछा छुड़ा रही है। केंद्रीय संस्थानों की मिट्टी भरते–भरते भी क्या प्रदेश को चूना लग रहा है

## सर्वेक्षण के अनुसार शहरी और ग्रामीण इलाकों में घरेलू खर्च का जो पहले अंतर रहता था, वह लगातार घटता चला गया

# गांवों की खुशहाली मापने के लिए बनाएं नए मानदंड


उमेश चतुर्वेदी

देश सिर्फ ग्रामीण संस्कृति और कृषि व्यवस्था के लिए ही नहीं, सहकार और शिल्पकारी के लिए भी वैश्विक पहचान रखते रहे हैं। सोने की चिड़िया कहे जाने वाले दौर में भी भारतीय कृषि और आर्थिकी के आधार गांव ही रहे। यह बात और है कि अंग्रेजी शासन के दौरान से भारतीय गांवों का पतन शुरू हुआ। इसके बाद भारतीय गांव गरीबी और मजबूरी के पर्याय माने जाने लगे।

**दुनिया** की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाले अपने देश की पहचान उसके गांव रहे हैं। देश सिर्फ ग्रामीण संस्कृति और कृषि व्यवस्था के लिए ही नहीं, सहकार और शिल्पकारी के लिए भी वैश्विक पहचान रखते रहे हैं। सोने की चिड़िया कहे जाने वाले दौर में भी भारतीय कृषि और आर्थिकी के आधार गांव ही रहे। यह बात और है कि अंग्रेजी शासन के दौरान से भारतीय गांवों का पतन शुरू हुआ। इसके बाद भारतीय गांव गरीबी और मजबूरी के पर्याय माने जाने लगे। लेकिन घरेलू उपयोग और खर्च के ताजा सर्वेक्षण की रिपोर्ट बता रही है कि गांवों की आर्थिक तस्वीर बदलने लगी है।

भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से घरेलू उपयोग और खर्च के लिए कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार शहरी और ग्रामीण इलाकों में घरेलू खर्च का जो पहले अंतर रहता था, वह लगातार घटता चला गया है। अगस्त 2023 से जुलाई 2024 के दौरान किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक, ग्रामीण और शहरी भारत में प्रति व्यक्ति औसत मासिक खर्च 4,122 रुपये और 6,996 रुपये हो गया है। जबकि पहले यानी 2022 से 2023 के बीच यह खर्च क्रमशः 3,773 रुपये और 6,459 रुपये थाय यानी शहरी और ग्रामीण भारत की प्रति व्यक्ति खर्च दर में बड़ा अंतर था। मोटे तौर पर यह आंकड़ा बता रहा है कि हाल के दिनों में ग्रामीण इलाकों में आर्थिक समृद्धि पहले की तुलना में बढ़ी और उस लिहाज से खर्च भी बढ़ा है।

2011 की जनगणना के अनुसार भारत की 68 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, जबकि 32 प्रतिशत आबादी शहरों में है। स्वाधीन भारत में विशेषकर उदारीकरण के बाद जिस तरह का विकास मॉडल हमने अपनाया, उसमें शहरी विकास पर सबसे ज्यादा फोकस रहा, ग्रामीण विकास या तो रस्मी रहा या फिर उस पर फोकस शहरों की तुलना में कम रहा। शहरों की ओर रोजगार और जीवन सुविधाएं केंद्रित होती चली गईं। शिक्षा के भी बेहतर अवसर गांवों की तुलना में शहरों की ओर बढ़ते गए। इस लिहाज से ग्रामीण क्षेत्रों से सबसे ज्यादा पलायन रोजगार और शिक्षा के लिए हुआ। फिर जिन परिवारों के पास सहूलियतें बढ़ीं, उन परिवारों ने अपनी हैसियत और बजट के लिहाज से मुफीद पाए जाने वाले शहरों की ओर रहने के लिए रूख किया। यही वजह है कि शहरी और ग्रामीण आबादी का जो अनुपात आबादी के



समय था, वह आज बदल चुका है। आजादी के वक्त तकरीबन 80 फीसद से ज्यादा लोग गांवों में रहते थे, अनुमान है कि वह घटते-घटते अब साठ और पैंसठ फीसद के बीच आ गई है। रिकॉर्ड पर ग्रामीण आबादी का इतना बड़ा हिस्सा भले ही गांवों में बसता हो, लेकिन हकीकत यह है कि इसमें एक बड़ा हिस्सा शहरों में रोजी-रोटी और शिक्षा के लिए कभी शौकिया तो कभी मजबूरीवश रहने को मजबूर है। इसलिए रिकॉर्ड की तुलना में वास्तविक ग्रामीण आबादी अब और भी कम हो चुकी है।

घरेलू खर्च के इस नए आंकड़े को देखते वक्त हमें इस संदर्भ पर भी ध्यान देना होगा। बहरहाल हमें यह भी ध्यान देना होगा कि ग्रामीण इलाकों में खाद्यान्न विशेषकर गेहूं और चावल पर खर्च में निजी या पारिवारिक खर्च में कमी आई है। इसकी वजह यह है कि सरकार की ओर से तमाम तरह की योजनाएं और सामाजिक कल्याण कार्यक्रम चल रहे हैं। मुफ्त खाद्यान्न योजना समेत कई अन्य सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के जरिये मुफ्त में मिल रही चीजों की कीमतों को ध्यान में रखें तो घरेलू खर्च के ये आंकड़े ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए क्रमशः 4,247 रुपये और 7,078 रुपये हो जाते हैं। मौजूदा कीमतों के संदर्भ में देखें तो शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति खर्च पर औसत आठ और नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। साल 2011-12 में शहरी और खपत खर्च के बीच 84 प्रतिशत का अंतर था, जो 2022-23 में घटकर 71 प्रतिशत हो गया। जो अब 70 फीसद ही रह गया है। इन आंकड़ों से ग्रामीण इलाकों में बढ़ती खुशहाली की तसवीर सामने आती है। दिलचस्प यह है कि इस आंकड़े में खाने-पीने के अलावा की चीजों पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में यह खर्च 60 और 53 प्रतिशत रहा। इसका मतलब साफ है कि अब ग्रामीण इलाकों में भी वाहन, कपड़े, बिस्तर, जूते, मनोरंजन एवं टिकाऊ आदि सामानों पर खर्च बढ़ा है। इससे साफ है कि उपभोक्तावाद ने ग्रामीण इलाकों पर भी जोरदार दस्तक दी है। वैसे ऑनलाइन स्टोर से गांवों में खरीददारी बढ़ी है और उनके डिलीवरी एजेंटों की बाइकें अब ग्रामीण इलाकों का भी खूब चक्कर लगा रही हैं। पिछले साल मई में रिजर्व बैंक ने भी ग्रामीण इलाकों में बढ़ती खपत खर्च को लेकर ऐसे ही आंकड़े जारी किए थे। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने उम्मीद जताई थी कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी रहेगी और देश की जीडीपी दर मे 7.3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हो सकती है। लेकिन रिजर्व बैंक ने इसी रिपोर्ट में ग्रामीण इलाकों में बढ़ते कर्ज को लेकर भी रिपोर्ट जारी की थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट में भी कर्ज को लेकर चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इसके मुताबिक, कर्ज लेने में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग कहीं ज्यादा आगे हैं। गांवों में प्रति एक लाख लोगों में 18,714 लोग ऐसे हैं, जिन्होंने कोई न कोई कर्ज ले रखा है, जबकि शहरों में यह आंकड़ा 17,442 प्रति लाख ही है। साफ है कि उपभोक्तावाद ग्रामीण संस्कृति को बदलने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। कर्ज कभी गांवों के लोगों के लिए सिरदर्द होते थे, इसलिए वहां बचत केंद्रित आर्थिकी पर जोर था। लेकिन अब इसमें गिरावट आई है। इसका मतलब साफ है कि गांवों में खर्च भले ही बढ़ रहा है, लेकिन यह भी सच है कि गांवों की तसवीर अभी कम से कम वैसी नहीं हो पाई है, जिस स्तर पर शहरी तसवीर है।

गांवों का समृद्ध होना जरूरी है। हाल के दिनों में जनसंख्या को बढ़ाने और न बढ़ाने को लेकर सियासी तौर पर अपने-अपने तर्क दिए जा रहे हैं। इन तर्कों के अपने आधार हो सकते हैं। लेकिन इससे शायद ही कोई इनकार करेगा कि भारत के शहरों की सांस अगर फूल रही है तो इसकी बड़ी वजह उनकी ओर बेतहाशा हो रहा पलायन और उस बड़ी जनसंख्या के लिए इस्तेमाल हो रहे उपभोक्ता वस्तुओं का बड़ा योगदान है। भारत में आबादी बढ़ाने की जगह आबादी के समन्वित और संतुलित वितरण की जरूरत ज्यादा है। ग्रामीण इलाकों में आबादी को रोकने की कोशिश होनी चाहिए।

दृष्टि कोण

# गांधी जी का बहुआयामी व्यक्तित्व

**गांधी** के व्यक्तित्व का सम्यक आकलन करना आसान नहीं है। गांधी एक आम साधारण इनसान, जो घर में छोटी मोटी चोरी भी बाल सहज क्रीड़ा में कर लेता। अपनी मां से प्राप्त धार्मिक संस्कारों को भी लगन से मानने वाला। लेकिन सच का आग्रही। जब विद्यालय में निरीक्षण के लिए आए बड़े अफसर के सामने अपना परीक्षा परिणाम अच्छा दिखने की होड़ में अध्यापक द्वारा कुछ नकल मार कर परीक्षा पत्र में सुधार का इशारा किया तो उसी गांधी ने उसे चुपचाप मानने से इंकार कर दिया। एक छोटी रियासत के वजीर का बेटा जिसे बैरिस्टर बनने के लिए इंग्लैंड भेजा गया। वो बैरिस्टर बना और अफ्रीका में एक कंपनी की वकालत करने के लिए गया। जहां देखा कि वहां की गोरी सरकार रंगभेद से इस तरह पीड़ित है कि ट्रेन में काला आदमी प्रथम दर्जे में सफर भी न कर सके। वकालत तो अपनी जगह थी ही, किन्तु वह चुप नहीं बैठा और रंगभेद के खिलाफ वहां की गोरी सरकार से भिड़ गया। और भिडंत भी ऐसी जो अभूतपूर्व थी। सत्याग्रही भिड़ंत। और उससे सफलताएं हासिल कीं। वकालत शुरू की तो तय किया कि झूठ की वकालत नहीं करूंगा। केस सच्चा होना चाहिए, तो जी-जान लगा कर लड़ा। धीरे धीरे वहां के जजों को भी पता लग गया कि गांधी झूठे केस नहीं लड़ता, तो एक बार अच्छे खासे पैसे देने वाले मुवक्किल का केस, यह पता लगने पर कि केस झूठा है, बीच में ही छोड़ दिया। जज ने वादी के विरुद्ध फैसला दिया। ऐसे मामलों में दुश्मनी तक की नौबत आ जाती है, किन्तु वह उस परदेस में भी डरा नहीं।

भारत में आया तो देश में कांग्रेस की कमान संभाली। इससे पहले कई तरह से आजादी की लड़ाई लडने वाले देशभक्त अपनी जान की परवाह किए बिना भी संघर्षरत थे। किन्तु लड़ाई आम आदमी की नहीं बन पा रही थी। गांधी ने देश की आध्यात्मिक नब्ज को पहचाना। जैसे विवेकानंद ने भी एक जगह कहा था कि भारतीय मन अध्यात्म से संचालित होता है, उसी सूत्र से देश के दूरदराज तक गांधी का संदेश पहुंचा। तब न तो मीडिया गांव गांव तक पहुंचा था और न ही अन्य संचार साधन। किन्तु जो भी टूटी फूटी व्यवस्था थी, उसके सहारे गांधी का संदेश देश के कोने कोने तक पहंचा और आजादी की लड़ाई सारी जनता का संघर्ष बन गया। आजादी प्राप्ति में अन्य विचारधाराओं के लोगों का भी योगदान रहा, किन्तु सबसे बड़ी चोट अंग्रेज सरकार की चूलें हिलाने के लिए गांधी की रही। उसने अहिंसा को अस्त्र बनाया, जिसका मुकाबला शस्त्र से करना आसान नहीं था। इसलिए गांधी को कुछ श्रद्धावान लोगों ने उन्हें राष्ट्रपिता की उपाधि से संबोधित किया। आज उस पर आक्षेप होते हैं। किन्तु गांधी ने खुद को राष्ट्रपिता कहलाने की कोई पहल नहीं की। कुछ ने उन्हें महात्मा कहना शुरू कर दिया और आम जनता ने इन दोनों संबोधनों को अंगीकार कर लिया। बिना किसी प्रचार के। उन्हें कोई राष्ट्रपिता और महात्मा कहे या न कहे, इसका गांधी के व्यक्तित्व पर कोई असर नहीं पड़ सकता। हां, उससे हमारी समझदारी के स्तर का जरूर खुलासा होता है कि हम अपने नायकों को कितना सम्मान देने की समझ रखते हैं। एक बात और, गांधी ने अपने आजादी के संघर्ष को केवल अंग्रेजों के विरुद्ध ही नहीं केन्द्रित रखा, बल्कि समाज में फैली छुआछूत जैसी विद्रूपताओं के खिलाफ इस काल खंड की सशक्त आवाज बना दिया। देश के लिए आत्मनिर्भरता का लक्ष्य तय किया और उसकी पूर्ति के लिए व्यावहारिक कार्यक्रम खादी और ग्रामोद्योग के रूप में लागू करने की पहल की। अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष में भी अंग्रेजी शासन व्यवस्था को समाप्त करने के लिए संघर्ष हुआ, किन्तु अंग्रेजों के खिलाफ बिना दुश्मनी का भाव रखे। यानी पाप से घृणा करो, पापी से नहीं। इस तरह के घोष वाक्य तो कई धर्मों में विद्यमान हैं, किन्तु उनको लागू कौन करता है? गांधी ने उनको सामाजिक जीवन तक विस्तारित किया और लागू करने की पहल की।

आजकल बहुत से लोग गांधी की छोटी छोटी बातों को तोड़मरोड़ कर उन्हें लांछित करने के प्रयासों में लगे रहते हैं, लेकिन वे इस बात पर गौर करने से बचते हुए निकल जाना चाहते हैं कि गांधी तो खुली किताब है। उसने तो अपनी आत्मकथा में सबके सामने अपने जीवन के हर पहलू को रख दिया है। और उसे नाम दिया सत्य के साथ मेरे प्रयोग। वह कहता है कि मैं असली सत्य तक पहंचने का दावा नहीं करता, किंतु दूसरे लोग इस खोज को और आगे बढ़ा सकते हैं, और सत्य के अनछुए पहलुओं को उजागर कर सकते हैं। लेकिन सत्य पर उनकी दृढ़ आस्था सनातन संस्कृति पर उनके विश्वास के कारण फलीभूत हुई थी। उन्होंने सत्य को ही ईश्वर माना था। 'सत्यं ज्ञानं अनंतं ब्रह्म', इस आप्त वाक्य पर ही उनका जीवन टिका लगता है। विवेकानंद ने कहा था कि मनुष्य स्वभाव से स्वार्थी है। किन्तु स्वार्थी होना कोई बुरी बात नहीं, बशर्ते हम स्वार्थ का दायरा व्यापक करते चले जाएं। अपने से, परिवार से, इलाका से, प्रान्त से, देश और विश्व तक, इसका विस्तार हो सकता है।

कुछ अलग

# धर्मो रक्षति रक्षितः

**नेता** जी चौराहे पर माइक के सामने खड़े होकर उंगलियां उठा-उठा कर भाषण दे रहे थे। कभी वह दाएं हाथ की तर्जनी हवा में उठाते तो कभी बाएं हाथ की। वह युवाओं से धर्म की रक्षा का आवाह्न करते हुए कह रहे थे कि अगर धर्म की रक्षा के लिए हमें अपनी जान भी देनी पड़ी तो हमें पीछे नहीं हटना चाहिए। अगर हमने धर्म के लिए जान देना सीखा होता तो कोई माई का लाल हमें एक हज़ार साल तक ग़ुलाम बना कर नहीं रख सकता था। हमारी कायरता ने ही हमें सदियों तक विदेशियों की दासता स्वीकार करने पर मजबूर किया। लेकिन अब जागने का समय आ चुका है। उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक धर्म की पताका भूखंड के उन भागों पर न फहराने लगे, जो कभी भारतवर्ष कहलाता थे। जो धर्म विरोधी हैं, वे धर्म ही नहीं, देश के भी गद्दार हैं। ऐसे गद्दारों को अगर गोली भी मारनी पड़े तो हमें संकोच नहीं करना चाहिए। भले ही इसके लिए हमें जेल क्यों न जाना पड़े। हम एक रहने पर ही सुरक्षित रहेंगे। अगर बंटे तो कोई भी हमें गाजर-मूली की तरह काट कर फैंक सकता है। हमें अपनी बेटी, रोटी और माटी को घुसपैठियों से बचाना ही होगा। इसके बाद उन्होंने पूरे उत्साह के साथ बुलंद आवाज़ में संस्कृत का प्रसिद्ध श्लोक 'धर्मो रक्षति रक्षितः' पढ़ा। उनके इतना कहते ही उन्मादी भीड़ ने ज़ोर-ज़ोर से तालियां पीटना शुरू कर दीं और कई उत्साही युवा जय श्रीराम का उद्घोष करने लगे। भीड़ में वीर रस की धाराएं फूट पड़ीं। नेता जी संदर्भ सहित श्लोक की व्याख्या करते हुए कहने लगे, 'इस श्लोक का उद्धरण महाभारत के वन पर्व और मनुस्मृति के आठवें अध्याय में मिलता है। धर्म उन लोगों की रक्षा करता है जो इसकी रक्षा करते हैं। हमारे लिए यह गौरव का विषय है कि अंग्रेज़ी में धर्म के लिए कोई शब्द नहीं। अंग्रेज़ी में मिलने वाले इसके सबसे क़रीबी पर्यायवाची शब्द धार्मिकता और नैतिकता हैं। जो मनुष्य पुण्य का त्याग करता है, वह स्वयं नष्ट हो जाता है।

जो व्यक्ति धर्म को सुरक्षित रखता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। हमारा धर्म विश्व का सबसे प्राचीन धर्म है। अगर हम अपने धर्म की रक्षा करेंगे तो हमारा धर्म हमारी रक्षा करेगा। समय-समय पर भगवान ने स्वयं अवतार लेकर धर्म की रक्षा की है। अब हम भगवान के कल्कि अवतार की प्रतीक्षा कर रहे हैं।' नेता जी ने युवाओं में जोश भरते हुए उन्हें याद दिलाया कि अगले माह नगर में आयोजित होने वाली पूजा के बाद मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि घुसपैठियों को अपने धर्म की शक्ति से अवगत करा दिया जाए। उन्होंने शोभा यात्रा और जुलूस का रूट चार्ट साझा करते हुए कहा कि इस दौरान हमें हर मस्जिद और मोहल्ले में भगवा झंडा लहराना है। उनके इतना कहते ही उन्मादी भीड़ पूरे जोश-ओ-ख़रोश के साथ अपने इष्ट के नारों से आकाश गुंजायमान करने लगी। नारे कान खाने लगे तो झुन्नू लाल चुपचाप वहां से खिसक लिए। शाम को पार्क में सैर के दौरान झुन्नू जी को नेता जी के दर्शन हो गए। औपचारिक दुआ-सलाम के बाद झुन्नू जी ने नेता जी से पूछा कि क्या वह वास्तव में धर्म की रक्षा के लिए जान दे सकते हैं? नेता जी झुन्नू जी को तिरछी निगाहों से घूरते हुए बोले, 'झुन्नू लाल जी क्यों मज़ाक करते हो? राजनीति अपनी जगह और धर्म अपनी जगह। हम अपनी सहूलियत के हिसाब से राजनीति की टकसाल में धर्म के सिक्के चलाते हैं। इन सिक्कों में चित भी हमारी होती है और पट भी। अगर हम जान दे देंगे तो देश कौन चलाएगा? धर्म तो भूखे लोगों की अफीम है और हम ठहरे अफीम के व्यापारी। आप ऐसा क्यों समझते हैं कि सिर्फ भगवा चोले वाले ही धर्म का दोहन करते हैं।

देश दुनीया से

# महाकुंभ की आर्थिकी

**उत्तर** प्रदेश के प्रयागराज में हर 12 वर्ष में एक बार लगने वाला महाकुंभ मेला प्रारंभ हो चुका है। 13 जनवरी से शुरू यह महाकुंभ मेला 2025 एक भव्य आध्यात्मिक ही नहीं, अपनी विशालता और श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए, दुनिया भर के लिए एक अद्भुत आयोजन भी है। यह पवित्र समागम सदियों पुरानी परंपराओं और सांस्कृतिक भव्यता को भी दर्शाता है। इस त्योहार की उत्पत्ति हिंदु पौराणिक कथाओं में निहित है। माना जाता है कि यह त्योहार राक्षसों पर देवताओं की जीत का प्रतीक है। इसका उल्लेख पुराणों में तो मिलता ही है, जिनके अनुसार समुद्र मंथन के पश्चात कुंभ मेलों का आयोजन शुरू हुआ। कुंभ का मतलब है, अमृत से भरा पात्र। मान्यता है कि देवताओं और असुरों द्वारा समुद्र मंथन से जो अमृत निकला था, उसके पात्र को लेकर जब देवताओं और असुरों के बीच संघर्ष हुआ, तो अमृत की चार बूंदें भारत के चार स्थानों पर गिरीं: प्रयागराज (इलाहाबाद), हरिद्वार, उज्जैन और नासिक। तभी से ये स्थल कुंभ मेले के पवित्र स्थल बन गए, जहां भक्त नदियों में स्नान करके आध्यात्मिक मुक्ति पाने के लिए इक_ा होते हैं। महाकुंभ के मेले में बारंबार स्नान का भी एक विशेष महत्व है।

माना जाता है कि गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम पर स्नान करने से पाप धुल जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा समागम है, जिसमें लगभग 40 करोड़ लोग हिस्सा लेने वाले हैं। महाकुंभ के पहले ही दिन 13 जनवरी 2025 को पौष पूर्णिमा स्नान के अवसर पर 1.5 करोड़ लोगों ने संगम में डुबकी लगाई तो 14 जनवरी 2025 को मकर संक्रांति के अवसर पर 3.5 करोड़ लोगों ने संगम में डुबकी लगाई। माना जा रहा है कि मौनी अमावस्या स्नान जनवरी 29 को होगा, जिसमें कम से कम 10 करोड़ लोग भाग लेंगे। फरवरी 03, 2025 को वसंत पंचमी स्नान, फरवरी 12, 2025 को माघी पूर्णिमा स्नान और फरवरी 26, 2025 को महाशिवरात्रि स्नान को मिलाकर कुल छह अमृत स्नान रहेंगे। दुनिया के लिए यह एक अचंभे से कम नहीं है कि एक ही स्थान पर 40 करोड़ श्रद्धालु आएंगे, जिसके लिए प्रशासन ने प्रयागराज में मेला स्थान को 3200 हेक्टेयर से बढ़ा कर 4000 हेक्टेयर कर दिया है। घाटों की लंबाई अब 12 किलोमीटर है जो 2009 में मात्र 8 किलोमीटर ही थी। कुंभ मेला एक स्थान पर नहीं, बल्कि ज्योतिषीय गणना के आधार पर चार अलग-अलग स्थानों पर लगता है। कुंभ मेले में 12 साल के अंतराल का कारण यह है कि वृहस्पति को सूर्य के चारों ओर एक चक्कर पूरा करने में 12 साल लगते हैं। कुंभ मेला वेबसाईट के अनुसार, जब बृहस्पति कुंभ राशि में होता है और सूर्य और चंद्रमा क्रमशः मेष और धनु राशि में होते हैं तो हरिद्वार में कुंभ आयोजित किया जाता है। जब बृहस्पति वृषभ राशि में होता है और सूर्य और चंद्रमा मकर राशि में होते हैं तो कुंभ प्रयागराज में आयोजित किया जाता है। जब बृहस्पति सिंह राशि में होता है, सूर्य और चंद्रमा कर्क राशि में होते हैं तो कुंभ नासिक और त्रयंबकेश्वर में आयोजित किया जाता है, यही कारण है कि इन्हें सिंहस्थ कुंभ भी कहा जाता है।



यह वृहत और लगातार होने वाला आयोजन, हमारे प्राचीन खगोल विज्ञान को भी प्रमाणित करता है।

आर्थिक गतिविधियों का समागम : जानकारों का मानना है कि 46 दिन चलने वाले महाकुंभ मेला देश की जीडीपी में एक प्रतिशत तक की वृद्धि कर सकता है। प्रदेश की जीडीपी में तो उससे कहीं ज्यादा वृद्धि हो सकती है। हालांकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की गणना के अनुसार, महाकुंभ में अपेक्षित 40 करोड़ लोग 5 हजार रुपए प्रति व्यक्ति के हिसाब से खर्च करे तो इससे 2 लाख करोड़ रुपए का आर्थिक प्रभाव होगा। लेकिन कुछ अन्य लोगों का मानना है कि प्रति व्यक्ति खर्च 10 हजार रुपए तक हो सकता है, जिसका मतलब है कि 4 लाख करोड़ रुपए का आर्थिक प्रभाव। यह गणना बिना आधार के नहीं है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2019 के कुंभ ने 1.2 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त जीडीपी का सृजन किया था। इस मेला में 24 करोड़ लोगों ने भाग लिया था, जो 2013 के मेला से दोगुना था। यानी इस बार 40 करोड़ लोगों की अपेक्षित भागीदारी के चलते 4 लाख करोड़ रुपए का आर्थिक प्रभाव, अस्वाभाविक नहीं है। सरकार द्वारा इस मेला में 7500 करोड़ रुपया खर्च किया जाना है, जिसमें राज्य सरकार का हिस्सा 5400 करोड़ और केंद्र सरकार का हिस्सा 2100 करोड़ रुपए का है। योगी आदित्यनाथ का यह भी कहना है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा अस्थायी शहर है। कुंभ मेला, एक विशाल हिंदू तीर्थयात्रा और त्यौहार है, जिसे 2017 में यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में अंकित किया गया था। यह मान्यता एक अद्वितीय और अमूल्य सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के रूप में त्यौहार के महत्व को उजागर करती है, जो भारत की समृद्ध आध्यात्मिक परंपराओं को प्रदर्शित करती है और विविध समुदायों के बीच एकता को बढ़ावा देती है। ध्यातव्य है कि बिना किसी बड़ी बाधा के कुंभ का मेला हजारों वर्षों से आयोजित होता आ रहा है। हालांकि, 2019 कुंभ की व्यवस्थाएं भी कमतर नहीं थीं और 2017 के यूनेस्को द्वारा कुंभ को दी गई मान्यता के अनुरूप ही थी, जिससे भारत की अद्वितीय पैमाने पर आयोजन की क्षमता का प्रदर्शन हुआ। महाकुंभ 2025 की व्यवस्थाएं एक अलग स्तर और पैमाने पर एक प्रबंधकीय चमत्कार को दर्शाती हैं। सुरक्षित और व्यवस्थित स्नान के लिए 8 नए घाट जोड़े गए हैं। भीड़भाड़ से बचने के लिए उन्नत भीड़ प्रबंधन तकनीक, बेहतर परिवहन बुनियादी ढांचा और कई अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। हम देखते हैं कि विशाल स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, सुविधाएं, सौर ऊर्जा संचालित प्रकाश व्यवस्था और आरामदायक आश्रय कुछ उल्लेखनीय व्यवस्थाएं हैं।

महाकुंभ 2025 के प्रबंधन में प्रौद्योगिकी की भी अहम भूमिका होने की उम्मीद है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) संचालित और ड्रोन द्वारा समर्थित भीड़ नियंत्रण प्रणाली और समर्पित मोबाइल ऐप-मार्गों, घाटों के समय, मौसम अपडेट और आपातकालीन सेवाओं पर वास्तविक समय की जानकारी प्रदान कर रहे हैं। महाकुंभ 2025 में हरित पहल शून्य अपशिष्ट नीति द्वारा निर्देशित है।

आप का नजरीया

# मध्य वर्ग पर चुनावी लड़ाई

**दिल्ली** में राजनीति और चुनाव 'जातीय' कम होते हैं। इस बार चुनाव 'वर्ग' पर आधारित होता जा रहा है। यह पहली बार हो रहा है कि चुनाव में आर्थिक मुद्दों की गूंज है। पहली बार ही किसी राजनीतिक दल ने 'मध्य-वर्ग' पर विशेष घोषणा-पत्र जारी किया है। यह काम भी केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) ने किया है। अभी तक चुनाव में आर्थिक मुद्दों के संदर्भ में 'मुफ्त की रेवड़ियों' का शोर था। एक सामाजिक और विशेषज्ञ पक्ष इसे 'रेवड़ी' मानने को तैयार नहीं है। उसका मानना है कि जनता का पैसा जनता के कल्याण पर खर्च किया जा रहा है, वंचित और गरीब तबके की मदद की जा रही है, तो इसमें गलत, अनैतिक और अर्थव्यवस्था-विरोधी क्या है? दूसरा पक्ष इसे सरेआम 'रिश्वतखोरी' करार देता है, क्योंकि मतदाता को कुछ नकदी, मुफ्त का लालच देकर उसका वोट हासिल किया जा रहा है, लेकिन एक वर्ग ऐसा है, जो देश के आर्थिक संसाधनों की 'रीढ़' है, लेकिन चुनावों में अभी तक उपेक्षित रहा है। उस वर्ग में डॉक्टर, इंजीनियर, सरकारी कर्मचारी, सरकारी पेंशनभोगी, बैंकर, एक खास वर्ग के पत्रकार, अध्यापक, प्रोफेसर आदि ऐसे पेशेवर लोग आते हैं, जो आयकर और अन्य करों के रूप में देश को 'खजाना' मुहैया कराते हैं। औसतन 100 रुपए कमाते हैं, तो 30 फीसदी कर चुकाना पड़ता है। आयकर देने वाला यह वर्ग आबादी का मात्र 4-5 फीसदी ही है। कुछ और लोग भी हैं, जो परोक्ष रूप से करदाता हैं और देश की अर्थव्यवस्था के संचालक हैं। वैसे जीएसटी और कुछ उपकर ऐसे हैं, जो देश की करीब 65 फीसदी आबादी को चुकाने ही पड़ते हैं। इनमें आम आदमी भी शामिल है, लेकिन मध्य-वर्ग ऐसा है, जिसे निचोड़ा जाता रहा है, लेकिन बदले में वह 'रेवड़ियों' की अपेक्षा भी नहीं करता। वह मुफ्तखोरी का पक्षधर नहीं है। अरबपति उद्योगपतियों का एक खास वर्ग है, जिसे किसी भी पार्टी की सत्ता पाल-पोस कर रखती है। इस वर्ग के 14.56 लाख करोड़ रुपए से अधिक के कर्ज बैंकों को 'बट्टे खाते' (राइट ऑफ) में डालने ही पड़ते हैं। एक अरबपति को 6500 करोड़ रुपए का कर्ज मिला, लेकिन जब यह मामला आपस में सैटल किया गया, तो अरबपति को 1500 करोड़ रुपए का ही भुगतान करना पड़ा। देश में 400-500 'औद्योगिक मित्र' ऐसे हैं, जिनके 10 लाख करोड़ रुपए का कर्ज सरकार ने माफ करा दिया। बेशक यह वर्ग भी मतदाता है, लेकिन यह वर्ग सरकारें संचालित करता है। सरकार से सिर्फ इतनी अपेक्षा रखता है कि वह उसके मोटे कर्जों को 'बट्टे खाते' में डलवाती रहे अथवा हजारों करोड़ रुपए के कर्ज के बदले उसे कुछ सौ करोड़ रुपए ही चुकता करने पड़ें। मध्य-वर्ग में भी अपर, अद्र्ध अपर, मिडिल और लोअर वर्ग हैं। उनका मूल्यांकन उनके वेतन के आधार पर किया जाता है, क्योंकि आयकर भी उसी के अनुसार तय होता है। मध्य-वर्ग ऐसा है, जो गेहूं के साथ घुन की तरह पिसता रहा है। हालांकि यह वर्ग परिभाषित नहीं है, लेकिन माना जाता है कि दिल्ली में करीब 67 फीसदी आबादी मध्य-वर्ग के दायरे में आती है। देश में औसतन 31 फीसदी मध्य-वर्ग माना जाता है।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**लातेहार :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय परिसर से जिला खेल स्टेडियम तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। मैराथन में दिखा उत्साह इस मैराथन दौड़ में उपायुक्त व जिला परिवहन पदाधिकारी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी, छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने नारे लगाकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। दौड़ समाहरणालय परिसर से शुरू होकर कारगिल चौक होते हुए जिला खेल



स्टेडियम में समाप्त हुई।उपायुक्त की सादगी ने जीता लोगों का दिल सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक मंडली द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा के महत्व पर लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर उपायुक्त स्वयं मंच के सामने दरी पर बैठकर नाटक का आनंद लेते नजर आए। उनकी इस सादगी और जनसंपर्क के प्रति उनके सहज व्यवहार को देखकर उपस्थित लोग प्रभावित हुए और उनकी सराहना की। नाटक में सड़क पर यातायात नियमों के पालन, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व सहित अन्य सुरक्षा उपायों को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया।स्थानीय नागरिकों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में मददगार साबित होंगे।मैराथन के समापन के बाद जिला स्टेडियम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जुंबा डांस और कार्डियो एक्सरसाइज की आकर्षक प्रस्तुति हुई। इस सत्र का संचालन भारत माता जिम के ट्रेनर प्रिंस और मसल्स फैक्ट्री के अमित कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डीटीओ सुरेंद्र कुमार सहित अन्य प्रतिभागियों ने भी एक्सपर्ट्स के स्टेप्स को फॉलो करते हुए वर्कआउट का आनंद लिया। गुड सेमेरिटन नीति के तहत सम्मान मैराथन के समापन अवसर पर मनिका प्रखंड के अख्तर अंसारी को गुड सेमेरिटन पॉलिसी के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने आम नागरिकों से सड़क सुरक्षा नियमों का गंभीरता से पालन करने और जिम्मेदार नागरिक बनने का आग्रह किया। सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई।

# लगे जल मिनार से स्टाटर की अज्ञात चोरों ने कर ली चोरी

## स्टाटर की चोरी होने से पानी आपूर्ति हुई ठप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के एदला पंचायत के टोला खुटेरवा में लगे जल मिनार से अज्ञात चोरों ने मंगलवार रात्रि को स्टाटर की चोरी कर ली गई है। स्टाटर की चोरी होने से प्रभावित क्षेत्र में पानी आपूर्ति बाधित हो गई है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है वहीं पानी पीने के लिए कठिनाई हो रही है। यह जानकारी पूर्व मुखिया प्रमोद सिंह ने दी है।

## रैदास जयन्ती मनाने को लेकर बैठक आयोजित



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सोनवर्षा गांव में हरवर्ष की भांति इस वर्ष भी संत रैदास जयन्ती मनाने को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता फेकन रबिदास तथा संचालन कामेश्वर दास के द्वारा किया गया ।बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष 2025 में भी संत रैदास की जयन्ती मनाने का ग्रामीणों ने निर्णय लिया। बैठक में जयन्ती को लेकर कई मुद्दो पर चर्चा किया गया। जिसमें डेकोरेशन, मूर्ती, सजावट,महाप्रसाद व लंगर चलाने का निर्णय लिया गया। मौके पर मंतोष रबिदास ने कहा कि रैदास जयन्ती के अवसर पर मुख्य अतिथि, प्रखंड के जनप्रतिनीधियो को आमंत्रण किया जाएगा। जयन्ती भव्य रूप से मनायी जाएगी। बता दे कि आगामी 12 फरवरी 2025 को संत रैदास की जयन्ती है। मौके पर मंतोष रबिदास, हीरा दास, कामेश्वर रबिदास, नरेश रबिदास, सोहन दास, राजेन्द्र दास, रामोतार दास, सुधीर दास, महेन्द्र दास, विकास दास, रामवृक्ष दास सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## फसल सुरक्षा को लेकर पंचायत स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन जैविक खेती पर दिया गया जोर



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत में फसल सुरक्षा योजना को लेकर पंचायत स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार को किया गया है।यह कार्यक्रम मुखिया बेबी देवी के अध्यक्षता में किया जा रहा था। जहां पंचायत से कई दर्जन किसान और किसान मित्र प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण दिलवा रहे पौध संरक्षण पदाधिकारी उमाशंकर प्रसाद के द्वारा फसल सुरक्षा को लेकर कई जानकारियां बताए हैं। जिसमें बताएं कि जैविक तरीके से खेती करें। जिसमें खाद के रूप में घनजीवामृत, जैविक केंचुआ खाद, नाडेप खाघ, दवा के रूप में नीमस्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्नि अस्त्र जैसे दवाई के बारे में बतलाएं। यह सभी घरेलू उपचार से बनाकर खेती में उपयोग करने की बात विस्तार पूर्वक बताएं। साथ ही साथ समयगिक एवं प्राकृतिक कृषि से संबंधित भी जानकारी बताएं।मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव चितरंजन शर्मा बिटीएम प्रभात कुमार मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार साव एवं किसान उपस्थित थे।

# जेएसएलपीएस से जुड़कर महिला हो रही है सशक्त, कर रही हैं कई रोजगार

## प्रखंड में समूह से जुड़े 6120 महिलाओं में 4000 महिला जुड़ी है रोजगार से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत जेएसएलपीएस के तहत जुड़कर महिलाएं सशक्त एवं स्वयं रोजगार से जुड़कर अपना भरण पोषण कर रही हैं। बताते चलें कि गिद्धौर प्रखंड में जेएसएलपीएस की शुरुआत 2018 ई से हुआ था। और अब तक 497 समूह बन चुका है। जिसमें कुल 6120 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। और लगभग 4000 से ज्यादा महिलाएं सशक्त हो चुकी हैं।एवं स्वरोजगार से जुड़ गई है। इसका मुख्य कारण है। समूह को बैंक के द्वारा सीसी लिकेज देना। बता दें।की पहला पेज में 497 समूह में 497 समूह को सीसी लिंकेज दिया जा चुका है।दूसरा पेज में 350 समूह को लिकेज मिल चुका है। एवं



तीसरा पेज में 70 समूह को लोन की राशि प्राप्त हो चुकी है। यह एनहांस लिंकेज के तहत आता है। समूह से जुड़े महिलाएं समुह से कर्ज लेकर स्वयं को सशक्त करते हुए बैंक में सीसी लिंकेज भी वापस कर रही हैं। जेएसएलपीएस से जुड़कर हडिया मडिया बनाने वाले महिलाएं अब फूलों जानो के तहत पहला दूसरा तीसरा चौथा पेज में लगभग 80 लाभुकों को लाभ दिया जा चुका है।जिसमें 56 महिलाओं का दीवाल लेखन एवं 11 महीने की ब्याज छुट दी गई है। जिससे महिलाएं और बेहतर तरीके से सशक्त हो रही है। समूह से जुड़कर सरकार के द्वारा दी गई योजनाओं का लाभ भी उठा रहे हैं। जेएसएलपीएस के तहत बुजुर्ग स्वयं सहायता समूह का भी गठन किया जा रहा है। जिसमें 55 से 60 वर्ष की महिलाओं को एवं बुजुर्गों को जोड़ा जा रहा है।जिन्हें चक्रीय निधि के तहत 30000 का लाभ भी दिया जाएगा।

# सरस्वती पूजा को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** सरस्वती पूजा को लेकर पत्थलगड़ा थाना में शांति समिति की बैठक बुलाई गई। बुधवार को आयोजित बैठक में सरस्वती पूजा को शांतिपूर्वक संपन्न करने को लेकर प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों, पूजा पंडाल के आयोजकों तथा गणमान्य लोगों से अपेक्षित सहयोग मांगा। थानाध्यक्ष आलोक रंजन चौधरी ने पूजा के काई निम्न बिंदुओं पर विस्तार रूप से जानकारी दिया। वही सीओ ऊदल राम ने पूजा आयोजित करने वाले लोगों से एक आवेदन भी थाना में देने को कहा। सीओ ने डीजे नहीं बजाने तथा पूजा स्थल पर सिर्फ भक्ति गीत बजाने और इस संबंध में नियमों का पालन करने की बात पर जोर दिया। बैठक में बुद्धिजीवियों



की ओर से शराब पीकर हूड़दंग मचाने वालों पर सख्ती से पेश आने की मांग। थानाध्यक्ष से की। बैठक में पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के सभी पूजा पंडाल का भौगोलिक स्थिति व समस्या को लेकर भी अधिकारीगण रु-ब-रु हुए। साथ ही हरहाल में पूजा के दूसरे दिन ही प्रतिमा विसर्जन किए जाने पर भी प्रशासनिक अधिकारियों ने बल दिया। सभी लोगों से इसमें सहयोग मांगते हुए किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने, कोई समस्या आने पर तुरंत थाना सहित प्रशासन को इससे अवगत कराने को कहा गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रशासनिक अधिकारियों के अलावे प्रमुख, जिला परिषद्, मुखिया, इंस्पेक्टर, सहित सैकड़ों संख्या में लोग मौजूद थे।

## विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन




**कुंदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के जिला सचिव के निर्देशानुसार बुधवार को निःशुल्क सहायता केंद्रों मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बाल विवाह, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, सरकार के द्वारा मिलने वाली सहायता, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 नागरिकों को मिलने वाली विधिक सेवाएं, दिव्यांग जनों को मिलने वाली विधिक सेवाएं तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अधिकार मित्र के द्वारा जानकारी दी गई। साथ ही नालशा के द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे नवादा मुखिया भरत यादव, अधिकार मित्र अजीत कुमार, प्रवीण पासवान, किरण कुमारी समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## सरस्वती पूजा को लेकर बालूमाथ थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना परिसर में बुधवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक अंचलाधिकारी विजय कुमार की अध्यक्षता में हुई ।जिसमें बोलते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि पूजा के दौरान डीजे बजाने पर प्रतिबन्ध है ।साथ ही बताया कि पूजा के दौरान आपसी सौहार्द बिगाडने वाले लोगों के लिए प्रशासन तैयार है ।ऐसे लोग बक्से नही जायेगे ।मौके पर उन्होंने बैठक में शामिल होने आए लोगों से होने वाले विसर्जन जुलूस एवं तलाब की जानकारी लिया और विसर्जन के दौरान लाइट की समुचित व्यवस्था करने की बात कही। वही बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ ने कहा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। इस दौरान उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा कि शोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने एवं आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले लोगो पर विशेष नजर रखी जा रही है। मौके पर आये लोगों ने पूजा के दौरान बालूमाथ शहर में बड़े वाहनों का नो एण्ट्री लगाने की मांग किया। मौके पर चंद्रदीप यादव, सुनील कुमार, दीपक कुमार, बिट्टू सिंह, रूपचंद साव, राजू उराँव, मंटू लाल मुंडा, सुनील कुमार, र ाजेश राम, मो.नईम, अशोक साव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक हुई संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए वनाधिकार अधिनियम के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र के प्रस्ताव तथा सामुदायिक वन पट्टा के कुल 02 प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के सदस्यों द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों पर सामुदायिक दावा की स्वीकृति पर विचार विमर्श के उपरांत सामुदायिक दावा के 1 प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। तथा अन्य प्रस्ताव को जांच हेतु FRC कमेटी को भेजने का निर्देश दिया गया।बैठक में उप निदेशक पलामू व्याघ्र परियोजना दक्षिणी प्रमंडल कुमार आशीष, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, जिप सदस्य बरवाडीह, संतोषी शेखर, जिप सदस्य महुआडांड, स्तेला नगेशिया उपस्थित थे।

## भीषण सड़क दुघर्टना में दो की मौत, दो घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के चतरा-चंदवा मुख्य मार्ग पर एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। इस सड़क में दो लोगों की मौत हो गयी है। मृतकों में चंदवा के चकला ग्राम निवासी राहुल कुमार व प्रवीण कच्छप ( मुज्जफरपुर, बिहार) का नाम शामिल है।व जबकि दीपक कुमार, विकास कुमार, प्रवीण कुमार और गौतम कुमार गंभीर रूप से घायल हैं।सभी घायल मुज्जफरपुर, बिहार के रहने वाले हैं। इनमें से दो का चंदवा सामुदायिक अस्पताल में इलाज करने के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया है।जानकारीक अनुसार मंगलवार की देर शाम एक कार में सवार हो कर छह लोग बालुमाथ की ओर जा रहे थे।इसी दौरान बाइक में सवार हो कर दो युवक चंदवा की ओर जा रहे थे। इसी बीच एक तीखे मोड़ में दोनो की सीधी टक्कर हो गयी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस निरीक्षक रणधीर कुमार के नेतृत?व में पुलिस बल मौक पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के उपरांत बाइक सवार राहुल कुमार व कार सवार प्रवीण कच?छप को मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में ले कर अग्रेतर कारवाई में जुट गयी है। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गयी है।

## बाजार टांड़ से बाइक की चोरी, थाना में दी गई शिकायत



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंबाकोठी मस्जिद रोड निवासी श्रवण पासवान ने बुधवार को सदर थाना में शिकायत दर्ज कराई कि 28 जनवरी को मंगलवारीय बाजार टांड़ में गिरधारी पाठक के घर के पास उन्होंने अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक खड़ी की थी और सब्जी खरीदने के लिए गए थे। लौटने पर उन्होंने देखा कि उनकी बाइक गायब थी। आस-पास पूछने पर पता चला कि एक व्यक्ति उक्त बाइक लेकर चला गया था। उन्होंने बाइक और व्यक्ति की तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। श्रवण ने थाना प्रभारी से मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है।

# मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने किया पथ निर्माण का शिलान्यास




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** लातेहार जिले के महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय में दिन बुधवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क मद अंतर्गत पथ निर्माण कार्यो का शिलान्यास किया गया। अक्सी पी डब्लू डी रोड से शिमलटोली तक पीसीसी पथ निर्माण, बांसकरचा चौक से पकरीटोला तक पथ निर्माण, ओरसापाठ से अंबाकोना तक पथ निर्माण, कुकूदपाठ से कांटासारू तक पथ निर्माण, शीशाडीह से ढोढाडीह तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर संपन्न हुई। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा विधायक रामचंद्र सिंह को माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। ग्रामीणों के साथ मिले और उनकी समस्या से अवगत हुए। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा किसी भी हाल में विकास की गति नहीं रुकेगी।हर गांव हर जगह पर जरूरतमंद सुविधा दी जायेगी। वहीं संवेदकों को गुणवतापूर्ण निमार्ण करने का निर्देश भी दिए।

# वैष्णव दुर्गा मंदिर का 31 वां वर्षगांठ कार्यक्रम की तैयारियां आठ से शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के प्रतिष्ठित श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31 वें वर्षगांठ का तीन दिवसीय कार्यक्रम आगामी आठ फरवरी से शुरू होगा। आयोजन की तैयारियां मंदिर समिति के द्वारा प्रारंभ कर दी गयी है। श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के सचिव आशीष टैगोर व सह सचिव रंजीत कुमार ने बताया कि आठ फरवरी को कलश यात्रा के साथ मंदिर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम प्रारंभ होगा। जबकि नौ फरवरी को दुर्गा सप्तशति का पाठ किया जायेगा। दस फरवरी को नौ कन्या पूजन के बाद अपराह्न 12.30 बजे से 4.30 बजे तक भंडारा का आयोजन किया जायेगा।जबकि इसी दिन रात्रि नौ बजे से भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा।श्री टैगोर ने बताया कि अर्थ संग्रह का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने लोगों से तन, मन व धन से सहयोग



करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर की स्थापना वर्ष 1994 में माघ मास, शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को हुई थी, तब से इस तिथि को मंदिर का वर्षगांठ बड़े ही धुमधाम से मनाया जाता है। इससे पहले मंदिर समिति की बैठक में दायित्वों का बंटवारा किया गया और उसे पूरी निष्ठा के साथ पूरा करने की अपील की गयी। अनुष्ठान को सफल बनाने के लिए संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, विनोद कुमार साहू, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला, उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, बद्री प्रसाद, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह आदि सक्रिय हैं।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के अंतर्गत 346 आवेदनों की स्वीकृति


**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना अंतर्गत कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के अंतर्गत समिति के समक्ष 346 आवेदन पत्र जांच कर प्रस्तुत किये गये। उपायुक्त एवं समिति के सदस्यों द्वारा प्राप्त सूची पर विचार विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से कुल 346 आवेदनों का अनुमोदन प्रदान किया गया। उपायुक्त ने स्वीकृत आवेदन के आवेदकों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना से अच्छादित करने हेतु आवेदन पत्रों को अग्रसारित करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग्य लाभुकों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना का लाभ देना सुनिश्चित करें। इस योजना के लाभ से पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक सहायता एवं उन्नत उपकरण प्रदान करते हुए उनके व्यवसाय में बढ़ोत्तरी करना है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने इस योजना के तहत योग्य लाभुकों को आर्थिक सहायता प्रदान कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने में सक्रियता से कार्य करने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र राज कुमार पासवान, नगर प्रशासक, नगर पंचायत, लातेहार राजीव रंजन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, श्रम अधीक्षक, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक, जेएसएलपीएस डीपीएम संतोष कुमार,अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। इस खबर को हेडलाइन बनाकर दें।

सांसद सामूहिक विवाह उत्सव की तैयारियां जोरो पर

# सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके भाई, बेटा और पत्नी सहित उनके समर्थकों ने तैयारी में झोंक दी पूरी ताक़त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा आगामी 02 फरवरी 2025 (रविवार) को आयोजित होने वाले सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 में 101 जोड़ों के सामूहिक विवाह की तैयारियां जोर पकड़ने लगी है। अब महज़ तीन दिन ही शेष हैं और हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपना अहम योगदान दे रहें हैं। सांसद मनीष जायसवाल के अनुपस्थिति में उनके निर्देश पर उनकी धर्मपत्नी निशा जायसवाल, उनके भाई प्रशांत जायसवाल उर्फ़ राजा, निशांत जायसवाल उर्फ़ राजू, इकलौता बेटा करण जायसवाल सहित सांसद प्रतिनिधि और सांसद सेवा कार्यालय से जुड़े लोगों के अलावे उनके शुभचिंतक दिनरात एक किए हुए हैं। विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम (कर्ज़न ग्राउंड) को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। यहां पार्किंग, अतिथियों और बारातियों का स्वागत, पार्किंग, भोजन व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। हजारीबाग स्टेडियम में दो मंच एक अतिथियों के लिए और दूसरा पंडित जी एवं कला जत्था टीम के लिए निर्माण किया जा रहा है। 101 जोड़ों



के लिए अलग- अलग 101 बेदियों का निर्माण किया जा रहा है। जहां जयमाला और शादी रचाई जाएगी। 101 जोड़ों के शानदार बारात निकालने की तैयारी है जिसके लिए विशेष प्रभारी बनाया गया है। कुल मिलाकर यह सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 हजारीबाग की धरती पर ऐतिहासिक होगा और जहां 202 वर- वधू की एक एक नई जिंदगी की शुरुआत होगी वहीं उनके इस सामूहिक विवाह उत्सव का 50 हज़ार से अधिक लोग गवाह बनेंगे। दूल्हा पक्ष के लोगों को सिमरा रेस्ट हाउस के समीप स्थित अपकमिंग जीडी गोयनका स्कूल में और कन्या पक्ष के लिए सनराइज इन में ठहरने का इंतजाम किया गया है । उक्त कार्यक्रम को लेकर सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि समाज के अत्यंत जरूरी पहलू में सहयोग करते हुए मैंने दूसरी बार हजारीबाग की धरती पर सामूहिक विवाह कराने का निर्णय लिया है और आगामी 02 फरवरी 2025 को यह मूर्त रूप लेने जा रहा है। सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 के तहत 101 जोड़ों का विवाह पूरे धूमधाम से हजारीबाग स्टेडियम में संपन्न होगा। उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता से इस उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर इसे ऐतिहासिक और सफल बनाने का अपील भी किया ।

# भाजपा विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल की बैठक संपन्न, लिए गए अहम निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** बुधवार को विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में संगठन महापर्व के तहत चल रही सदस्यता अभियान पर विशेष चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते पूर्वी मंडल अध्यक्ष ने कहा की सदस्यता संगठन महापर्व में संगठन से जुड़े लोग या नए कार्यकर्ता अपना बहुमूल्य समय देकर रेफरल कोड के माध्यम से कम से कम पचास प्राथमिक सदस्य बनाये,अगर आप इस कार्य को हल्के में लेते है,तो संगठन में दायित्व से वंचित हो जायेंगे।साथ ही हज़ारीबाग साँसद मनीष जायसवाल के शुभाशीष से 101जोड़ी शादी समारोह में हर पंचायतो से कम से कम एक वाहन सवारी से शादी समारोह में शामिल होने का निर्णय लिया गया। इस मोके पर मुख्य रूप से महामंत्री गोविन्द महतो, चानो मुखिया प्रतिनिधि डुमरचंद महतो, तुलसी सिंह,विनोद साव, अर्जुन यादव,जीतन साव, पंकज कुमार,कृष्णा राम, दिनेश अग्रवाल, सुरेंद्र गंझु ,जानकी महतो, छोटेलाल यादव,पोखन राम ,उमेश मंडल, गोविन्द महतो, नितीश कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अंचल में कार्यरत तीन वर्ष से अधिक कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर होंगे स्थानांतरित

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से सरकार के उप सचिव रामेश्वर लेयांगी ने 28 जनवरी 2025 को संचिका संख्या-1मु0स्था0- 10/2023 पत्र जारी कर अंचल कार्यालयों में बाहरी स्रोत से कार्यरत डाटा इंट्री ऑपरेटर/कम्प्यूटर ऑपरेटर का स्थानांतरण करने के संबंध में निर्देश दिया है। पत्र के माध्यम से जारी किया गया कि दिनांक 19 दिसंबर 2024 उप निदेशक, भू-अर्जन, भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय एवं एनआईसी के साथ हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि राजस्व कार्यों के पारदर्शिता के साथ ससमय निष्पादन हेतु आवश्यक है कि अंचल कार्यालयों में बाहरी स्रोत से कार्यरत डाटा इंट्री ऑपरेटर/कम्प्यूटर ऑपरेटर का स्थानांतरण रोटेशन आधार पर जिलान्तर्गत एक अंचल से दूसरे अंचल में स्थानांतरण किया जाए। प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी यह आवश्यक है कि समय-समय पर बाहरी स्रोत के माध्यम से अंचल कार्यालयों में बाहरी स्रोत से कार्यरत डाटा इंट्री ऑपरेटर/कम्प्यूटर ऑपरेटर का स्थानांतरण किया जाए। उक्त निर्णय के आलोक में राज्य के सभी जिला उपायुक्त को निर्देश दिया गया कि अंचल कार्यालयों में तीन वर्ष पूर्ण करनेवाले बाहरी स्रोत से कार्यरत (डाटा इंट्री ऑपरेटर/कम्प्यूटर ऑपरेटर) का एक अंचल से दूसरे अंचल में स्थानांतरण करने हेतु संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया जाए एवं अगले माह का मानदेय/वेतनादि का भुगतान स्थानांतरित स्थान से किया जाए।

## सरस्वती पूजा को ले शांति समिति की बैठक



**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरस्वती पूजा को लेकर मरकच्चो थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक की गई।बैठक की अद्यक्षता प्रमुख विजय कुमार सिंह की। जबकि संचालन मुखिया रंजीत कुमार सिंह ने किया। बैठक में मरकच्चो अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा, बीडीओ हुलास महतो, थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा,भाजपा जिला महामंत्री बिजय यादव,एस आई गोविंद सिंह,विशाल सिंह,एएसआई मदन मोहन सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रमुख विजय कुमार सिंह ने कहा कि विद्या की देवी है वह अनुशासन में रहने की सीख देती है इसलिए हमें पूजा पाठ अनुशासन में रहकर ही करना चाहिए।हमें उनके आदर्शो को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा ने कहा कि मरकच्चो बराबर से कौमी एकता का मिसाल पेश करता आया है और हमें आशा है यह मिसाल आगे भी जारी रहेगा। बीडीओ हुलास महतो ने कहा कि पूजा पंडाल के अध्यक्ष सचिव व जनप्रतिनिधि पूजा के दौरान कड़ी निगरानी रखेंगे।भड़काऊ मैसेज को फॉर्व्ड न करेंगें। विसर्जन शांति पूर्वक करेंगे। थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने कहा कि पूजा के दौरान अशांति फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। डीजे नहीं बजाना है। लाउडस्पीकर बजाना है।शांति से विसर्जन करना है। पुलिस अपना काम तत्परता से करेगी।उन्होंने जनप्रतिनिधियों व पूजा समिति के पदाधिकारियों से अपील की कि विसर्जन के दौरान अश्लील गाना नही बजाएं। बैठक को पूर्व प्रमुख सावित्री देवी,भाजपा जिला महामंत्री बिजय यादव,मुखिया रंजीत सिंह ,सुनील यादव, तौकीर आलम,डॉ सदानन्द वर्मा, सियाराम यादव,सुरेन्द्र प्रसाद वर्मा,जाकिर हुसैन ने भी संबोधित किया। इस मौक पर मुखिया सुनील यादव, दिवाकर तिवारी,मकबूल आलम,प्रमोद यादव,अफजल मियाँ, अनेशर सिंह,दीपक कुमार,राजेश पासवान,करीम अंसारी,अमजद अंसारी,एस आई गोविंद सिंह, विशाल सिंह,तौबिस केरकेटा, एएस आई एमएम शर्मा,रामबली सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## लायंस क्लब ने आयोजित किया नेत्र जांच शिविर, गरीबों को मिला बड़ा लाभ



**झुमरीतिलैया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लायंस क्लब द्वारा बाईपास स्थित शिव वाटिका मे नेत्र जांच शिविर का आयोजन कर मानव सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। इस शिविर में हजारीबाग आरोग्यं अस्पताल के नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञ और सहायक टीम ने भाग लिया। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चले इस शिविर में 115 मरीजों की आंखों की जांच की गई।शिविर के दौरान जांच में 15 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई। लायंस क्लब और आरोग्यं अस्पताल के सहयोग से इन रोगियों को हजारीबाग आरोग्यं अस्पताल में मुफ्त ऑपरेशन और लेंस प्रदान किए जाएंगे। रोगियों को सूचित किया गया कि वे अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी दिन अस्पताल जाकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ. हरी दर्शन सिंह ने कहा कि ऐसे शिविर गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित होते हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि भविष्य में हड्डी रोग और हृदय संबंधी बीमारियों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा।लायलायंस क्लब के अध्यक्ष जय मोदानंद झा ने बताया कि क्लब हमेशा स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी भूमिका निभाता है। शिविर के आयोजन में रीजन चेयरपर्सन सुजीत अम्बष्ठ और दिनेश कुमार सहित क्लब के अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के द्वारा श्री श्याम फाल्गुन निशान पूजा का भव्य आयोजन 24 फरवरी को

**- टाटानगर के सुप्रसिद्ध भजन गायक अनुभव अग्रवाल अपनी सुमधुर भजनों से बिखेरेंगे आध्यात्मिक रंग**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** श्याम भक्तों के लिए हर्ष और उल्लास से भर देने वाली एक पल श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार द्वारा श्री श्याम फाल्गुन निशान पूजा का भव्य आयोजन 24 फरवरी को हजारीबाग शहर के मुनका बगीचा प्रांगण में किया जा रहा है। यह भक्तिमय पल संध्या 6¬00 बजे से प्रारंभ होकर प्रभु की इच्छा तक चलेगी। इस आयोजन में फूलों की होली, अखंड ज्योत, बाबा श्याम का भोग, इत्र वर्षा, अखंड कीर्तन, एवं भव्य श्रृंगार जैसे विशेष आयोजन किए जाएंगे, जो श्रद्धालुओं को एक अलौकिक आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करेंगे। यह संपूर्ण आयोजन बाबा श्याम के प्रति अटूट श्रद्धा एवं समर्पण का प्रतीक होगा, जिसमें हजारों की संख्या में श्याम प्रेमी सम्मिलित होंगे। इस पावन अवसर को और अधिक भव्य बनाने के लिए टाटानगर के सुप्रसिद्ध भजन गायक अनुभव अग्रवाल अपनी सुमधुर वाणी में बाबा श्याम के भजनों की अनूठी प्रस्तुति देंगे। उनकी मंत्रमुग्ध कर देने वाली संगीतमय प्रस्तुति से समस्त श्रद्धालु भक्तिभाव में लीन होकर आनंदित होंगे और श्याम प्रेम की अनुभूति करेंगे।

**फाल्गुन मास : बाबा श्याम को समर्पित**

फाल्गुन महीना बाबा श्याम को समर्पित होता है, और इस दौरान संपूर्ण देश-विदेश में बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करते हुए भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में हजारीबाग में भी यह दिव्य आयोजन किया जा रहा है, जो श्याम भक्तों को प्रभु श्याम के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करने और उनकी कृपा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा।

**नौ सदस्यों की टीम कर रही है भव्य आयोजन**

यह आयोजन श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के समर्पित नौ सदस्यों की एक छोटी लेकिन अत्यंत श्रद्धालु टीम द्वारा किया जा रहा है, जो समय-समय पर बाबा श्याम के विभिन्न धार्मिक एवं भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। इन आयोजनों को सफल बनाने में श्री



श्याम परिवार तुलसी धाम, कोलकाता का विशेष सहयोग और आशीर्वाद प्राप्त होता रहता है, जिससे इस भव्य आयोजन की दिव्यता और बढ़ जाती है। सभी श्याम प्रेमियों एवं श्रद्धालुओं से आग्रह है कि वे इस भक्तिमय संध्या में अधिक से अधिक संख्या में पधारें और बाबा श्याम की कृपा एवं आशीर्वाद प्राप्त करें। यह अनूठा अवसर न केवल आध्यात्मिक शांति और भक्ति का अनुभव कराएगा, बल्कि सभी को प्रभु श्याम के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करने का सुअवसर भी प्रदान करेगा।

# धरना को सफल बनाने को लेकर किया गया बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी चट्टी बरियातू झारखण्ड कोयला श्रमिक संघ कार्यालय में कुलदीप साहू की अध्यक्षता में एक बैठक की गई जिसका संचालन कामेश्वर महतो ने किया। बैठक में ऋतिक कॉल माइंस के मजदूर एवं विस्थापितों के समस्याओं को लेकर 15 सूत्री मांग को लेकर अगामी 5 फरवरी के धरने को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गयी। इस बैठक में शंभू गुप्ता, कुलदीप साव, कामेश्वर महतो, प्रकाश गुप्ता, सचिन कुमार राम, रामचंद्र महतो, सुरेश कुमार, कालेश्वर राणा, अरविंद सिंह,राजेश गंजू, रोहित कुमार,महेंद्र ठाकुर, सचिन गुप्ता, राजेंद्र साहू, प्रकाश महतो, छकान महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप के अधिकारियों ने ग्रामीणों संग की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप के अधिकारियों व सीतागढ़ क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच समन्वय बैठक का आयोजन हुआ। वरिष्ठ अधिकारियों एवं सीतागढ़ ग्रामवासियों के बीच समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कैंप के अधिकारियों ने सीतागढ फायरिंग रेंज पर फायरिंग के दौरान होने वाली समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने इस अवसर पर अपनी बात रखी और सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने सीतागढ़ फायरिंग क्षेत्र में होने वाली समस्याओं के निराकरण के बारे में आश्वासन दिया। सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी एवं जनसंपर्क अधिकारी ने ग्राम वासियों को बताया कि सीमा सुरक्षा बल हमेशा से ही संजीदगी से बढ़-चढ़कर पूरी तरह से ग्रामीणों के समन्वय में कार्य करता रहा है और भविष्य में भी जारी रखेगा।सीमा सुरक्षा बल और ग्रामीणों के बीच सहयोग की भावना बनी रहे। उन्होंने यह भी बल देकर बताया कि सीमा सुरक्षा



बल के द्वारा हमेशा ही फायरिंग के दौरान सभी प्रकार की एहतियात व पूर्णरूप से सावधानी बरती जाती है। सीमा सुरक्षा बल सदैव जनहित को सर्वोपरि रखते हुए ग्रामीणों के कल्याण के लिए प्रयासरत है। बल के कार्मिकों द्वारा खेती के कामों व ग्रामीणों के आने जाने पर किसी भी प्रकार की कोई अनावश्यक रोक-टोक नहीं लगाई जाती है। फायरिंग का समय भी इसी को ध्यान में रखकर तय किया गया है। सीमा सुरक्षा बल को हमेशा से ही हजारीबाग क्षेत्र के जनमानस से भरपूर सहयोग मिलता रहा है और सीमा सुरक्षा बल की स्थापना से ही आम नागरिकों को न सिर्फ प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय द्वारा की गई प्रगति एवं उन्नति के साक्षी हैं, आप बखूबी भागीदार भी हैं।सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वह ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। अधिकारियों ने ग्रामीणों द्वारा सहृदय सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# हजारीबाग सदर व बड़कागांव विधायक ने अधिकारियों से की मुलाकात, क्षेत्र की समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**- जनता की सेवा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता, विकास कार्यों में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : प्रदीप प्रसाद**

**- जनता की मूलभूत सुविधाओं में सुधार आवश्यक, प्रशासन तत्परता से कार्रवाई करे : रोशन लाल चौधरी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद व बड़कागांव विधायक ने बुधवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजकिशोर प्रसाद एवं अपर समाहर्ता संतोष सिंह के कार्यालय पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा और इनके शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक प्रदीप प्रसाद व विधायक रौशन लाल चौधरी ने अधिकारियों के साथ बैठक में क्षेत्र में व्याप्त बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और कानून-व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता को बुनियादी सुविधाओं की दिक्कतें न हों, इसके लिए तुरंत प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर सड़कों, पेयजल संकट और बिजली आपूर्ति में हो रही परेशानियों का मुद्दा उठाया और इनके शीघ्र समाधान की मांग की।

**जनता की सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता**

विधायक द्वय ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विभागों में जनता से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने जल संकट और सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष रूप से चिंता जताई और अधिकारियों को निर्देश दिया कि आने वाले गर्मी के मौसम को देखते हुए अभी से जल प्रबंधन की योजना बनाई जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मुलाकात के दौरान विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता की सेवा ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की वे पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और यदि किसी स्तर पर कोताही बरती गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने जनता से भी अपील की यदि उन्हें किसी प्रकार की समस्या हो तो वे सीधे उनसे संपर्क करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे।

# प्रदीप प्रसाद ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने बुधवार को कटकमसांडी प्रखंड के डांटोखुर्द पंचायत अंतर्गत ग्राम डांटो बाजार से आराभुसाई तक जाने वाली मुख्य सड़क (लंबाई ङ्क 1.00 किमी) के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस बहुप्रतीक्षित सड़क का निर्माण रु 66,06,559 की लागत से किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का विकास तेजी से होगा। इस शुभ अवसर पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। स्थानीय नागरिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने विधायक प्रदीप प्रसाद का पारंपरिक झारखंडी संस्कृति के अनुसार ढोल-नगाड़ों और नृत्य के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने विधायक जी को माला पहनाकर और जयघोष के साथ अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने




इस विकास कार्य के प्रति अपनी खुशी जाहिर की और कहा कि यह सड़क उनके लिए एक बड़ी सौगात साबित होगी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस सड़क के न होने से उन्हें लंबे समय से असुविधा का सामना करना पड़ रहा था, खासकर बारिश के दिनों में सड़क की खराब स्थिति के कारण गांवों से बाहर जाना मुश्किल हो जाता था। अब इस निर्माण कार्य से न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था भी सशक्त होगी। इस मौके पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने उपस्थित जनसमूह और पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की हमारा संकल्प है कि हजारीबाग क्षेत्र में आधारभूत संरचना को मजबूत किया जाए। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंचें, यह हमारी प्राथमिकता है। इस सड़क के निर्माण से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, जिससे विकास के नए द्वार खुलेंगे। आने वाले समय में हम इसी तरह क्षेत्र के अन्य गांवों को भी सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास की नीति पर कार्य कर रही है और इसी विजन के तहत हजारीबाग को आधुनिक एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। वहीं, महिला समिति की सदस्य ने कहा की इस सड़क के बनने से न केवल हमारा गांव शहर से जुड़ेगा, बल्कि हमारे बच्चों को स्कूल जाने में भी आसानी होगी। पहले बारिश में स्कूल पहुंचना मुश्किल हो जाता था, लेकिन अब हमें राहत मिलेगी। विधायक प्रदीप प्रसाद ने यह भी आश्वासन दिया कि यह सड़क निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाएगा। साथ ही, क्षेत्र के अन्य अधूरे पड़े विकास कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के लिए सरकार से आवश्यक सहयोग लिया जाएगा। इस अवसर पर कटकमसांडी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव,पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा जिला मंत्री रीतलाल यादव मुखिया नारायण साव पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन कुमार मेहता पूर्व मुखिया अशोक राणा सुंदर मुंडा पूर्व मुखिया दिलीप रविदास,प्रखंड उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरू,युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक कुमार मेहता,सुमन राय,रामू राम,दीपक यादव कृपाल सिंह अनिल कुशवाहा गंगाधर पांडे मनीष चौधरी राजेश ठाकुर सरजू सिंह रंजीत अग्रवाल लेखराज यादव मिथलेश राणा, संदीप मुंडा, तुलेश्वर यादव, पप्पू यादव, प्रमुख भाजपा नेता, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम जनता उपस्थित रहे।

## Affidavit

I, Syeda Kaneez Fatma W/o Syed Faraz Ahmad, Near R. Ali Buliding, B.K. Lane, Konka Kalal Toli, Po/ps:- Lower Bazar Ranchi, Ranchi G.p.o, Ranchi G.p.o., Ranchi, Ranchi, Jharkhand, 834001 do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

**1.** That Alfiya Zehra D/o Syed Faraz Ahmad was my Daughter.

**2.** That the name of my daughter has been recorded in Birth Certificate as 'Alfiya Zehra' vide registration No. B-2021:2090032-001357 dated 27-01-2021 issued by Municipal Corporation, but in School record of my daughter's name was recorded as Syeda Alfiya Zehra.

**3.** So I want to get the first letter of my daughter's name Syeda removed from the school records and get her new name Alfia Zehra registered in the school records as per birth certificate.

**4.** That due to arose contradiction with respect of the name of my daughter, hence it is necessary to take oath, hence this which is genuine and correct if found any irregularity, then I will be held liable for the same.

Ref No.: 1196
Date.: 28/01/2025

**Kaniz Fatma**
**Deponent**

# सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर जिला परिवहन पदाधिकारी ने किया चुट्टूपालू घाटी एवं पुनदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण

❍ घाटी में दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जिला परिवहन पदाधिकारी ने दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत चुट्टूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़ मनीषा वत्स ने चुट्टूपालू घाटी एवं पुनदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण किया। चुट्टूपालू घाटी के निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी ने उपस्थित अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित गंडके मोड तथा ब्रेक फेल होने की स्थिति में सुरक्षा दृष्टिकोण से बालू के बैग्स रखने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी ने टोल एवं एनएचएआई के पदाधिकारियों को पर्याप्त संख्या में घाटी में सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों से संबंधित साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश दिया।वहीं उन्होंने उपायुक्त के द्वारा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में सीसीटीवी कैमरा, लाइट आदि का निरीक्षण किया गया इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने एनएचआई के संबंधित पदाधिकारी को जल्द से जल्द बचे हुए कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा पुनदाग टोल प्लाजा पर भारी वाहन चालकों को घाटी में प्रवेश करने के पूर्व एवं घाटी में वाहन संचालन करने के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई वहीं उन्होंने सभी चालकों को वाहन चलाने के दौरान अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने सहित अन्य नियमों का पालन करने, वाहन के फिटनेस पर विशेष ध्यान देने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर जागरूक किया। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय चंदन कुमार वत्स, यातायात पुलिस कर्मी, टोल प्लाजा के कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।





# काली पूजा बड़का चुंबा में उमड़े श्रद्धालु

❍ 729 बकरों की दी गई बलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** बड़का चुंबामें माघ अमावस्या पर प्राचीन काली की मंदिर में मंगलवार की देर रात काली पूजा घूमधाम से मनाई गई। इसके या पश्चात 729 बकरों की बलि दी गई। मंदिर के पुजारी इंद्रजीत गांगुली, मिरजानंद पडिय, शंकर पांडेय, पंकज पांडेय ने मां काली की प्रतिमा की स्थापित कर विधि विधान से पूजा को, अर्चना की। यजमान में अर्जुन भटेले व काली पूजा समिति के बरी अध्यक्ष प्रभात बेलधरिया, सचिव जितेंद्र मिश्रा व कोषाध्यक्ष पुरंजय व मिश्रा ने बताया कि वर्ष 1935 में थि गांव में महामारी फैल गई थी। के महामारी से निजात दिलाने के लिए के गांव के बुजर्गो ने माप अमावस्या के दश दिन मां रक्षा काली को पूजा शुरू की। धीरे-धीरे पूजा विकराल रूपले लिया। प्रत्येक वर्ष श्रद्धालु माघ अमावस्या के अर्द्धरात्रि में मां काली के समक्ष बकरे की बलि दिया करते हैं। इस बार भी बलि दी गई। वहीं पूजा को मंदिर प्रांगण समीप चलंत मिठाई, फुचका-चाट व खिलौने कीदुकानें लगी हुई थी। उधर, रात्रि पूजा के बाद से बुधवार को मां काली की पूजा अर्चना के लिए दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं मंदिर के बगल व्यक्तिगत काली मंदिर में भी बेलधरियापरिवार के सदस्यों ने विधि विधान से मां महारक्षा काली की पूजा अर्चना की। पूजा कराने का कार्य आचार्य दिवाकर मिक्षा ने किया। जबकि यजमान में अर्जुन शर्मा थे। मौके पर मुखिया व पूजा समिति केप्रभात बेलधारिया, राम प्रकाश, जितेंद्र मिश्रा, सोनू तिवारी, प्रेम वेलथरिया, नंदलाल महतो, मनोज महतो, मिथिलेश शर्मा, भीम प्रजापति, हरी नाथ महतो आदि लोग मौजूद थे।




# उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुधवार को छतरमांडू स्थित समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत संचालित मध्यान भोजन व यूनिफॉर्म डिस्ट्रीब्यूशन के संबंध में सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के संबंध में जानकारी दी गई। जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में मध्यान भोजन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से उपायुक्त ने रियल टाइम मॉनिटरिंग के मद्देनजर बीआरपी, सीआरपी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मियों को निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड प्रसार पदाधिकारियो को विद्यालयों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सभी विद्यार्थियों का अपार आईडी बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए साथ ही सभी प्रखंड प्रचार पदाधिकारी को यू डेस ईडी में स समय डाटा भरने हेतु निर्देश दिया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से अधिकारियों को विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए पेयजल की व्यवस्था से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने विद्यालयों में किचन गार्डन विकसित करने हेतु ऐसे विद्यालय जीनमे किचन गार्डन के लिए जगह उपलब्ध है उन्हें चिन्हित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराने एवं उन्हें आयरन की गोली खिलाने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनाने एवं 50 साल से ज्यादा उम्र की रसोइयों का वृद्धा पेंशन शुरू करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया।बैठक के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद श्री मनीष कुमार, प्रखंडशिक्षा प्रसार पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।



# दुलमी प्रखंड के सिरु गांव में संतोषी माता मंदिर की 10वीं वर्षगांठ पर जागरण का आयोजन






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के सिरु गांव में संतोषी माता मंदिर की 10वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन स्थानीय विधायक ममता देवी एवं दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि ममता देवी ने कहा भगवान की भक्ति न केवल हमारे मन को शांति देती है बल्कि यह हमें नैतिक और सामाजिक मूल्यों को अपनाने के लिए भी प्रेरित करती है। संतोषी माता से मेरी यही प्रार्थना है कि वे सभी श्रद्धालुओं पर अपनी कृपा बनाए रखें और हमारे क्षेत्र को सुख, समृद्धि व शांति प्रदान करें।भक्ति जागरण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तिगीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्तों ने संकीर्तन और भजन-कीर्तन कर मां संतोषी की महिमा का गुणगान किया।मौके पर उतम कुमार, प्रदीप महतो, मनोज पुझर, बबलू कुमार, विनोद कुमार, करमू कुमार, उमेश नायक, सुनिल महतो, छोटन कुमार, कमलेश कुमार, धर्मनाथ महतो, पिंकी देवी, पुष्पा देवी, उर्मिला कुमारी, प्रभा कुमारी, रिभा देवी, दुलारी देवी, कान्ति देवी, सरोज देवी सहित कई उपस्थित रहे।

# श्री कृष्ण विद्या मंदिर में सड़क सुरक्षा पर कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** बुधवार को जिला परिवहन विभाग की ओर से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एक बड़ा ही सुंदर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स थी। मुख्य अतिथि का स्वागत सर्वप्रथम विद्यालय प्रशासक एसपी सिन्हा ने बुके देकर किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। विद्यालय के बच्चियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान के बाद विद्यालय के बच्चों एवं बच्चियों ने सड़क सुरक्षा पर आधारित सामूहिक नृत्य प्रस्तुत करते हुए सभी को यातायात के नियमों की जानकारी दी। आज विद्यालय परिसर में जिला परिवहन विभाग के द्वारा बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने तीन विजेताओं को विभाग की तरफ से पुरस्कार प्रदान किया तथा सभी उपस्थित बच्चों शिक्षकों एवं विद्यालय कर्मचारियों को यातायात नियमों से संबंधित शपथ दिलाई साथ ही साथ अपने संबोधन में उन्होंने बच्चों के माध्यम से सभी अभिभावकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक छोटा सा प्रयास बड़े हादसों को रोक सकता है। आगे उन्होंने छात्रों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और यातायात संकेतों का पालन करने जैसे बुनियादी नियमों की जानकारी दी। आज परिवहन विभाग द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रौनक अग्रवाल (कक्षा 12वीं विज्ञान) द्वितीय पुरस्कार राधिका चंदेल कक्षा नवम) एवं तृतीय पुरस्कार निशु कुमारी (कक्षा नवम) को मिला। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजय तिवारी ने मुख्य अतिथि को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने जिला परिवहन विभाग द्वारा आयोजित जीवन की सुरक्षा से संबंधित ऐसे आयोजन के लिए मुख्य अतिथि श्रीमती मनीषा वत्स का आभार प्रकट किया तथा बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।




# जेएलकेएम रामगढ़ जिला का कोषाध्यक्ष सुरेंद्र एवं उपाध्यक्ष शंकर को बनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के मांडू प्रखंड के वरिय उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो को जेएलकेएम रामगढ़ जिला का कोषाध्यक्ष तथा शंकर कु मेहता को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर दोनों को जेएलकेएम रामगढ़ परिवार की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं ! निश्चित तौर पर आपलोगो के नेतृत्व में पार्टी/संगठन सशक्त एवं मजबूत बनेगी ऐसा उम्मीद है। सुरेंद्र महतो ने कहा की पार्टी ने मुझे जो आशा और विश्वास के साथ जो दायित्व दिया है उसे पर हम शत प्रतिशत खरा उतारने का प्रयास करूंगा और संगठन हित में मैं कार्य करूंगा ! जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा की बहुत ही कम ऐसे संगठन के कार्यकर्ता है जो कम समय में सुपर सिक्स कर जाते हैं । पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं जिला अध्यक्ष ने सोच समझ कर ही यह निर्णय लिए हैं। बधाई देने में मुख्य रूप से केंद्रीय पदाधिकारी अनीता देवी, श्याम सुंदर महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, जिला महामंत्री शिवनारायण प्रसाद, केंद्रीय संगठन सचिव लक्ष्मण महतो, जिला महामंत्री धनराज सिंह , जिला सचिव प्रभु दयाल महतो, मांडू प्रखंड महासचिव दीपक महतो, जिला संगठन सचिव नंदकिशोर महतो, मांडू प्रखंड उपाध्यक्ष महावीर महतो, मांडू प्रखंड सचिव अभिषेक कुमार महतो, जिला संगठन सचिव दीपेंद्र कुमार, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उषा देवी, राकेश कुमार, दीपक के अलावा सैकड़ों लोगों ने बधाई दी है




# चौथे जनजातीय गौरव दिवस के तहत जिला स्तरीय रोजगार मेला का होगा आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दिनांक 15 नवंबर 2024 से 15 नवंबर 2025 तक चौथा जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं को बेहतर भविष्य प्रदान करने हेतु दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 31 जनवरी 2025 को अपराह्न 12ः00 बजे से रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में किया जाएगा। रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों के 25 नियोक्ता शामिल होंगे।

# विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में जरूरत मंदो के बीच कंबल का किया गया वितरण

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन झारखंड प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को सुबह 8 बजे ठंढ को देखते हुए प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी जरूरत मंदो के बीच कंबल का वितरण, दातुन दोना बेचने वालों एवं सब्जी बेचने वालों के बीच, रामगढ़ , झारखंड के सब्जी मार्केट के बाहर लगभग 30 लोगों के बीच अपने हाथों से ससम्मान ओढ़ा कर दिया गया और आगे भी जरूरत मंदो को चिन्हित कर दिया जायेगे, तथा आगे भी जारी रहेगा द्य प्रदीप कुमार शर्मा, विश्व ब्राह्मण संघ सह विप्र फाउंडेशन के प्रदेश वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा नर सेवा नारायण सेवा है द्य कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदीप कुमार शर्मा ( ज्ञानी शर्मा ) , महेश मिश्रा, अशोक कुमार पांडेय, कमल शर्मा, गोकुल शर्मा, मनी तिवारी,मुना मिश्रा इत्यादि लोग उपस्थित थे द्य



# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी दी गयी की वित्तीय वर्ष 2024 -25 में वर्तमान में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर प्राप्त आवेदनों की जानकारी दी गई एवं अब तक दिए गए लाभुकों के लाभ के संबंध में भी जानकारी दी। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों का दस्तावेज को अच्छे से जांच उपरांत ही योग्य लाभुकों को लाभ देने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिन लाभों का राशि स्वीकृत हो चुकी है उन्हें अभिलंब लाभ देने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिन-जिन लाभुकों का स्वीकृति उपरांत भी लाभ नहीं ले रहे हैं उन सभी को नोटिस करें तत्पश्चात लाभुक स्वीकृत राशि योजना का लाभ नहीं लेते हैं तो संबंधित राशि को अन्य लाभुकों में स्वीकृति प्रदान करने का निर्देश दिया। वही उपायुक्त ने अब तक जितने भी लाभुक लाभ ले चुके हैं उन सभी की जानकारी लेने के क्रम में दिए गए रोजगार हेतु लाभ का सही उपयोग कर रहे हैं कि नहीं इसकी जांच करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स, एलडीएम दिलीप महली सहित अन्य उपस्थित थे।



# पढ़ाई व परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मिली साइकिल

❍ पुरस्कार बच्चों के मनोबल को बढ़ाता है : रामप्रसाद जालान



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें पढ़ाई, खेलकूद, उपस्थिति, अनुशासन, परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 24 विद्यार्थियों को साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया। साइकिल पानेवाले बच्चे और उनके अभिभावक काफी खुश थे। बच्चों ने कहा कि अब वे जल्दी स्कूल पहुंच पाएंगे। समय की बचत होगी। पढ़ाई पर उनका और फोकस होगा।विहान सिंह, अंकिता कुमारी, आर्यन कुमार बेदिया, मनीषा कुमारी, अंशुमान प्रजापति, आर्यन कुमार, अंश कुमार ठाकुर, सांभवी सिन्हा, चंदन साव, तरुण कुमार नोनिया, मीत कुमारी, अंकित कुमार, विक्की कुमार, अंकुश कुमार, प्रिया कुमारी, उन्नति सिंह, डॉली कुमारी आदि को साइकिल मिला।इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामप्रसाद जालान ने कहा कि पुरस्कार मिलने से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। वे अपने प्रदर्शन को और भी बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं।विद्यालय के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि हमारी कोशिश बच्चों को लगातार प्रोत्साहित करते रहने की है। पुरस्कार उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करता है। विद्यालय प्रबंधन बच्चों को दी जानेवाली सुविधाओं का लागातार विस्तार कर रहा है। हमारी कोशिश है कि बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ बेहतर सुविधाएं भी मिल सके।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं0–43 ऑफ 2024–25/ खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा सं.–17–डीडीयू–व.मं.इंजी.– I–24–25,**

**(I) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सैयदराजा में अप लूप लाइन के सीएसएल के बढ़ाने और डाउन लूप लाइन में ओवररन लाइन के प्रावधान के लिए यार्ड रीमॉडलिंग तथा मुठानी में डाउन लूप लाइन सीएसएल बढ़ाने हेतु यार्ड रीमॉडलिंग। **(ii) कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 33138540.14 **(iii) धरोहर राशि :** ₹ 315700.00 **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 19.02.2025 को 12:00 बजे तक। **(v) वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी :** **www.ireps.gov.in** नोटः– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक,**
**पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल**
**पीआर/02021/डीडीयू/इंजी./टी/24–25/36**



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं.: 1, कार्य का नाम एवं स्थान:** "प्रस्तावित गढ़वा चरण–।। के लिए 25 केवी ओएचई का डिजाइन, ड्राइंग, संशोधन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग और किमी पर एलसी 39/एसपीएल/टी के बदले आरओबी के संबंध में ओएचई उल्लंघन कार्य को हटाना। 120/03–05 भुरकुंडा–पतरातू के बीच 35/बी/टी (एस एंड टी नंबर 13/बी/टी) किलोमीटर पर। डेमू–लातेहार और अन्य के बीच 217/10–12 आरयूबी/एलएचएस (4/सी/ई, 5/सी/टी, 6/सी/टी, 7/सी/ई, 10ए/सी/ई, 11/सी/टी, 16/सी/ई, 17/सी/टी, 19/सी/ई, 24/सी/टी, 26/सी/टी, डिप्टी सीईई/सी/एस/ एमएचएक्स के तहत धनबाद डिवीजन के अंतर्गत 38/एसपीएल/ई, 28/सी/ई, आदि) किसी भी अन्य स्थान पर। निविदा संख्या : EL/C/S/MHX/ETEN/ 21/24-25., **क्रम सं. : 2, अनुमानित कार्य की लागत:** रू. 5,66,09,343.26/–, **क्रम सं. : 3, जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य :** NIT के अनुसार एवं रू. शून्य, **क्रम सं. : 4, कार्य पूर्ण करने का समय :** 06 माह, **क्रम सं. : 5, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 18.02.2025 दोपहर 12.00 बजे तक, **क्रम सं. : 6, वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है। :** आई.आर.ई.पी.एस वेबसाईट: **www.ireps.gov.in** पर, निविदा डाउनलोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन, महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना–800004 में निविदा पट्ट पर देखा जा सकता है। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/साउथ,
पूर्व मध्य रेल, महेंद्रूघाट, पटना
**पीआर/02019/कॉन/वि./टी/24–25/48**

# जीतपुर कोलियरी को किसी भी कीमत पर बंद नहीं होने देंगे : जय कुमार





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** वार्ड 38 के पार्षद जय कुमार ने केंद्रीय इस्पात मंत्री एच डी कुमार स्वामी को लिखित आवेदन देकर जीतपुर कोलियरी को चालू करने की मांग की है। जय कुमार ने कहा की जीतपुर कोलियरी को किसी भी कीमत पर बंद होने नहीं दिया जायेगा। मैनेजमेंट शुरू से जीतपुर कोलियरी को बंद करना चाहते है। पहले पर्यावरण स्वीकृति को लेकर उत्पादन ठप कर रखा था। अब पानी का रिसाव को लेकर कोलियरी बंद करना चाहते है। नौकरी सेल के अधिकारी की नहीं ठेका मजदूरों की गई जबकि उत्पादन में 90 प्रतिशत योगदान ठेका मजदूरों का रहा है। आज ठेका मजदूर के परिवार भुखमरी के कगार पर आ गए हैं। दर्जनों मजदूर को काम नहीं मिलने के कारण यहाँ से पलायन कर रहे हैं। जय कुमार ने सत्ता पक्ष सत्ता विपक्ष दोनों से कोलियरी चालू करने को लेकर अपील की है तभी कोलियरी चालू होगा। जय कुमार ने कहा की जीतपुर कोलियरी को किसी भी कीमत पर बंद नहीं होने देंगे। जनता के साथ अंतिम लड़ाई तक लड़ेंगे। जय कुमार ने मजदूरों से अपील की है के वो पलायन ना करे अपना हक लेकर रहेंगे। उन्होने आरोप लगाते हुए कहा है की मैनेजमेंट की लापरवाही के कारण ही कोलियरी बंद हुआ है। ये जांच का विषय है। कोलियरी को बंद करने से पहले उच्च स्तरीय जाँच होनी चाहिए थी।

# कोलकाता के डॉक्टरों ने आयोजित किया नि : शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रहमतगंज के एक निजी मैरिज हॉल में कोलकाता के प्रतिष्ठित रूबी जनरल अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने नि:शुल्क हेल्थ जांच शिविर का आयोजन किया। इस पहल का नेतृत्व डॉ. अनवर हुसैन ने किया, जिसमें कैंसर विशेषज्ञ डॉ. पार्थ मुखोपाध्याय, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. तन्मय माजी और हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपांजन भद्रा ने अपनी सेवाएं दीं।शिविर में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और अपनी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के लिए नि:शुल्क जांच व परामर्श प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. अनवर हुसैन ने आयुष्मान भारत योजना के फायदों के बारे में जानकारी दी, जिससे लोग बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें।कैंसर विशेषज्ञ डॉ. पार्थ मुखोपाध्याय ने कहा कि हमारा लक्ष्य लोगों को गंभीर बीमारियों, विशेष रूप से कैंसर, के प्रति जागरूक करना है। सही समय पर उचित इलाज से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। हम नियमित रूप से मरीजों की जांच करने का प्रयास करेंगे। इस आयोजन में समाजसेवी अब्दुल जब्बार ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और मरीजों को शिविर की प्रक्रियाओं में मार्गदर्शन प्रदान किया।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह



- परिवहन कार्यालय से निकाली मोटरसाइकिल रैली
- डीटीओ व डीएसपी ट्रैफिक ने हरी झंडी दिखा कर रैली को किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को परिवहन कार्यालय से मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। रैली को जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह तथा आरसीडी के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।रैली परिवहन कार्यालय से लुबी सर्कुलर रोड होते हुए पूजा टॉकिज, डीआरएम चौक, कोर्ट मोड़, रणधीर वर्मा चौक से परिवहन कार्यालय पहुंची। रैली को रवाना करने के बाद जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि सड़क पर पैदल, टू व्हीलर या चार पहिया वाहन से चलने वाले लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश रैली के माध्यम से दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यातायात विभाग एवं ट्रैफिक विभाग द्वारा नियमित रूप से ऐसा अभियान चलाया जा रहा है।इस अवसर पर ट्रैफिक डीएसपी ने कहा कि विगत एक माह से चलने वाले जागरुकता अभियान का प्रभाव लोगों पर पड़ा है। विभाग द्वारा 12 महीने ऐसे कार्यक्रम चलाए जाते हैं। परिणामस्वरूप लोग जागरुक हो रहे हैं। जिन वाहन चालकों पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का प्रभाव नहीं पड़ा है उनके विरुद्ध अब दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।मौके पर आरसीडी के सहायक अभियंता पंकज कुमार, ओम प्रकाश, कनीय अभियंता अनिल कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, एमवीआई हरीश कुमार, शुभम कुमार, रोड इंजिनियरिंग एनालिस्ट अमरेश कुमार, आईटी देवेंद्र कुमार एवं यातायात पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद ने मनाया भारतीय समाचार पत्र दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बुधवार को धनबाद इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद, जिला 325, चैप्टर 8181 ने भारतीय समाचार पत्र दिवस पर सभी समाचार पत्रों को समाचार पत्र पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित करने, सामाजिक- राजनीतिक मामलों से पाठकों को अवगत कराने और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए, जो भारत के लोकतंत्र की मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने, इन सभी महत्वपूर्ण योगदानों के लिए देश के सभी समाचार पत्रों को बधाई धन्यवाद देकर सेलिब्रेट किया।इनर व्हील क्लब की पदाधिकारी रेनू कौशल ने बताया कि आज हम स्वतंत्रता के पूर्व 1780 में पहले समाचार पत्र %हिकीस बंगाल गजट% के प्रकाशन की स्मृति में इंडियन न्यूजपेपर डे मना रहे हैं। इसी साप्ताहिक अखबार ने पत्रकारिता के नए युग की शुरुआत की। कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्याओं ने समाज के प्रति समाचार पत्रों की जिम्मेदारी को अहम बताते हुए प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। दैनिक जीवन में समाचार पत्र के योगदान की सराहना की गई।प्रेस प्रतिनिधियों को शॉल, पौधे एवं स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया गया। इनरव्हील क्लब धनबाद माइलस्टोन की सदस्याओं ने बताया कि प्रतिवर्ष नेशनल न्यूज़ पेपर डे का आयोजन इनर व्हील क्लब द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष लीना झा, सचिव ऋतु श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष रेनू कौशल, एडिटर गीता चौबे, ऊषा सिंह, मनीषा गांधी आदि सदस्याओं ने भाग लिया।


**द. पू. रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/दक्षिण पूर्व रेलवे/चक्रधरपुर निम्नलिखित कार्यों के लिए नीचे उल्लिखित निविदा संख्या के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं, जिन्हें **19.02.2025 को अपराह्न 3.00 बजे** खोला जाना निर्धारित है। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **क्रम संख्या एवं निविदा सूचना संख्या; कार्य का नाम; निविदा मूल्य; बयाना राशि:** (1) एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-120, दिनांक: 28.01.2025; आसानबोनी-टाटानगर जंक्शन एवं राउरकेला-झारसुगुड़ा जंक्शन में 37 सेट टीटीआर के सम्बन्ध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य; रु. 1,14,63,667.45; रु. 2,07,300। (2) एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-121, दिनांक: 28.01.2025; सिग्नलिंग स्थापना पर चूहों एवं मूषक प्रतिरोधी का प्रावधान; रु. 17,22,500; रु. 34,500। **पूरा करने की अवधि:** 12 (बारह) महीने क्रम संख्या 1 के लिए तथा 04 (चार) महीने क्रम संख्या 2 के लिए। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किये जाएंगे। **(PR-1073)**



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.IREPS.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है :–

**क्र. सं. (1) ई–नीलामी सूची :** पार्किंग, **ई–नीलामी सूची सं.:** पार्किंग–45–25, **ई.नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण :** 11.02.2025, 14:30 बजे से, **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम :** (i) वाणिज्यिक वाहन यानी पिकअप वैन, पार्सल ले जाने वाले वाहन आदि, कार, टैक्सी, टेम्पो, दोपहिया वाहन पार्किंग स्टैंड साउथ साइड स्टेशन पर अंडर पास (एलएचएस) से पुराना बाजार के संपर्क मार्ग के बगल में धनबाद रेलवे के मंदिर तक 03 वर्ष की अवधि के लिए पार्किंग स्टैंड । (ii) वाणिज्यिक वाहन यानी पिकअप वैन, पार्सल ले जाने वाले वाहन आदि, कार, टैक्सी, टेम्पो, दोपहिया वाहन पार्किंग स्टैंड साउथ साइड स्टेशन पर डीएवी स्कूल से धनबाद रेलवे स्टेशन के अंडर पास (एलएचएस) तक पहुंच मार्ग के बगल में/सटा हुआ 03 वर्ष की अवधि के लिए पार्किंग स्टैंड। (iii) तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए परसाबाद स्टेशन के उत्तर दिशा और दक्षिण दिशा क्षेत्र में दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन और चार पहिया वाहन की पार्किंग।

**क्र. सं. (2) ई–नीलामी सूची :** पे एंड यूज, **ई–नीलामी सूची सं.:** पीएनयू–49–25, **ई.नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण :** 11.02.2025, 15:00 बजे से, **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम :** तीन (03) सिंगरौली स्टेशन पर संचालन एवं रखरखाव के लिए पे एंड यूज शौचालय 03 वर्षों के लिए।

**क्र. सं. (3) ई–नीलामी सूची :** एटीएम, **ई–नीलामी सूची सं.:** एटीएम–11–25, **ई.नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण :** 14.02.2025, 14:00 बजे से, **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम :** धनबाद मंडल के 14 विभिन्न लोकेशनों पर ओटोमैटेड टेलर मशीन (एटीएम) लगाने हेतु पांच वर्षों के लिए ई.नीलामी– धनबाद (दक्षिण स्टेशन बिल्डिंग के बगल में), रेनुकूट, गोमोह, बरकाकाना, चोपन, चन्द्रपुरा, सिंगरौली, पारसनाथ, गढ़वा, हजारीबाग रोड, टोरी, गढ़वा रोड, कतरासगढ़ एवं पहाड़पुर।

**क्र. सं. (4) ई–नीलामी सूची :** पार्सल स्कैनर, **ई–नीलामी सूची सं.:** पीएस–डीएचएन–25, **ई.नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण :** 14.02.2025, 15:00 बजे से, **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम :** 05 वर्ष के लिए धनबाद रेलवे स्टेशन पर स्थित (पार्सल कार्यालय) में सभी आउटगोइंग पार्सल की स्कैनिंग के लिए पार्सल स्कैनर मशीन की स्थापना एवं संचालन के लिए ई–नीलामी।

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई–नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

पीआर/2014/डीएचएन/सीओएमएल./एन/24–25/80



**कार्यालय, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बानो**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा के ज्ञापांक– 1112(पप)/स0क0, दिनांक– 30.12.2024 के आलोक में सिमडेगा जिला अंतर्गत बानो परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त सेविका एवं सहायिका पदों पर चयन हेतु निर्धारित आम सभा की विवरणी तिथिवार निम्नवत् है–

| क्र0 | परियोजना का नाम | पंचायत का नाम | आंगनबाड़ी केन्द्र का नाम | पदनाम | पोषक क्षेत्र में जाति बाहुल्य | चयन की तिथि एवं समय | आमसभा स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बानो | गेनमेर | कर्रादमाईर | सहायिका | ST | 05.02.2025 11:00 AM | आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर |
| 2 | | कोनसोदे | बुजगा कुलादुरूम | सहायिका | ST | 06.02.2025 11:00AM | आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर |

अतः निर्धारित तिथि को सेविका तथा सहायिका के पद पर चयन हेतु इच्छुक उक्त आंगनबाड़ी केन्द्र के पोषक क्षेत्र की महिलाएँ अपने शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं उसकी छायाप्रति (स्व हस्ताक्षरित) के साथ चयन समिति के समक्ष उपस्थित हो सकती है। सेविका तथा सहायिका के चयन के लिए निम्न योग्यता निर्धारित है–

1. आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका उस गांव की स्थायी निवासी होनी चाहिए, जिस गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र अवस्थित है। यदि आंगनबाड़ी केन्द्र किसी गांव के टोले में अवस्थित हो तो उसे उसी टोले का निवासी होना चाहिए तथा लाभान्वितों के बीच से ही होना चाहिए।
2. सेविका/सहायिका उस गांव की बहु हो।
3. सेविका/सहायिका केन्द्र के पोषक क्षेत्र की स्थायी निवासी हो।
4. सेविका/सहायिका की उम्र 18 वर्ष से अधिक परन्तु 40 वर्ष से कम हो।
5. सेविका के लिए शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट उत्तीर्ण(बारहवीं कक्षा) तथा सहायिका के लिए मैट्रिक उत्तीर्ण (दसवीं कक्षा) आवश्यक है।
6. समान योग्यता रहने पर विधवा, परित्याक्ता को प्राथमिकता दी जायेगी।

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बानो

PR 345320 Simdega (24-25)_D



**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचांच**

(Mail Id:- nagarpan.dm@gmail.com)

**आवश्यक सूचना**

प्रधानमंत्री आवास योजना –शहरी 2.0 अन्तर्गत ''लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण'' हेतु नगर पंचायत डोमचांच कार्यालय में आवेदन पत्र जमा लिया जा रहा है। वैसे योग्य लाभुक जिसका अपना जमीन है तथा जिसका पूरे भारतवर्ष में कहीं भी पक्का मकान नहीं है एवं जो विभिन्न कारणों से योजना के लाभ से वंचित रह गये हैं, ऐसे सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है कि अगर वह इस योजना का लाभ लेने के इच्छुक है तो सभी दस्तावेजों के साथ नगर पंचायत डोमचांच कार्यालय में आकर आवेदन दे सकते हैं।

➤ **प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के तहत पात्रता एवं शर्तें:–**
- योजना के अन्तर्गत लाभुक परिवार में पति, पत्नी और अविवाहित बच्चे शामिल होगें।
- लाभुक अथवा लाभुक के परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर पूरे भारत वर्ष में कहीं भी पक्का मकान नही है वही परिवार इस योजना को प्राप्त कर सकते हैं।
- पूर्व से संचालित केन्द्र/राज्य प्रायोजित आवासीय योजनाओं का लाभ लिए हुए लाभुक इस योजना के पात्र नही होगें।
- लाभुक आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के होगें, जिनकी वार्षिक आय–300000/– (तीन लाख) से कम हो।

➤ **आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक है –**
- पारिवारिक फोटो (घर के साथ), एवं आवेदक का दो पासपोर्ट फोटो,
- मतदाता पहचान पत्र एवं आधार कार्ड की छाया प्रति,
- बैंक अकाउंट हेतु पासबुक की छाया प्रति,
- आय प्रमाण पत्र,
- भू–स्वामित्व पत्र,
- भारत वर्ष में कहीं भी पक्का मकान नही होने का शपथ पत्र,
- आवेदन हेतु लाभुक का Active मोबाईल नम्बर जो आधार कार्ड से लिंक्ड हो।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत डोमचांच

PR.NO.345387 Urban Development(24-25):D


# जोगता नागरिक समिति ने बांटे कम्बल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मवनी अमावस्या के अवसर पर जोगता नागरिक समिति ने जरुरतमंदों के बीच इस कड़ाके के ठंढ को देखते हुए कम्बल वितरण का कार्य किया। जिसमें मुख्य रूप से पुर्व बियाडा चेयरमैन विजय कुमार झा, जोगता थाना प्रभारी योगेन्द्र कुमार, जोगता नागरिक समिति अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा, पुर्व पार्षद जसीम अन्सारी, शंकर चौहान, गीता सिंह, सुशीला देवी ने जरुरतमंदों के बीच कम्बल वितरण किए। मौके पर जोगता नागरिक समिति के सदस्य आसगर मियां, हसीब खान, एस के मोबीन, मंगल चौहान, निर्मल कुमार निषाद, श्रीधर पान्डे, मन्नु महतो, अजय चौहान, मुसर्रत खातुन, खुर्शीदा खातुन, संतोष पासवान, बिन्वा देवी, शांति देवी आदि लोग उपस्थित थे।

# बिना हेलमेट के टू व्हीलर चालकों को दिया नि:शुल्क हेलमेट



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी एवं ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में रणधीर वर्मा चौक तथा सिटी सेंटर पर बिना हेलमेट के टू व्हीलर चलाने वालों को पकड़ा गया। उन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही ऐसे लगभग 50 चालकों के बीच नि:शुल्क हेलमेट का वितरण किया गया। कुछ लोगों के हेलमेट बहुत खराब स्थिति में पाए गए। उनको भी नई हेलमेट देकर अच्छी क्वालिटी की हेलमेट पहनने और हमेशा हेलमेट लॉक लगाने के लिए समझाया गया। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड इंजिनियरिंग एनालिस्ट अमरेश कुमार एवं यातायात पुलिस कर्मी मौजूद थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता (निर्माण) का कार्यालय, पूर्व मध्य रेल, धनबाद, दिनांक : 27.01.2025

ई–निविदा संख्या : ECR-DCE-WT-DHN-01-2024-25, क्र. सं. : 1. **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद मंडल में उप–मुख्य अभियन्ता/निर्माण/धनबाद के अधिकार क्षेत्र के तहत तिलैया से कोडरमा के बीच नई बीजी लाइन के संबंध में खेरौंद और झरही खंड के बीच 6 प्रमुख पुलों पर निरीक्षण पथ का निर्माण, ऊंचाई गेज, नाली कार्य, बोल्डर दीवार, टो दीवार का निर्माण और अन्य संबंधित विविध कार्य।, (09 महीने), **कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** ₹ 18,92,78,455.29, **बयाने की राशि (रू. में):** बयाने की राशि (रू. में) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू, **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई–निविदा बंद होने की तारीख 18.02.2025 को 15:30 बजे तक, ई–निविदा खुलने की तारीख 19.02.2025 को 12:00 बजे से, **वेबसाईट का विवरण :** http:// www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी। **नोट :** (i) हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में सूचना में अंतर होने पर अंग्रेजी भाषा में सूचना ही मान्य होगी। (ii) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in अवलोकन करें। (iii) डाक/कूरियर/फैक्स या हाथ से भेजा गया कोई भी ई–निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा की ऐसी सभी मैन्युअल प्रस्तुति, चाहे वह फर्म के लेटर पैड पर हो या समय पर प्राप्त हो, स्वीकार नहीं की जाएगी। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज और पूरी जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप–मुख्य अभियन्ता (निर्माण)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/02017/सीडीएचएन/इंजी./टी/24–25/52



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(जिला योजना)**

**इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**
**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)**
**(Very Short term Tender Notice)**

जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत लोहरदगा जिला में गुड़ उत्पादन केन्द्र की स्थापना हेतु उपकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के आपूर्ति, अधिष्ठापन, प्रशिक्षण, कच्चे माल की उपलब्धता, प्रसंस्करण एवं दो वर्ष तक विपणन लिंकेज, संचालन और रख–रखाव हेतु Turnkey Basis पर इस क्षेत्र के अनुभवी निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों/अर्द्ध सरकारी संगठनों/कम्पनी/संस्थानों/फर्म/ उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **17.02.2025** के **11:30** बजे पूर्वाहन तक इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है।

''इच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में **दिनांक 17.02.2025 के 12:30 बजे (अपराह्न)** जिला क्रय एवं मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात केवल तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों के वितीय बीड खोला जायेगा। इसके पश्चात प्रस्ताव का Power Point Presentation प्रस्तावकों द्वारा क्रय एवं मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रदर्शित किया जायेगा। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 6204070626/9650845021 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, लोहरदगा

PR345359 Lohardaga(24-25)#D


# मेगा हार्ट चेकअप कैंप में 178 मरीजों की हुई जांच



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मेगा हार्ट चेकअप कैंप का आयोजन हिरणा में हुआ। हिरणा के मदरसा मदीनतुल उलूम, देवघर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमे कुल 178 मरीजों का निःशुल्क जाँच किया गया। सी ए जी के लिए 58 मरीजों को मशवरा दिया गया है। मुख्य चिकित्सक डॉ देव दत्ता कर, विक्रम दत्त, अभिजीत नंदी, मो सादिक अली, मो मासूम, गुलाम अहमद, गुरिया सिस्टर, अशरफ अंसारी, आफताब अंसारी, मो कमरुद्दीन, अफ़ज़ल अंसारी, मौलाना अब्बास, हाफ़िज़ अब्दुल लतीफ, मो शहाबुद्दीन आदि के सहयोग से कैंप सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।


**उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ (खनन शाखा)**

**रामगढ़ जिलान्तर्गत टोकीसूद–I बालूघाट के MDO चयन हेतु अति–अल्पकालीन वित्तीय–निविदा आमंत्रण सूचना**

| क्र0 | बालू घाट का नाम | प्रखण्ड | खाता संख्या | प्लॉट नम्बर | रकवा (हेक्टयर में) | Tentative Yearly Production (tonne) | e-Tender reference no. | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई–निविदा खुलने की तिथि | नियम एवं शर्त्तें | निविदा आमंत्रण करने वाले पदाधिकारियों के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | टोकीसूद I | पतरातु | 64 | 160 | 0.93 | 12890 | SAND/MDO/ Cat A/Tokisud I/2025/II | 30.01.2025 | 10.02.2025 समय अपराहन 2 बजे तक | 11.02.2025 समय अपराहन 3 बजे | JSMDC द्वारा तैयार Model Tender documents के अनुरूप | उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़ |

नोट :– 1. JSMDC, Ranchi द्वारा Category- A के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा www.jharkhandtenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई–निविदा स्वीकार किया जायेगा।
2. विभाग एवं JSMDC, Ranchi द्वारा निर्गत नियमावली, शर्त्तों एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्त्तों एवं विस्तृत जानकारियों के लिये ई–निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी
रामगढ़

PR 345334 Mines and Geology (24-25)_D

# शराब पी कर सड़क पर दौड़ाई पिकअप वैन, हादसे में दो की मौत, दो घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में मंगलवार की शाम एक बड़ी दुर्घटना हो जिसमे दो लोगो की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। बताया जा रहा है कि लोहरदगा शहरी क्षेत्र में शराब पीकर तेज रफ्तार से पिकअप वैन दौड़ायी जिसकी चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। जबकि महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घटना के बाद आरोपी युवक पिकअप वैन लेकर शंख नदी की तरफ भागा जहां वैन में आग लग गई स्थानीय लोगों ने पीछा कर आरोपी युवकों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया है। इस घटना में मृतकों की पहचान लोहरदगा के नबी बंगला निवासी जमील कुरैशी पिता-हाजी गुलाम और रामगढ़ के पतरातू स्थित तालाटांड़ निवासी उल्फत अंसारी पिता-जफर अंसारी के रूप में हुई है।पुलिस ने मृतकों के शव कानूनी परिक्रिया करते हुए उनके परिजन को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार शाम 4:30 बजे सबसे पहला हादसा एसपी कोठी के पास हुआ यहां अनियंत्रित पिकअप वैन (जेएच 07 सी 3504) ने स्कूटी सवार महिला को अपनी चपेट में ले लिया हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। इसके बाद चालक पिकअप वैन लेकर तेजी से भागने लगा इसी क्रम में समाहरणालय मोड़ के पास पिकअप वैन ने एक मोटरसाइकिल सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।इस घटना में उस व्यक्ति की बाइक पिकअप वैन के अगले हिस्से में फंस गयी इसी बीच, पिकअप वैन चालक तेज रफ्तार से कचहरी मोड़ होते हुए पतरा टोली से शंख नदी की ओर भागने लगा और उसकी गाड़ी में आग लग गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पिकअप चालक को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया इस घटना में तीन आरोपियों की पहचान गुमला निवासी के रूप में हुई है जिसमे गुमला जिले के घाघरा स्थित लोधमा निवासी सीतेश गोप पिता-अखिलेश्वर गोप, संजीव मुंडा पिता-चंद्र मुंडा और बाल मोहन मुंडा पिता-किनेश्वर मुंडा के रूप में हुई है। इस घटना के बाद पुलिस मामले की छानबीन करते हुए आगे की करवाई में जुट गई।

## 50 हजार सद्स्य बनाये जाने लक्ष्य को लेकर चलाया गया सदस्यता अभियान, जनसेवा कार्य करें कार्यकर्ता : राधा तिर्की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** जेएमएम केंद्रीय कमिटी के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान 2025 के तहत 29 जनवरी बुधवार को कैरो प्रखण्ड के उतका गांव में जिला संयोजक मण्डल के सदस्य सह प्रखण्ड प्रभारी सेन्हा जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, बालमुकुंद लोहरा, केंद्रीय समिति सदस्य सह भंडरा व लोहरदगा प्रखण्ड प्रभारी समीद अंसारी,पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष मो सजाद की उपस्थिति में सदस्यता अभियान चलाया गया। मौके पर राधा तिर्की ने जेएमएम के नीति सिद्धान्तों के बारे में बतलाते हुए सदस्यता अभियान को बड़े पैमाने पर चलाकर सफल बनाने पार्टी संगठन को मजबूत बनाने की बात कही गई। उन्होंने ने कहा कि जिले में पचास हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है जिसे हम सबो को मिलजुल पूरा करना है।पार्टी संगठन में जुझारू और कर्मठ लोगो को जगह देना है ताकि जेएमएम पार्टी ज्यादा से ज्यादा मजबूत हो सके और जनसेवा का कार्य कर सकें। इस अवसर पर अख्तर अंसारी, अमूर अंसारी, मो सजाद अंसारी,ईडन मिंज,बलदेव उरांव, रमीज अंसारी, एहसान अंसारी, तौहीद अंसारी, सेराज अंसारी, जयकेश्वर लोहरा आदि उपस्थित थे।

## अविराम सचिव इंद्रजीत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर खेलकूद महोत्सव का किया भव्य शुभारंभ



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिकोकुरू,लोहरदगा में दो दिन तक चलने वाले वार्षिक खेलकूद महोत्सव और इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ सचिव इंद्रजीत भारती के द्वारा किया गया।खेल कूद प्रभारी पंकज कुमार भारती के नेतृत्व में मार्च पास्ट समूह द्वारा मुख्य अतिथि इंद्रजीत भारती का स्वागत किया गया और दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।पंकज भारती ने स्वागत उद्बोधन द्वारा मुख्य अतिथि समेत सभी का स्वागत किया, अंकिता, कुंदन आदि के समूहों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि द्वारा खेल के झंडे को फहरा कर मशाल जला कर खेल कूद का आगाज किया गया। इंद्रजीत भारती ने कहा कि खेल शारीरिक दृढ़ता के साथ साथ मानसिक संतुलन को एकाग्रता, सौहार्द्र, हार और विफलता झेलने की सामर्थ्य उत्पन्न करता है, खेल के मैदान में केवल टीम भाव होता है अन्य कोई भी संकीर्णता नही होती। अभी तक हुए खेलों में सौ मीटर रेस,नींबू रेस, लॉन्ग जंप, हाई जंप, शॉर्ट पुट, डिस्कस थ्रो, जेवलिन थ्रो, बिस्कुट रेस आदि की प्रतियोगिताएं हुई है, रस्साकसी,आदि की अंतिम प्रतियोगिताएं समाचार लिखने तक चल रही हैं अभी विजेताओं की घोषणा शेष है। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जाएगा। मंच संचालन उबैद द्वारा किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मण, बिरेंद्र और प्राचार्य डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी समेत जंगबहादुर, रेणुका,कुंदन, आफताब, पवन, शशि, शिव, नीरज, चिनीबास, प्यारी टोप्पो, तबस्सुम, सरिता, मालती, नमिता, कलावती, आदि उपस्थित रही।

# सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्मन के नेतृत्व में बाइक रैली का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय परिसर से सड़क सुरक्षा समिति माह 2025 के तहत सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा के लिए बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने हेलमेट पहन कर तथा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा लिखा टी-शर्ट पहनकर रैली में हिस्सा लिए। यह रैली ब्लॉक परिसर से प्रारंभ हुई जो रेलवे साइडिंग, सुभाष चौक, अमला टोली, थाना चौक, शास्त्री चौक, गुदरी बाजार, अप्पर बाजार, महावीर चौक, बरवा टोली चौक, वीर शिवाजी चौक, हिंडालको रोड, मैंना बगीचा, समाहरणालय मैदान, कचहरी चौक होते पुनः ब्लॉक परिसर स्थित जिला परिवहन कार्यालय में समाप्त हो गई। उपस्थित लोगों से डीआरएसएम अमृतेश्वर गिरी ने कहा कि जन जागरण हेतु समिति प्रभात रैली, नुक्कड़ नाटक, हेल्थ कैंप, पतंग प्रतियोगिता, रन फोर रोड सेफ्टी, पंपलेट वितरण, ध्वनि विस्तारक यंत्र से गांव-गांव शहर शहर सड़क सुरक्षा के नियम कानून आम जनों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है जो आगे भी जारी रहेगा तथा सामूहिक सहयोग से ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है फिर भी ड्रंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट पहनना, रफ ड्राइविंग आदि कारणो से दुर्घटनाएं हो रही है जो बेहद अफसोस जनक है इसकी रोकथाम हेतु सब की सहभागिता चाहिए। वही समिति सदस्य व समाजसेवी संजय बर्म्मन ने कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सिर्फ जिला प्रशासन जिम्मेवार नहीं है बल्कि समाज को भी रफ ड्राइविंग करते चालक, ड्रंक एंड ड्राइव, ट्रिपल राइड, नाबालिक चालकों आदि को रोकने व टोकने तथा उनके अभिभावकों से शिकायत करने की आवश्यकता है।

# श्री रानी सती दादी मंदिर परिसर गुदरी बाजार में मौनी अमावस्या पर मंगल पाठ का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** निर्माणाधीन श्री रानी सती दादी मंदिर परिसर गुदरी बाजार में मौनी अमावस्या पर श्री राणी सती दादी जी के तस्वीर का अलौकिक श्रृंगार की गई एवं विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाया गया। दोपहर 2:00 बजे से चार घंटे तक समाज की 15 महिलाओं के द्वारा अपने राजस्थानी वेशभूषा लिबास पर मंगला पाठ करते हुए दादी जी अनेकों मनमोहन भजनों का गायन किये। जिससे की सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा,समाज की महिलाएं एक दूसरे को रोली एवं मेहंदी भी लगाएं,इसके उपरांत आरती करते हुए प्रसाद वितरण किया गया और समापन की गई। लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि मौनी अमावस्या पर गरीब एवं ब्राह्मणों को दान किए जाने से एवं ईश्वर का भजन कीर्तन करने से दुख दूर होते ही है और यश की प्राप्ति भी होती है। आज मंगला पाठ में शकुंतला राजगढ़िया, ममता बंका, अनीता पोद्दार, अंजली सर्राफ, सद्भावना राजगढिया, आकांक्षा सर्राफ, राजेश्वरी मोदी, रेनू सराफ, रितु शर्मा, निधि पोद्दार, अनीता पोद्दार आदि उपस्थित थी।

## अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का हुआ समापन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरू, लोहरदगा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की पदाधिकारी कुंदन गिद्ध द्वारा पंडरा गांव में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 20 जनवरी से 27 जनवरी तक किया गया। विशेष शिविर में स्वच्छता, जागरूकता, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य,माहवारी आदि विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया और प्रशिक्षुओं के द्वारा सर्वे, राष्ट्रीय मतदाता दिवस तथा शिक्षा से संबंधित जागरूकता अभियानों में दीवाला लेखन, दीवाल चित्रण, नुक्कड़ नाटक, स्लेट, चॉक, पेंसिल, कॉपी, पोस्टर, कंबल और वस्त्र का वितरण किया महावीर उरांव, धनु उरांव, बंधाईन, धनमनिया, गंदूर, सालो बीबी, अलीमन, रूपेण, साहिल आदि को दिया गया तथा उपमुखिया मुमताज पवरिया को प्राचार्य प्रतिमा त्रिपाठी और कुंदन गिद्ध द्वारा दरी प्रदान की गई पंचायत भवन हेतु। समापन दिवस पर रांची विश्विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. बृजेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में और स्वयं सेवक दिवाकर, अंकित, अमित, कनिष्क, लाल गुड्डू नाथ सहदेव, जिला परिषद गंगोत्री देवी, मुखिया अमरनाथ महली, उपमुखिया मुमताज पवरिया, विद्यालय प्रभारी शशि भूषण, आदि पधारे तथा भारी संख्या में ग्रामीण जिनमे सभी आयु वर्ग की महिलाएं, पुरुष, बच्चे आदि सम्मिलित रहे जिनका स्वागत कुंदन गिद्ध ने अपने स्वागत उद्बोधन द्वारा किया। डॉ बृजेश कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि अविराम की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई पंडरा गांव में अच्छा कार्य कर रही है वह दिख रहा है मतदान का प्रतिशत भी इस गांव में बहुत अच्छा रहा है, स्वच्छता, पर्यावरण, मासिक धर्म पर जागरूकता आदि विषयों का चयन किया गया वे बहुत प्रासंगिक हैं और इस गांव के सभी पदाधिकारियों और ग्रामीणों का सहयोग बहुत अच्छा मिलता रहा है यहां आकर बहुत अच्छा लगता है ऐसे ही हमे समाज के लिए अपने पर्यावरण के लिए कार्य करते रहना है, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा समाज सेवा की अभिवृत्ति का विकास होता है। शिविर में उत्कृष्ठ कार्य के लिए बिपिन, नेवी, अनुराग, अंकिता, विद्या स्वयं सेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम समापन कुंदन गिद्ध द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के द्वारा किया गया। उद्बोधन का नेवी तमा द्वारा किया गया।

## डा0 अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय समेत प्रखंड के अनेक संस्थानों में माँ शारदे की पुजा 03 फरवरी एवं विसर्जन 04 को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो डा0 अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय समेत प्रखंड के अनेक संस्थानो में विद्या की दात्री माँ शारदे की पुजा अर्चना 03 फरवरी एवं विसर्जन 04 फरवरी को होगी। इस निमित डा0 अनुग्रह नारायण+2 उच्च विद्यालय में पठन-पाठन कार्य के बाद शिक्षक परिवार एवं बाल संसद सदस्यो की आवश्यक बैठक की गई। बैठक में माँ शारदे की प्रतिमा, साज सज्जा, पुजा अर्चना,प्रसाद वितरण, से माँ की प्रतिमा का विसर्जन तक के कार्यो का अलग-अलग बाल संसद के सदस्यो के बीच कार्य का विभाजन किया गया। इस संबंध में +2 उच्च विद्यालय के पुरोहित कौशल कान्त त्रिपाठी ने कहा कि वैसे तो पंचमी 02 फरवरी को अपराह्न से चढ़ रहा है, इसलिये उदयातिथि को मानकर वसंत पंचमी माँ शारदे की पुजा अर्चना 03 फरवरी सोमवार को ही शुभ होगी। प्रखंड के +2 उच्च विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय उतका इत्यादि अनेक सरकारी शैक्षणिक व गैर सरकारी संस्थानो में माँ की पुजा 03 फरवरी को ही होगी, वही माँ की प्रतिमा का विसर्जन 04 फरवरी मंगलवार को ही होगी।

## जेएमएम के नीति सिद्धांत से लोग संगठन का सदस्यता ग्रहण कर रहें हैं : राधा तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** जिला के पेशरार प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जिला संयोजक सह जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की एवं जेएमएम के सक्रिय सदस्य सह प्रभारी बालमुकुंद लोहरा के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। मौके पर राधा तिर्की ने जनता से रूबरू होते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सह मुख्यमंत्री का विकास योजना से प्रभावित होकर पहाड़ी क्षेत्र के जनता जेएमएम का सदस्य बन रहे हैं। जनता ने कहा कि 5 साल में पहाड़ में पथ और पूल पुलिया का निर्माण तो हुआ है। फिर भी हेनहे, सनई, पुंदाग, दुंदरु नदी में पुल नहीं बना है। जिससे बरसात में पहाड़ी क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। उन्होंने जनता को आश्वासन देते हुए कहा कि मंत्री चमरा लिंडा से बात कर जिस नदी में पुल नही बना है वहाँ पुल बनवाने का प्रयास करेंगे। वही जनता ने जिला परिषद सदस्य को जानकारी देते हुए बताया कि पेशरार प्रखंड व अंचल में अधिकारी नहीं पंहुचते हैं। जिसे जनता को प्रखंड व अंचल कार्यालय में काम कराने में काफी दिकत होती है। इस पर जिप सदस्य सेन्हा राधा तिर्की ने कहा कि जिला परिषद की बैठक में मामले को उठायेंगे। साथ ही लोगों की अन्य

## वाहन जांच अभियान के दौरान 44,500 रूपए राजस्व की हुई प्राप्ति




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त, लोहरदगा के निदेश पर मंगलवार की देर शाम परिवहन की ओर से शराब पीकर वाहन चलानेवालों के विरूद्ध कचहरी मोड़ लोहरदगा में जांच अभियान चलाया गया। इसमें आने-जानेवाले वाहन चालकों की जांच की गई और दण्डस्वरूप 29 वाहनों का चालान किया गया जिससे 44,500 रूपए राजस्व की प्राप्ति हुई। इस अभियान में अंचल अधिकारी लोहरदगा आशुतोष कुमार, मोटरवाहन निरीक्षक गौतम कुमार समेत अन्य शामिल हुए।

## गाय चोरी पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध किया प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अज्ञात चोर के विरुद्ध सेन्हा थाना में गाय चोरी के शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा गाय की चोरी की घटना को अंजाम देने की बातें सामने आई है। जिसको लेकर स्थानीय पुलिस क्षेत्र में लगातार कारवाई आरम्भ कर दिया है। ऐसा ही दो मामला उगरा पंचायत के मेढो ग्राम तथा अरु पंचायत के जोगना ग्राम से सामने आया है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि मेढो बड़का टोली ग्राम निवासी स्वर्गीय विशेश्वर प्रसाद सिंह के 52 वर्षीय पुत्र रविन्द्र प्रसाद सिंह ने सेन्हा थाना को लिखित आवेदन देते हुए बताया कि 22 जनवरी 2025 को अहले सुबह करीब 3 बजे कुते के भौंकने का आवाज को सुन घर से बाहर निकला और गोहाल घर के तरफ जा कर देखा तो दो गया गोहाल घर में नही थी।

# अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना की लंबित आवेदनों को स्वीकृत कर लाभुकों को योजना का लाभ दे : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला विकास समन्वय समिति एवं आंतरिक संसाधन की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिये गये। मनरेगा अंतर्गत 2024-25 में प्रखण्डवार मानव दिवस सृजन की समीक्षा की गई। कम मानव दिवस सृजन वाले प्रखण्ड के पदाधिकारियों को उपलब्धि बढ़ाने के निर्देश दिये गये। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना अंतर्गत सभी प्रखण्डों को अपनी उपलब्धि सौ फीसदी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मनरेगा के विभिन्न योजनाओं, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन अंतर्गत तैयार किये गये पशु शेड,दीदी बाड़ी योजना,एरिया अफसर एप में एंट्री की समीक्षा की गई। अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में लंबित आवेदनों को स्वीकृत कर योजना का लाभ दिये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियो को आवेदकों के वेटिंग लिस्ट आवास योजना के लिए लंबित आवेदनों की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। पीवीटीजी के संचालित पीएम जनमन योजना में लंबित लक्ष्य को जल्द आच्छादित किये जाने का निर्देश दिया गया। जिन आवेदकों का आधार अपडेट नहीं है उनके आधार अपडेशन के लिए परियोजना पदाधिकारी, यूआइडी को संबंधित पंचायतों में कैंप लगाकर आधार अपडेशन का कार्य निष्पादित करने का निदेश दिया गया। नीति आयोग के अवार्ड मनी से संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। इसमें मिलेट/पल्स प्रोडक्शन यूनिट, दूध एवं दुग्ध उत्पाद प्रोडक्शन यूनिट, बीएस कॉलेज में लाईब्रेरी अधिष्ठान, सदर प्रखण्ड में दीदी कैफे का निर्माण आदि योजनाएं शामिल हैं। गव्य विकास पदाधिकारी को कुडू में डेयरी एवं डेयरी प्रोडक्शन यूनिट के लिए बनाये गये उत्पादक समूह को दुधारू गाय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। समाज कल्याण विभाग को आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल की सुविधा और शौचालयों में पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल के साथ आवश्यक समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को पूर्ण प्रतिरक्षण हेतु सभी टीके ससमय लगावाने का निर्देश दिया गया। भवन प्रमण्डल, लोहरदगा को नया समाहरणालय परिसर में तोड़े जा रहे पुराने भवनों का कार्य तीन दिनों में पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। समाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक को निदेश दिया गया कि वैसे लाभुकों को चिन्हित करें जो गलत तरीके से मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का लाभ उठा रहे हैं। इसी प्रकार बैठक में विद्युत प्रमण्डल लोहरदगा को जिला के छूटे हुए 123 टोलों में विद्युतीकरण के कार्य को जल्द पूर्ण करने और अपर समाहर्ता लोहरदग को इसकी समीक्षा करने का निर्देश दिया गया।

# पीएम श्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पीएम श्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा लोहरदगा में विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन प्रधानाध्यापक अरुण राम विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अंजूषा उरांव, प्रशिक्षक श्याम कुमार सिंह, सुष्मिता धान एवं निधि गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गान एवं शिक्षा गीत गाकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। प्रधानाध्यापक अरुण राम ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति का विद्यालय के विकास में अहम भूमिका है, विद्यालय प्रबंधन समिति के सकारात्मक सहयोग से ही विद्यालय विकास की ओर अग्रसर हो सकता है। हमारे विद्यालय का सौभाग्य है कि विद्यालय परिवार को प्रबंधन समिति के सदस्यों का सक्रिय और सकारात्मक सहयोग हमेशा मिलता रहा है। सभी का प्रयास से अपना विद्यालय पीएम श्री विद्यालय बन पाया है इस विद्यालय का भविष्य उज्जवल है, विद्यालय को सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार से राशि प्रदान की जाएगी। पठान-पाठन के लिए शिक्षकों की कमी नहीं रहेगी,परिणाम स्वरुप विद्यालय के छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। प्रशिक्षण के दौरान सभी सदस्यों को नोटपैड एवं कलम प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में सर्वप्रथम परिचय सत्र हुआ उसके पश्चात प्रशिक्षक श्याम कुमार सिंह सुष्मिता धान एवं निधि गुप्ता के द्वारा सभी को वीडियो तथा प्रशिक्षण सामग्रियों के उपयोग से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य एजेंडा मेरा विद्यालय मेरा गौरव, शिक्षा का अधिकार एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, विद्यालय प्रबंधन समिति आवश्यकता एवं संरचना तथा कार्य दायित्व, नामांकन, ठहराव, प्रोजेक्ट इंपैक्ट, प्रोजेक्ट रेल, परीक्षा पे चर्चा, एफएलएन, विद्यालय को मिलने वाली सुविधाएं, प्रशिक्षणार्थियों के लिए भोजन इत्यादि की व्यवस्था की गई थी। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के द्वारा विद्यालय परिसर को हरा-भरा एवं आकर्षक बनाने के लिए वृक्षारोपण किया गया। शिक्षिका रतना मिंज के द्वारा प्रशिक्षण सुचारु रूप से चलाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने में मदद की गई। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य रूप से प्रधानाध्यापक अरुण राम,अध्यक्ष अंजूषा उरांव,वरीय शिक्षक राहुल कुमार, उपाध्यक्ष सुमति देवी, सदस्य शिक्षिका रतना मिंज, बाल संसद के प्रधानमंत्री राजू महतो, एसएमसी सदस्य अनुराधा गिरी, बबीता देवी, गीत देवी, रजनी देवी, असरीता देवी, संजय उरांव, शशि सोनी, सुरेंद्र उरांव, प्रभावती देवी, गीता देवी, प्रशिक्षक श्याम कुमार सिंह सुष्मिता धा, निधि गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### असम के निवर्तमान डीजीपी जीपी सिंह ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद



**गुवाहाटी :** असम के निवर्तमान पुलिस महानिदेशक एवं सीआरपीएफ के नवनियुक्त महानिदेशक जीपी सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा का आभार जताया।बुधवार को सोशल मीडिया पर जीपी सिंह ने लिखा कि मुख्यमंत्री ने उनकी विदाई के अवसर पर असम पुलिस महानिदेशक के सरकारी आवास असम पुलिस हाउस में आकर उनके परिवार को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने उन्हें राष्ट्रहित में सतत कार्य करने की प्रेरणा और मार्गदर्शन दिया।जीपी सिंह ने कहा कि वे और उनका परिवार मुख्यमंत्री के हृदय से आभारी हैं।इस अवसर पर असम छोड़ने के मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए जीपी सिंह की पत्नी और उनकी बेटी भावुक हो गईं।जीपी सिंह की पत्नी डॉ. अनामिका सिंह ने कहा,सबसे पहले हम मां कामाख्या के आभारी हैं। हम यहां मां कामाख्या के पास रहे। हम असम के लोगों और असम पुलिस को उनके प्यार के लिए धन्यवाद् देते हैं।जीपी सिंह की बेटी ऐश्वर्या सिंह ने कहा,आज हमारे लिए एक भावनात्मक दिन है। हर समय, अच्छे और बुरे में असम ने हमें बहुत कुछ दिया है। असम के लोग बहुत दयालु और प्यार करने वाले हैं।

### स्कूलों में आयोजित हो काउंसलिंग सत्र : विनय

**धर्मशाला :** धर्मशाला में किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रमों स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम, नई दिशा केंद्र, मासिक धर्म स्वच्छता कार्यक्रम और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रगति की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि किशोर किशोरियों के लिए काउंसलिंग सत्र स्कूल शिक्षकों के साथ चर्चा के बाद और स्कूल में प्रचलित मुद्दों के संबंध में आयोजित की जानी चाहिए।अतिरिक्त उपायुक्त ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत रोगियों को सभी सरकारी अस्पतालों व मेडिकल कालेज टांडा में प्राथिकत्ता के आधार पर उपचार मुहैया कराने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी व एचओडी पीडिएट्रिक्स टांडा को निर्देश दिए। उन्होंने किशोरों से नई दिशा केंद्र में आने का भी अनुरोध किया ताकि उनकी चिंताओं का समाधान किया जा सके।

### जनजातीय चित्रकार शिविर का कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने किया भव्य उद्घाटन, कहा

# विरासत को रंगों में संजोकर नई पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि सरकार, झारखंड की जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। झारखंड की जनजातीय कला और संस्कृति को संजोने और जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के गौरवशाली इतिहास को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित करने के उद्देश्य से ही राज्य-स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर का आयोजन किया जा रहा है । वह बुधवार को डॉ. राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान परिसर, मोराबादी, रांची में राज्य-स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर का उद्घाटन कर रहे थे । यह ऐतिहासिक आयोजन जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि झारखंड के जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों का संघर्ष हमारी अस्मिता और प्रेरणा का प्रतीक है। उनकी शौर्यगाथा को कला के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना बेहद आवश्यक है। इस चित्रकार शिविर के माध्यम से हमें उन वीर सेनानियों की वीरता को पुनः जीवंत करने का अवसर मिला है। साथ ही झारखंड का जनजातीय समाज हमेशा से अपनी कला, संस्कृति और संघर्षशीलता के लिए जाना जाता है। यहां के कलाकारों की प्रतिभा अद्भुत है, और यह शिविर उन कलाकारों को एक मंच प्रदान करेगा जिससे, वे अपनी कला के माध्यम से इतिहास को संजो सकें।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थितिः** मौके पर मुख्य रूप से टीसीडीसी प्रबंध निदेशक नियोलसन बागे, कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा व अन्य मौजूद थे।

#### शिविर का उद्देश्य और महत्व

इस वर्ष धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का ऐतिहासिक उत्सव मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में झारखंड के वीर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रांकन हेतु यह चार दिवसीय जनजातीय चित्रकार शिविर (29 जनवरी से 1 फरवरी 2025) आयोजित किया गया है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य झारखंड की वीरभूमि से जुड़े जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों जैसे बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव, तिलका मांझी, वीर बुधु भगत, नीलांबर-पीतांबर सहित अन्य अमर योद्धाओं के संघर्ष और योगदान को चित्रों के माध्यम से जीवंत करना है।

#### जनजातीय कलाकारों की भागीदारी

इस शिविर में झारखंड के कोने-कोने से आए वरिष्ठ एवं युवा जनजातीय चित्रकार हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिभागी कलाकार अपने चित्रों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों की गाथाओं को जीवंत रूप देंगे। चित्रकला की विभिन्न शैलियों, जैसे सोहराई, कोहबर, पिठौरा, गोंड, वारली और अन्य जनजातीय कला रूपों का प्रयोग किया जाएगा, जिससे झारखंड की समृद्ध कला परंपरा को भी बल मिलेगा।



**संस्थान परिसर में प्रदर्शनी का आयोजन**

शिविर के अंत में सभी चित्रों को एक विशेष प्रदर्शनी के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें झारखंड के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। इन चित्रों को झारखंड के विभिन्न सरकारी कार्यालयों, संग्रहालयों और सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है, जिससे आने वाली पीढ़ियां अपने इतिहास से अवगत हो सकें।

**सरकार की जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहन देने की पहल**

श्री चमरा लिंडा ने यह भी घोषणा की, कि झारखंड सरकार राज्य के जनजातीय कलाकारों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के जनजातीय कलाकारों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सरकार कई योजनाओं पर कार्य कर रही है।

**जनजातीय समाज में उत्साहः** इस आयोजन को लेकर जनजातीय समाज में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई समुदायों के प्रतिनिधि, कलाकार, शोधार्थी और विद्यार्थी भी इस शिविर में शामिल हुए। सभी ने इस प्रयास की सराहना की और कहा कि झारखंड की गौरवशाली परंपरा को नई पहचान देने में यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा।

**समापन समारोह में होगा विशेष सम्मानः** यह चार दिवसीय शिविर 1 फरवरी 2025 को संपन्न होगा। समापन समारोह में सर्वश्रेष्ठ चित्रकारों को विशेष सम्मान और पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही, झारखंड सरकार द्वारा इन चित्रों को आधिकारिक रूप से संरक्षित करने की योजना भी बनाई गई है।

### किसान मित्र समूह के प्रशिक्षण का आयोजन

**एजेंसी**

**नवादा :** कौआकोल कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सोखोदेवरा आश्रम,नवादा में बुधवार को इफको द्वारा नैनो यूरिया प्लस और नैनो डीएपी आधारित इसको किसान मित्र समूह का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ0 रमेश कुमार द्वारा किसानों को नैनो यूरिया व नैनो डीएपी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें किसानों को नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया की उपयोगिता के बारे में बताया गया तथा फसलों में इसका कब और कैसे प्रयोग करते हैं तथा कितनी मात्रा में प्रयोग करते हैं। इसकी विस्तृत जानकारी दी गई व 100 किसानों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी तथा सागरिका का किट वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री श्री अरविंद कुमार सिंह, इफको के मुख्य प्रबंधक कृषि सेवाये इफको बिहार से डॉ रमेश कुमार तथा क्षेत्रीय प्रबंधक प्रिंस भास्कर तथा कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ रोशन कुमार,अंगद कुमार,रविकांत चौबे,विकास कुमार,पिंटु पासवान समेत नवादा जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए हुए किसान उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
तेतरी देवी
मुखिया, फुलसु पंचायत, बारियातु (लातेहार)
प्रभात मंत्र

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
नूतन मरियम कच्छप
वार्डन, कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय, कुंदा, जिला: चतरा
प्रभात मंत्र

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
अलीहसन अंसारी
जिला अध्यक्ष, राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, लातेहार
प्रभात मंत्र

कुन्दा प्रखंड के समस्त सहायक अध्यापक(पारा शिक्षक)की ओर से 76 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व बहुत बहुत बधाई
निवेदक
रंधीर कु0 सिंह
अध्यक्ष, सहायक अध्यापक संघ, प्रखंड ईकाई कुन्दा, चतरा
प्रभात मंत्र

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
श्यामलाल सिंह
समाजसेवी, उकामाड़, बरवाडीह (लातेहार)
प्रभात मंत्र

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
अजीत राम
वन क्षेत्र पदाधिकारी, कुंदा प्रक्षेत्र, चतरा उतरी वन प्रमंडल, चतरा
प्रभात मंत्र

### अविनाश देव ने दशरथ मांझी के जयंती पर उनके प्रतिमा का किया अनावरण

# दशरथ मांझी के संघर्ष से प्रेरणा लेने की जरूरत : अविनाश देव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सामाजिक न्याय परिषद पलामू द्वारा पर्वत पुरुष दशरथ मांझी के 95 वें जयंती पर स्थानीय बजराहा में प्रतिमा का अनावरण किया गया।संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने बतौर मुख्य अनावरणकर्ता शामिल हुआ। प्रतिमा व शिलापट्ट से पर्दा हटा कर पर्वतपुरुष बाबा दशरथ मांझी के प्रतिमा का लोकार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। तत्पश्चात कार्यक्रम का अध्यक्षता कर रहे मान्यवर श्यानारायण भुइयां ने पगड़ीपोशी फूलमाला देकर श्री देव को स्वागत किया। संबोधन में इन्होंने कहा कि दशरथ मांझी ताजमहल को पीछे छोड़ते मोहब्बत का नया कीर्तिमान स्थापित किए और प्यार का नया पैगाम दिए। ताजमहल को सात अजूबों में शामिल किया गया किंतु गहलोर का वो पहाड़ अजूबों में नहीं संघर्ष के फौलादी सपूत के जननी के रूप में जाना जाएगा। आज पहाड़ नहीं तोड़ना है प्यार के गलत परिभाषा को तोड़ नया परिभाषा गढ़ना है। जाति धर्म अंधविश्वास के पहाड़ को तोड़ अशिक्षा के खाई को पाटना है। दशरथ मांझी के बाईस साल के संघर्ष से प्रेरणा लेते हुए आज के संदर्भ में ऊंच-नीच के गहराता भेद को खत्म करना है। दूरी और सड़क के बगैर उनकी पत्नी फगुनिया के जान निकल गया किंतु उसी वक्त दशरथ मांझी ने संकल्प को दोहराया और निर्णय लिया कि आज के बाद कोई दूसरा फगुनिया बलि नहीं चढ़ेगी,जबतक तोड़ेंगे नहीं तबतक छोड़ेंगे नहीं। बाईस साल के कड़ी पसीना से उस पहाड़ के ऊंचा होने के अहंकार को मिटा दिया। आज समाज के सभी वर्ग उस मोहब्बत के कोमल कंक्रीट से निर्मित सड़क पर सरपट पार कर रहे हैं। उनके जयंती पर मै आप सबों से कहना चाहता हूं उनके समाज के निहायत गरीब पांच बेटियों को गोद लीजिए और पढ़ाइए। अगर दस कदम आप सब चलेंगे तो मैं आपके साथ नब्बे कदम चलूंगा। यही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर रविन्द्र भुइयां,राजू भुइयां,विश्वनाथ भुइयां,मनोज भुइयां,पारसनाथ भुइयां, भिक्खु भुइयां,श्यामनारायण भुइयां,रिंकू मेहता,चंदन भुइयां,प्रभु भुइयां,टिंकू राम, प्रदीप भुइयां की गरिमामई उपस्थिति रही। जोहार।

### चयनित अभ्यर्थियों को सीएम सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**एजेंसी**

**पटना :** बिहार सरकार के विभिन्न विभागों में कनीय अभियंता के पद पर नियुक्ति के लिए चयनित कुल 6,341 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चार फरवरी मंगलवार को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।बिहार सरकार के विभागों द्वारा प्राप्त जानकारी के मुताबिक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह 4 फरवरी 2025 को सुबह 8 बजे से बापू सभागार, पटना में आयोजित किया जाएगा।राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कनीय अभियंता के 6,341 पदों पर नियुक्ति के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या. 01/2019 के अंतर्गत किया गया है। इनमें से जल संसाधन विभाग को आवंटित 2,338 अभ्यर्थियों की काउंसेलिंग एवं सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया विभाग द्वारा 14 से 19 जनवरी 2025 तक सफलतापूर्वक संपन्न हुई तथा अनुपस्थित अभ्यर्थियों की भी काउंसेलिंग एवं सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया विभाग द्वारा 24 जनवरी को सफलतापूर्वक संपन्न कर ली गई है।

